# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 22 नवम्बर , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 315, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 400 अंकों की गिरावट

घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी तेजी पर विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक, बीएसई सेंसेक्स 400 अंक लुढ़क गया। } 14

## बिहार ने घुसपैठियों के खिलाफ दिया जनादेश : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग की जीत देश में घुसपैठियों के खिलाफ जनादेश है। } 16



## मेक्सिको की बॉश ने जीता मिस यूनिवर्स का खिताब

एजेंसी



बैंकॉक। मेक्सिको की 25 वर्षीय फातिमा बॉश फर्नांडीज ने शुक्रवार को मिस यूनिवर्स 2025 का ताज अपने नाम किया। यह जीत उनके लिए नाटकीय रही, जो बैंकॉक में आयोजित इस लोकप्रिय सौंदर्य प्रतियोगिता के उतार-चढ़ाव वाले 74वें संस्करण के दौरान एक मेजबान द्वारा सार्वजनिक रूप से की गयी बदसलूकी का उनके डटकर सामना करने के कारण चर्चा में रहीं। इस प्रतियोगिता की उप विजेता थाईलैंड की 29 वर्षीय प्रवीनर सिंह रहीं जबकि तीसरा स्थान वेनेजुएला की 25 वर्षीय स्टेफनी एड्रिआना अबासाली नासिर ने हासिल किया।

इस वर्ष की प्रतियोगिता का माहौल एक विवाद के कारण बिगड़ गया था, जिसकी शुरुआत मेक्सिको की प्रतिभागी बॉश को फटकारने से हुई। इस घटना ने बहिष्कार, नारीवादी एकजुटता और स्थानीय आयोजक की भावुक माफी जैसे नाटकीय मोड़ लिए। चार नवंबर को प्रतियोगिता के एक सत्र के दौरान थाईलैंड के राष्ट्रीय निदेशक नवात इट्सारागिसिल ने बॉश पर स्थानीय प्रचार गतिविधियों में भागीदारी के दिशा-निर्देशों का पालन न करने का आरोप लगाया और

## दुबई एयरशो में भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान तेजस दुर्घटनाग्रस्त

❍ पायलट की मौत ❍ दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का गठन

एजेंसी

नयी दिल्ली/दुबई। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) का लड़ाकू विमान तेजस शुक्रवार को दुबई एयरशो के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इस हादसे में पायलट की मौत हो गई। आईएएफ ने यह जानकारी दी।

विभिन्न टीवी चैनलों पर दिखाए गए दुर्घटना के दृश्यों में विमान को ऊंचाई से गिरते और फिर आग के गोले में तब्दील होते देखा जा सकता है। वायुसेना ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का गठन किया जा रहा है। मार्च 2024 में, वायुसेना का एक तेजस हल्का लड़ाकू विमान (एलसीए) पोखरण रेगिस्तान में सैन्य अभ्यास भारत शक्ति से लौटते



समय जैसलमेर में एक आवासीय कॉलोनी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। यह ऐसी पहली दुर्घटना थी जो स्वदेश निर्मित एकल इंजन वाले विमान के 2001 में उड़ान भरना शुरू करने के बाद हुई थी। उस हादसे में पायलट विमान से सुरक्षित रूप से बाहर निकल गया था। शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर में, एयरशो में हवाई प्रदर्शन के दौरान उड़ान भरते समय विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायुसेना ने एक्स पर एक बयान में कहा आईएएफ को इस हादसे में हुए जानमाल के नुकसान पर बहुत दुख है और वह दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का गठन किया जा रहा है। हादसे में जान गंवाने वाले पायलट तथा कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के संबंध में और विवरण की प्रतीक्षा है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सशस्त्र बल इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं। मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ (एचक्यू आईडीएस) ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### गोरखपुर के तेल संयंत्र में लगी भीषण आग

गोरखपुर। गोरखपुर के एक तेल संयंत्र में शुक्रवार तड़के करीब चार बजे भीषण आग लग गई। पुलिस के मुताबिक, चावलकी भूसी से बनने वाले ब्रान ऑयल के संयंत्र में लगी आग 12 घंटे से अधिक समय बाद भी धधकती रही और ऊंची-ऊंची लपटें उठती रहीं। इस घटना में किसी के हताहत होने की अभी पुष्टि नहीं हुई है। आग लगभग 25 हजार लीटर तेल वाले एक टैंक में लगी, जिससे आग बुझाने का काम बहुत मुश्किल हो गया। सुबह से दमकल की 25 गाड़ियों की लगातार कोशिशों के बावजूद, देर शाम तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जिलाधिकारी, मंडलायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक समेत वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे, जबकि लखनऊ से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की एक टीम और दिल्ली से तकनीकी विशेषज्ञों की टीम को मौके पर भेजा गया। अग्निशमन अधिकारी संतोष कुमार ने बताया एहतियात के तौर पर 500 मीटर के दायरे में सभी 600 छोटी और मध्यम फैक्ट्रियों को बंद करा दिया गया है। (विस्तृत खबर भीतर)

### सोनभद्र खदान हादसा मामले में चार गिरफ्तार

सोनभद्र। सोनभद्र जिले के बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में एक खदान में पिछले दिनों हुए हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के लिए अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) को नामित किया गया है। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस बीच शुक्रवार को मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में स्थित मेसर्स कृष्णा माइनिंग वर्क्स की खदान में 15 नवंबर को हुए हादसे में सात मजदूरों की मौत हो गई थी। सोनभद्र के जिलाधिकारी बीएन सिंह ने बताया कि मेसर्स कृष्णा माइनिंग वर्क्स को कुल 8.79 एकड़ क्षेत्र में खनन हेतु 10 वर्षीय पट्टा आवंटित किया गया था।

# विश्व को न्यायपूर्ण, समावेशी व जवाबदेह प्रणाली की जरूरत

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व के प्रधान न्यायाधीशों व जजों के सम्मेलन को किया संबोधित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भारत हजारों वर्षों से पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में मानता रहा है। योगी आदित्यनाथ ने यहां सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) के तत्वावधान में आयोजित विश्व के प्रधान न्यायाधीशों एवं न्यायाधीशों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में वसुधैव कुटुंबकम का उद्घोष करते हुए कहा कि भारत हजारों वर्षों से पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में मानता रहा है।

उत्तर प्रदेश की राजधानी में अतिथियों के आगमन पर राज्य सरकार और यहां के लोगों की ओर से उनका स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए योगी ने कहा, दुनिया का कोई मत, मजहब या संप्रदाय नहीं, जिसे उसके संकट के समय में भारत ने शरण न दी हो या उसे आगे बढ़ाने और उसके संरक्षण में अपना योगदान न दिया हो। योगी ने कहा आज हम दुनिया भर से जुड़े न्यायविदों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में यहां




पर उपस्थित हुए हैं। इस अवसर पर सीएमएस लखनऊ के संस्थापक डॉक्टर जगदीश गांधी की स्मृतियों को नमन करता हूं, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

सीएम योगी ने आगे कहा कि हम अक्सर इस बात को देखते हैं कि जलवायु परिवर्तन और उससे उत्पन्न होने वाले संकट भी हमारे सामने एक नई चुनौती हैं। साइबर क्राइम, डाटा चोरी जैसी समस्या भी हमारे सामने खड़ी है। ऐसी स्थिति में न्याय, नैतिकता और अतंरराष्ट्रीय कानून, विश्व शांति और मानव सभ्यता के लिए एक बड़ी लकीर खींचने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यूएन ने 80 वर्ष पहले कहा था कि दुनिया को अधिक न्यायपूर्ण, समावेशी और जवाबदेह वैश्विक प्रणाली की आवश्यकता है। इस पर आज सोचने की जरूरत है। साइबर क्राइम, अच्छे स्वास्थ्य और वैश्विक आतंकवाद जैसे मुद्दों पर भी मुखर होकर यूएन जैसे प्लेटफार्म का उपयोग करना चाहिए। इसके लिए भारत की उस प्राचीन व्यवस्था पर जरूर ध्यान देना चाहिए, जिस पर हमने पांच अवयव पृथ्वी, जल, आकाश, अग्नि, वायु की उपासना का आधार मान करके इनकी सुरक्षा, सरंक्षण ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नये संयुक्त राष्ट्र व अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की आवश्यकता : राजनाथ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल-हमास और यूक्रेन-रूस जैसे वैश्विक संघर्षों और सूडान में जारी मानवीय संकट को हल करने में संयुक्त राष्ट्रै काफी मजबूत भूमिका निभा सकता था। उन्होंने कहा कि आज की नयी दुनिया को एक नए संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की आवश्यकता है। सिंह अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में सिटी मोंस्टोरी स्कूल की ओर से आयोजित विश्व के प्रधान न्यायाधीशों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनै को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संघर्ष जारी हैं, जिनमें इजराइल-हमास संघर्ष, यूक्रेन-रूस युद्ध और सूडान समेत अफ्रीका के कई क्षेत्रों में जारी मानवीय संकट शामिल है। सिंह ने ...शेष पृष्ठ 14 पर



## सरकार ने चार श्रम संहिताएं की अधिसूचित

### वेतन, औद्योगिक, सामाजिक, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व वर्क कल्चर में होगा सुधार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसले में सभी चार श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर दिया। इस प्रमुख सुधार के जरिये 29 मौजूदा श्रम कानूनों को तर्कसंगत बनाया गया है।

इसमें गिग यानी अल्पकालिक अनुबंध पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा कवरेज, सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य नियुक्ति पत्र और सभी क्षेत्रों में वैधानिक न्यूनतम मजदूरी तथा समय पर भुगतान जैसे प्रावधान शामिल हैं। ये चार श्रम संहिताएं-वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 तथा




व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता, 2020 हैं।

सुधारों में महिलाओं के लिए विस्तारित अधिकार और सुरक्षा शामिल हैं। इनमें रात की पाली में काम, 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच, खतरनाक प्रक्रिया इकाइयों सहित पूरे भारत में ईएसआईसी कवरेज और एकल पंजीकरण, लाइसेंस प्रणाली शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि ये संहिताएं हमारे लोगों, विशेष रूप से नारी शक्ति और युवा शक्ति के लिए सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम और समय पर मजदूरी भुगतान... शेष पृष्ठ 14 पर

## झारखंड, प. बंगाल में ईडी छापा, 10 करोड़ की नगदी बरामद

रांची/कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक कोयला माफिया के खिलाफ धन शोधन से जुड़े मामले की जांच के तहत शुक्रवार को झारखंड और पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर छापेमारी की, जिसमें 10 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी एवं सोना जब्त किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब छह बजे शुरू की गई छापेमारी के दौरान 40 से अधिक परिसरों की तलाशी ली गई, जिसमें संघीय जांच एजेंसी के लगभग 100 अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। अधिकारियों के मुताबिक, तलाशी के दौरान पश्चिम बंगाल में आठ करोड़ रुपये की नकदी और सोना जब्त किया गया, जबकि झारखंड में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सांस्कृतिक अस्मिता की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता

### आध्यात्मिक दृष्टि से विश्व का मार्गदर्शक बनने की दिशा में अग्रसर है उत्तराखण्ड : धामी

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार (उत्तराखंड)। रुड़की में जीवनदीप आश्रम के पांच दिवसीय महोत्सव को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के विकास और सांस्कृतिक अस्मिता की सुरक्षा के लिए सरकार दृढ़ निश्चय के साथ काम कर रही है। राज्य आध्यात्मिक दृष्टि से विश्व का मार्गदर्शक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने धर्मांतरण विरोधी कानून एवं सख्त दंगारोधी कानून लागू किए गए हैं। लैंड जिहाद, लव जिहाद, थूक जिहाद जैसी जिहादी मानसिकताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है। लैंड जिहाद पर 9 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि



को मुक्त कराया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकल्प रहित संकल्प की भावना ही उत्तराखंड को देश के श्रेष्ठ राज्यो की पंक्ति में प्रतिष्ठित करेगी। संत-महात्माओं के आशीर्वाद और ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 26.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 12.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


❍ जल संरक्षण के क्षेत्र में यूपी बना राष्ट्रीय मॉडल (पृष्ठ-02)
❍ 60 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री का काम पूरा : शाही (पृष्ठ-02)
❍ अफगानिस्तान ने किया निवेश का आह्वान (पृष्ठ-14)
❍ रुपया 93 पैसे टूटकर 89.61 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
❍ चीन के पॉलिएस्टर धागे की डंपिंग की होगी जांच (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## देशों के साथ सहयोग मजबूत करने और विकास को आगे बढ़ाने पर जोर : मोदी

एजेंसी

जोहानिसबर्ग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में हो रहे जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को जोहानिसबर्ग पहुंचे। मोदी गौतेंग स्थित वाटरलूफ वायुसैनिक अड्डे (एएफबी) पहुंचे, जहां उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। इस मौके पर कलाकारों ने सांस्कृतिक गीत और नृत्य पेश किया। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, जी-20 शिखर सम्मेलन से जुड़े कार्यक्रमों के लिए जोहानिसबर्ग पहुंच गया हूं।

प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर विश्व नेताओं के साथ उपयोगी चर्चा की आशा करता हूं। हमारा ध्यान सहयोग को मजबूत करने, विकास प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और सभी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने पर होगा। यह अफ्रीका में आयोजित होने वाला पहला जी20 शिखर



सम्मेलन है। 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ जी20 का सदस्य बना था। शिखर सम्मेलन से इतर मोदी के जोहानिसबर्ग में मौजूद कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी संभावना है। वह भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के त्रिपक्षीय समूह आईबीएसए के छठे शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। मोदी ने जोहानिसबर्ग रवाना होने से पहले सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में कहा, दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन में शिरकत करूंगा। यह एक खास शिखर सम्मेलन है, क्योंकि यह अफ्रीका में आयोजित हो रहा है। इसमें विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी।

शिखर सम्मेलन के दौरान कई विश्व नेताओं से मुलाकात करूंगा। उन्होंने लिखा मैं शिखर सम्मेलन में वसुधैव कुटुंबकम और एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप भारत का रुख पेश करूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस साल के जी-20 शिखर सम्मेलन का विषय एकजुटता, समानता और स्थिरता है, जिसके जरिये दक्षिण अफ्रीका ने नयी दिल्ली और रियो डी जेनेरियो (ब्राजील) ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बांग्लादेश में 5.7 तीव्रता का भूकंप, छह की मौत

एजेंसी

❍ सतह से 10 किलोमीटर नीचे था भूकंप का केन्द्र

ढाका। बांग्लादेश में शुक्रवार को आए 5.7 तीव्रता के भूकंप के कारण कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप के झटके राजधानी ढाका और कुछ अन्य हिस्सों में महसूस किए गए तथा इस दौरान कई इमारतों को नुकसान पहुंचा और कुछ जगहों पर आग लग गई, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि ढाका में तीन लोगों, जबकि नारायणगंज में एक व्यक्ति की मौत की सूचना है। वहीं, दो अन्य मौतें नरसिंगडी में हुईं, जहां भूकंप का केंद्र सतह से लगभग 10 किलोमीटर नीचे स्थित था। स्थानीय मीडिया ने भूकंप के कारण देशभर में कम से कम 50 लोगों के घायल होने की खबर दी है। बांग्लादेश के मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 10 बजकर 38 मिनट पर आया और इसका केंद्र ढाका के उत्तर-पूर्वी बाहरी इलाके में स्थित नरसिंगडी में 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। यह स्थान ढाका के अगरगांव क्षेत्र में भूकंपीय केंद्र से लगभग 13 किलोमीटर पूर्व में है। ढाका के पुलिस उपायुक्त मलिक अहसान उद्दीन सामी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आधी आबादी को नजरंदाज कर समाज स्वावलंबी नहीं हो सकता : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज आत्मनिर्भर और प्रगति तभी करता है, जब ऐसे संगठन नेतृत्व करते हैं और सरकार उन्हें पीछे से सपोर्ट करती है। सीएम ने फिक्की फ्लो के कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आधी आबादी बढ़ेगी तो समाज बढ़ेगा। आधी आबादी आत्मनिर्भर होगी तो देश-प्रदेश भी आत्मनिर्भर होगा। आधी आबादी विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित होगी तो भारत को विकसित होने से कोई रोक नहीं सकता। जितनी सशक्त भागीदारी पुरुषों की है, उससे भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी महिलाएं निर्वहन कर सकती हैं। महिलाएं आज हर क्षेत्र में समाज का नेतृत्व कर रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित फिक्की फ्लो के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए। सीएम योगी ने फिक्की फ्लो के कार्यों की प्रशंसा की। सीएम ने कहा कि 20 चैप्टर में 16 हजार से अधिक प्रोफेशनल्स आपके साथ जुड़े हैं, लेकिन 140 करोड़ के भारत में यह संख्या कम है। आपने 11 वर्ष में बदलते हुए भारत को देखा है। देश ने अलग-अलग क्षेत्र में प्रगति की है। भारत की अभूतपूर्व प्रगति दुनिया को आकर्षित करती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने खुद को चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया है। नया भारत सबसे तेज गति से उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में है। हम बहुत जल्द तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे। इसमें पीएम का मार्गदर्शन, नेतृत्व है, लेकिन अर्थव्यवस्था को लीड वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कर रही हैं, उनके नेतृत्व में भारत नई गति दे रहा है। आधी आबादी को नजरंदाज करके समाज स्वावलंबी व आत्मनिर्भर नहीं हो सकता।

- रेडिमेड गारमेंट्स में बांग्लादेश की स्थिति में लगातार गिरावट, भारत बना सकता है पकड़
- फिक्की फ्लो के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए मुख्यमंत्री
- आज वीमेन वर्कफोर्स की संख्या 35-36 फीसदी हो गई

सीएम योगी ने कहा कि साढ़े 8 वर्ष पहले हमें जब सत्ता मिली थी, तबके यूपी की स्थिति किसी से छिपी नहीं हैं। असुरक्षा का वातावरण, कानून व्यवस्था तार-तार, दंगे होते थे। बेटी, बाजार, व्यापारी, उद्यमी भी सुरक्षित नहीं थे। यूपी की बागडोर जब हमारे हाथ में आई, तब हमने सुरक्षा को प्राथमिकता दी और प्रदेश सरकार ने अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य प्रारंभ किया। आज देश में यूपी की कानून व्यवस्था मॉडल के रूप में जानी जाती है। जिस प्रदेश में निवेश आता नहीं था और पुराने निवेश भी बाइंडअप करके लोग बाहर निकलना चाहते थे। वहां सुरक्षा के अहसास और सरकार के ईमानदारी से किए गए प्रयास का परिणाम है कि उस प्रदेश में पिछले 8 वर्ष में 45 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव लाने में सफलता हासिल हुई। 15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव की सफलतापूर्वक ग्राउंड ब्रेकिंग करा चुके हैं। बहुत जल्द 5 लाख करोड़ के नए निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की कार्रवाई को बढ़ाएंगे। निवेश आया तो रोजगार भी बढ़ा।



सीएम योगी ने कहा कि जब हम सत्ता में आए थे तो वीमेन वर्कफोर्स महज 12 से 15 फीसदी था। आज यह संख्या 35-36 फीसदी (8 वर्ष में तीन फीसदी बढ़ोतरी) हुई। 2017 में यूपी पुलिस में महिलाओं की संख्या केवल 10 हजार थी। उनमें से कुछ रिटायर भी हुई होंगी। आज यूपी पुलिस में 44,000 महिला कार्मिक हैं। हमने 20 फीसदी महिलाओं की भर्ती अनिवार्य की।

सीएम योगी ने झांसी का जिक्र किया और बताया कि 2019 में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर की स्थापना की गई। उसे लीड करने वालीं महिला आठवीं पास भी नहीं हैं, लेकिन बिजनेस मॉडल की वजह से 62 हजार से अधिक महिलाएं उनके साथ जुड़ी हैं। सीएम ने तारीफ की और कहा कि कार्य कैसे होता है, बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर उसका बेहतरीन उदाहरण है। लखनऊ, आगरा, काशी व गोरखपुर में नए मिल्क प्रोड्यूसर स्थापित कर रहे हैं, जिनके साथ हजारों महिलाएं आर्थिक स्वावलंबन से जुड़ रही हैं और बता रही हैं कि वीमेन वर्कफोर्स कुछ भी कर सकती हैं। आधी आबादी के सामने उनके कार्यों को मान्यता देने की चुनौती है। फिक्की फ्लो जैसे संगठन सामने आएंगे तो हर कोई उसे मान्यता देगा। सीएम ने पीएम-सीएम इंटर्नशिप की स्कीम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि स्किल डवलपमेंट के लिए टाटा टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर प्रदेश में मॉडर्न टेक्नोलॉजी-एआई, आईओटी, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक आदि में ट्रेनिंग देने के लिए हब एंड स्पोक मॉडल पर हर जनपद में वोकेशनल व स्किल डवलपमेंट सेंटर स्थापित किए हैं। यदि फिक्की फ्लो सरकार के साथ एमओयू करती है तो हमें प्रसन्नता होगी। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को स्वावलंबन के पथ पर बढ़ाने के लिए यह संगठन 1983 से कार्य कर रहा है। सीएम योगी ने रेडिमेड गारमेंट्स का जिक्र किया और कहा कि ग्लोबल मार्केट में बांग्लादेश की स्थिति में लगातार गिरावट है। रेडिमेड गारमेंट्स में उसकी पकड़ छूट रही है। भारत उस मार्केट पर पर पकड़ बना सकता है। रेडिमेड गारमेंट्स में फ्लैटेड फैक्ट्री के मॉडल के माध्यम से आधी आबादी को आगे बढ़ाने में फिक्की फ्लो बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकता है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में एफपीओ गठित हो रहे हैं। प्रदेश में 16 हजार से अधिक स्टार्टअप हैं।

कइयों को महिलाएं ही स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जोड़ें और संगठन की संख्या 16 हजार नहीं, बल्कि पहले चरण में 16 लाख पहुंचाने का लक्ष्य रखें। 140 करोड़ के भारत में हर महिला को इस अभियान से जोड़ने का कार्य करें। हर छोटा-बड़ा कार्य उद्यम है। इसमें व्यक्ति श्रम, बुद्धि व विवेक का बेहतर उपयोग कर रहा है। सीएम ने फिक्की फ्लो को आश्वस्त किया कि यूपी सरकार अभियान में सहयोग करेगी। इस दौरान फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम शर्मा, नेशनल सीनियर वाइस प्रेसिडेंट पूजा गर्ग, संस्थापक अध्यक्ष आभा डालमिया, पूर्व अध्यक्ष रंजना अग्रवाल, वंदिता अग्रवाल, कीर्ति श्राफ आदि मौजूद रहीं।

# हर मतदाता के फार्म भरने तक घर पर देनी है दस्तक : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय, लखनऊ में अवध क्षेत्र की मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की बैठक में संवाद किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय जिस तरह एक साथ सभी बूथों पर मिलकर हम काम करते हैं, ऐसे ही एसआईआर में भी उसी सक्रियता, सामूहिकता और उत्साह के साथ जुटना है।

- भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन ने अवध क्षेत्र की मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की बैठक में किया संवाद




बैठक में अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यसमिति, 2022 विधानसभा प्रत्याशी, जिला प्रवासी, बीएलए-1 एवं मंडल अध्यक्ष सम्मिलित हुए। बैठक में प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा उपस्थित रहे। धर्मपाल सिंह ने बैठक में कहा कि एसआईआर में किसी भी तरह की कोई भी कसर नहीं रहना चाहिए। चुनाव के समय हर बूथ पर जिस तरह पार्टी का बस्ता लगता है, वैसे ही बीएलए-2, बूथ अध्यक्ष तथा बूथ प्रवासी प्रतिदिन बूथ पर रहे और यह सुनिश्चित करे कि बूथ पर सभी मतदाताओं के गणना फार्म जमा हो जाएं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि एसआईआर अभियान सिर्फ बीएलए-2, बूथ अध्यक्ष तथा बूथ प्रवासी की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि सभी पदाधिकारियों, नेताओं, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। मतदाताओं के गणना फार्म जमा करना, नवमतदाताओं के नाम जुड़वाना तथा मृत, अंयत्र स्थानांतरित या बोगस मतदाताओं के नाम डिलीट करने का काम भी करना है और उसकी सूची भी अपने पास रखना हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर विचार परिवार के लोग बडी संख्या में रहते हैं। हमें उनसे संपर्क करके उन्हें इस अभियान में सक्रिय करना चाहिए। मंडल अध्यक्ष के पास प्रत्येक बूथ पर रहने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं की लिस्ट होनी चाहिए। बीएलए-1, बीएलए-2, बूथ प्रवासी तथा बूथ अध्यक्ष के बीच प्रतिदिन संवाद होना चाहिए और प्रतिदिन का टास्क निर्धारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम बड़े नेता तभी हैं जब हमें अपने बूथ के एक-एक मतदाता की पूरी जानकारी हो। सभी बूथों पर मतदाताओं के साथ कम्यूनिकेशन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना है कि सभी बूथों पर 2003 तथा 2025 की मतदाता सूची तथा गणना फार्म पहुंचें। जब तक हमारे बूथ के सभी मतदाताओं के न्यूमेरेशन फार्म सही तरह से भर न जायें और बीएलओ के पास जमा न हो जायें तब तक हमें बार-बार प्रत्येक घर पर दस्तक देना है।

# खादी को गांधीजी ने स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा कहा था : सचान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोंद्योग मंत्री राकेश सचान ने शुक्रवार को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमतीनगर, लखनऊ में 10 दिवसीय खादी महोत्सव का भव्य उद्घाटन किया। मंत्री सचान ने फीता काटकर तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

- राजधानी में खादी महोत्सव का भव्य शुभारंभ



महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए 160 से अधिक उद्यमियों एवं इकाइयों द्वारा स्थापित स्टॉल में खादी एवं ग्रामोद्योग से निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। खादी को गांधीजी ने स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा कहा था। आज वही खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बन चुकी है। अपने उद्बोधन में मंत्री राकेश सचान ने कहा कि खादी महात्मा गांधी के स्वावलंबन के विचार से जुड़ी हुई है और आज प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छता, स्वदेशी, स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर भारत के अभियान के अंतर्गत खादी पुनः राष्ट्रीय पहचान की शान बन रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के सभी 18 मंडलों में खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनियों का आयोजन कर ग्रामीण उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। मंत्री सचान ने बताया कि खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्तमान में 3,90,000 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। वर्ष 2025 में 66,640 युवाओं को टूलकिट प्रदान कर स्वरोजगार से जोड़ा गया है। दोना मेकिंग मशीन, पॉपकॉर्न मशीन, हनी बॉक्स और विद्युत चालित चाक जैसे उपकरण ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार एवं चयनित लाभार्थियों को विभिन्न टूलकिट वितरित कर सम्मानित किया गया। इस इस अवसर पर मंत्री राकेश सचान ने चयनित लाभार्थियों एवं उद्यमियों को पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। राज्य स्तरीय उत्कृष्ट इकाइयों के रूप में मेरठ के दीपक कुमार को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 40,000 रुपये, गोण्डा की ममता को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 30,000 रुपये तथा हाथरस के संजय सिंह को तृतीय पुरस्कार स्वरूप 20,000 रुपये प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त चयनित पांच लाभार्थियों शशि शुक्ला, पिंकी, उमाकांत, विद्यावती एवं हिन्दराज को दोना मेकिंग मशीन प्रदान की गई।

# डीएलसी शिविरों का पेंशन निदेशक ने किया निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार, केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए 1 से 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान 4.0 आयोजित कर रहा है। इस अभियान के दौरान अमित शर्मा, निदेशक (पेंशन), पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, भारत सरकार ने 19 नवंबर और 20 नवंबर को उत्तर प्रदेश के शिविरों में जाकर पेंशनभोगियों से डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाने के संबंध में चर्चा की।

- जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान के तहत उत्तर प्रदेश मुरादाबाद और बरेली में चल रहे शिविर



पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के अधिकारी ने केनरा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के प्रतिनिधियों के साथ शिविरों में जाकर पेंशनभोगियों को फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक का उपयोग करके जीवनप्रमाण जमा करने में मदद की और उन्हें इस प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की।

डीएलसी अभियान 4.0 द्वारा संतृप्ति-आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुए देशभर के 2,000 से अधिक शहरों और कस्बों को कवर किया जा रहा है ताकि पेंशनभोगियों को विभिन्न डिजिटल तरीकों के माध्यम से अपने जीवन प्रमाणपत्र जमा करने की सुविधा मिल सके। वर्ष 2021 में शुरू की गई आधार-आधारित फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के उपयोग को विभाग और अधिक बढ़ावा दे रहा है, जिससे पेंशनभोगी स्मार्टफोन का उपयोग करके अपने घर बैठे आसानी से जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकें। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (डाक विभाग) ने अति वरिष्ठ और दिव्यांग पेंशनभोगियों को डोरस्टेप डीएलसी सेवाएं प्रदान कीं, जबकि बैंकों, पेंशनभोगी संघों और क्षेत्रीय कार्यालयों ने जागरूकता शिविर आयोजित किए और ऑन-साइट सहायता प्रदान की। वर्ष 2024 में आयोजित डीएलसी 3.0 में 1.62 करोड़ से भी अधिक डीएलसी जनरेट किए गए, जिनमें से 50 लाख फेस ऑथेंटिकेशन द्वारा जनरेट किए गए।

# वाराणसी दाल मंडी का राजनीतिक ध्वस्तीकरण रोका जाये : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि कई साल से भाजपा सरकार ने वाराणसी दाल मंडी के व्यापारियों पर संकट पैदा किया है। व्यापारियों की दुकानों को ध्वस्त करना उनके साथ अन्याय और अत्याचार है। यह कोई हिस्ट्री बचाने का या हेरिटेज को बचाने की योजना नहीं है। यह ध्वस्तीकरण राजनीतिक है। भाजपा उस बाजार से चुनाव हारी है, इसीलिए व्यापारियों को परेशान कर रही है। उनका नुकसान कर रही है। भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री ने वाराणसी को क्योटो बनाने का वादा किया था लेकिन इधर देखा जा रहा है कि सरकार वाराणसी के लोगों को परेशान कर रही है। भाजपा अपने राजनीतिक योजना को पूरा करने के लिए बांटो और राज करो की नीति अपना रही है।

- सपा अध्यक्ष का आरोप भाजपा बाजार से चुनाव हारने के कारण व्यापारियों को कर रही परेशान

समाजवादी प्रदेश कार्यालय लखनऊ में शुक्रवार को वाराणसी दाल मंडी के पीड़ित व्यापारियों के साथ मुलाकात के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी मांग है कि वाराणसी दाल मंडी का राजनीतिक डिमोलिशन रोका जाए। उन्होंने कहा कि दुनिया में तमाम देश हैं जिन्होंने अपनी ऐतिहासिक चीजों और हेरीटेज को बचाते हुए विकास किया है, सुविधाएं दी हैं, जिससे आने वाले पर्यटकों से व्यापार को लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाराणसी के दालमंडी वालों को दाल की तरह ना दले। दाल मंडी वाले व्यापारियों और कारोबारियों को संरक्षण और सम्मान दे।

उन्होंने कहा कि जब व्यापारी और कारोबारी तैयार नहीं है तो सरकार उनकी दुकान और व्यापार क्यों छीन रही है। दाल मंडी जैसा मार्केट कोई एक दिन में नहीं बनता है, वहां पर लोग लंबे समय से रह रहे और कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक दुकान को बनाने और जमाने में वर्षों लग जाते है उजाड़ने मे कुछ पल भी नही लगता है।




भाजपा सरकार दुकानों को तोड़कर ध्वस्त कर देना चाहती है। मुआवजे में दूसरी जगह, दुकान मिल सकती है पर ग्राहक और बाजार नही। भाजपा व्यापार और व्यापारी विरोधी है। भाजपा के लोग नकारात्मक हैं। चौड़ीकरण के नाम पर भाजपा अपनी संकीर्ण मानसिकता से साजिश कर रही है। यह भाजपा की संकीर्ण सियासत है। सरकार को किसी की जीविका छीनने का अधिकार किसने दे दिया? भाजपा अधिकारियों के माध्यम से अपनी ताकत का प्रदर्शन कर रही है। अधिकारियों के जरिए दबाव बना रही है, डरा रही है, धमका रही है। भाजपा वाले दूसरों को दुख देना अपनी ताकत का इजहार मानते हैं लेकिन जब आप दूसरों को तकलीफ दोगे तो कुदरत अपना फैसला करेगी, जीत तो सिकंदर को भी अमर नहीं कर पाई।

उन्होंने भाजपा वर्तमान की बात नहीं करती है लोगों के दुख दर्द को नहीं समझती है। भाजपा के लोग या तो एक हजार साल पहले की बात करते हैं या बहुत आगे की बात करते हैं। अब यह 2047 की बात कर रहे हैं। इनके पास झूठे सपनों के अलावा कुछ नहीं है। सरकार के दबाव में अधिकारी मनमानी कर रहे हैं।

अधिकारियों की सब मनमानी नोट हो रही है। समय आने पर इनको जवाब देना पड़ेगा। इस मौके पर वाराणसी दाल मंडी के दुकानदारों ने भी अपनी समस्याओं की जानकारी दी। व्यापारी राहुल, किशन दीक्षित और नीलोफर ने बताया कि यह प्रोजेक्ट व्यापारियों के हित में नहीं है। हम लोग यहां कई पीढ़ी से बसे हुए हैं। यह हेरिटेज जगह है। इसमें बदलाव करना गलत है। इससे बहुत बड़ी संख्या में लोग बर्बाद हो जाएंगे। इस इलाके में छोटे-छोटे दुकानदार हैं, जिनको बड़ा नुकसान हो रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, सांसद वीरेन्द्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, महासचिव योगेन्द्र यादव तथा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव समेत अन्य कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश में 60 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री का काम पूरा : शाही

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि विभाग द्वारा 20 नवंबर 2025 शाम 6 बजे तक की फार्मर रजिस्ट्री की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट जारी की गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, पूरे प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य 59.10 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। राज्य में पीएम किसान योजना के अंतर्गत सत्यापन के बाद कुल 2,48,30,499 किसान चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से अब तक 1,66,49,184 पीएम किसान लाभार्थियों का पंजीकरण फार्मर रजिस्ट्री में सफलतापूर्वक किया जा चुका है। अकेले 20 नवंबर को पूरे प्रदेश में 55,460 नई फार्मर आईडी जेनरेट की गईं, जो काम में तेजी को दर्शाता है।

- गाजियाबाद 79.76 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर सुल्तानपुर में केवल 49 प्रतिशत रही प्रगति
- कृषि मंत्री ने खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों को दी चेतावनी

जिलावार प्रदर्शन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 79.76 प्रतिशत कार्य पूर्णता के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इसके बाद बस्ती जिला 79.05 प्रतिशत कार्य पूरा कर दूसरे और सीतापुर 78.22 प्रतिशत प्रगति के साथ तीसरे स्थान पर है। इसी क्रम में रामपुर ने 76.90 प्रतिशतऔर फिरोजाबाद ने 76.00 प्रतिशत कार्य पूरा कर शीर्ष पांच जिलों में अपनी जगह सुनिश्चित की है। इसके विपरीत, कुछ जिलों की प्रगति अत्यंत धीमी और चिंताजनक है। सुल्तानपुर जिला मात्र 49 प्रतिशत कार्य के साथ तालिका में सबसे निचले यानी 75वें पायदान पर है। इसी तरह बलिया 50.23 प्रतिशत, संत कबीर नगर 50.32 प्रतिशत, गोरखपुर 50.53 प्रतिशतऔर बागपत 51.04 प्रतिशत प्रगति के साथ सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले निचले पांच जिलों में शामिल हैं। इस संबंध में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों के प्रति कड़ा रुख अपनाया है।

# जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बना राष्ट्रीय मॉडल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में उत्तर प्रदेश जल संरक्षण क्षेत्र में राष्ट्रीय मॉडल बन गया है। ह्ययोगी का यूपीह्व अन्य राज्यों के लिए नजीर बन गया है। योगी सरकार ने जल संरक्षण व संचय में 'अमृत मिशन' के तहत स्वच्छता के साथ 75 जिलों में जलाशय पुनरुद्धार एवं वर्षा जल संचयन की योजनाएं तेजी से लागू कीं। 52,000 से अधिक जलाशयों, तालाबों, टंकी प्रणाली का संरक्षण और पुनरुद्धार ग्रामीण जल स्तर में सुधार लाया गया। यही नहीं, उत्तर प्रदेश ने बुंदेलखंड व विंध्य में हर घर जल को भी अमली जामा पहनाया। जल संकट से निपटने के लिए 'जल संवर्धन जन आंदोलन' चलाकर सामाजिक जागरूकता भी लाई जा रही है।

जलाशय पुनरुद्धार व वर्षा जल संचयन (अमृत मिशन) के तहत 75 जनपदों में जलाशयों का पुनरुद्धार व सौंदर्यीकरण कार्य पूरा किया गया। वहीं अमृत मिशन 2.0 के तहत शहरी क्षेत्रों में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा तैयार किया गया। 52,000 से अधिक तालाबों व जलाशयों का पुनरुद्धार कार्य किया गया। इससे ग्रामीण जलस्तर में महत्वपूर्ण सुधार दर्ज किया गया। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, 22000 से अधिक जल संरचनाओं में पानी की उपलब्धता बढ़ी है। नहर व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 95 नई परियोजनाएं स्वीकृत हुईं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से 36 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी। इससे 9 लाख किसानों व ग्रामीण आबादी को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। साथ ही 273 हेक्टेयर विभागीय राजकीय भूमि को भी संरक्षित किया जा सकेगा। भूजल उपयोग की निगरानी के लिए सेंसर आधारित जलमापन यंत्रों का उपयोग किया जा रहा है। वहीं यूपी में भूजल पुनर्भरण के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत लगभग 42 हजार से अधिक संरचनाओं (रेन वाटर हार्वेस्टिंग, चेक डैम) आदि का निर्माण किया गया। इस व्यापक अभियान ने भूजल पुनर्भरण में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने में मदद की। योगी सरकार ने सामाजिक जागरूकता (विद्यालय अभियान) के तहत 1.20 लाख से अधिक विद्यालयों व 50 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में जल संरक्षण अभियान लागू किया गया। इसके जरिए बच्चों व युवाओं के माध्यम से सामुदायिक व्यवहार में बदलाव लाकर जल आंदोलन को सामाजिक बल प्रदान किया गया। हर घर तक जल पहुंचाने की दिशा में डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए कार्यों की बदौलत उत्तर प्रदेश ने नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। मीरजापुर में 12 विकासखंड और 809 ग्राम पंचायतें हैं। यहां जलस्तर में गिरावट और सूखे की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। गर्मियों में कई इलाकों में हैंडपम्प और कुएं सूख जाते थे। कम वर्षा के कारण भूजल स्तर गिरने से सिंचाई संकट गहरा जाता था। इससे निजात दिलाने और वर्षा जल संचयन के लिए 24 फरवरी 2024 से विशेष अभियान का शुभारम्भ किया गया। यहां लोहंदी नदी का जीर्णोद्धार कराया गया। 15 किमी. लंबी यह नदी 11 ग्राम पंचायतों से होते हुए गुजरती है। इसके 10.63 किमी क्षेत्र में मनरेगा के तहत कार्य कराए गए, शेष कार्य जनसहभागिता से कराए गए। भूगर्भ जल विभाग द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जीआईसी में बड़े रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराया गया।

- 52000 से अधिक जलाशयों, तालाबों, टंकी प्रणाली के संरक्षण और पुनरुद्धार से ग्रामीण जल स्तर में सुधार
- नहर व्यवस्था सुधार के लिए 95 नई परियोजनाएं मंजूर, लगभग 36000 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता पुनर्स्थापित, किसानों की आय में वृद्धि
- नदियों की स्वच्छता, तटबंध निर्माण और गंगा संरक्षण गतिविधियों से नदी संरक्षण के क्षेत्र में उठाये गये बड़े कदम

सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को बढ़ावा देते हुए एक वर्ष में कुल 3894 हेक्टेयर में स्प्रिंकलर सिंचाई जोड़ी गई। पहले सूख चुके हैंडपंपों में अब पानी आ रहा है। जनपद के छह विकास खंडों में भूजल स्तर में औसतन 1 मीटर की बढ़ोतरी हुई है। लोहंदी नदी के किनारे चितपुर, गोपालपुर आदि गाँवों में भूजल स्तर 2.27 मीटर तक बढ़ा, जिससे सूखे कुएँ और बोरवेल पुनर्जीवित हुए। सभी विकास खण्ड में भी जल उपलब्धता में सुधार हुआ।

### इतने घरों तक पहुंचा नल से जल

| जनपद | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| **बुंदेलखंड** | | |
| महोबा | 1,39,904 | 99.83 |
| झांसी | 2,49,111 | 99.16 |
| ललितपुर | 2,05,966 | 99.51 |
| चित्रकूट | 1,63,698 | 99.83 |
| जालौन | 2,08,170 | 98.16 |
| बांदा | 2,68,583 | 99.86 |
| हमीरपुर | 1,85,674 | 99.54 |
| **विंध्य** | | |
| मीरजापुर | 3,49,332 | 98.35 |
| सोनभद्र | 2,92,905 | 93.34 |

3894 हेक्टेयर में माइक्रो-इरिगेशन (स्प्रिंकलरड्रिप) लगाकर जल की बचत की गई। 156 कृषि तालाबों और 4 नए चेक डैम से किसानों को सिंचाई सुविधा मिली, जिससे फसल उत्पादन बढ़ा। 4.23 लाख मानव-दिवस रोजगार (52% महिलाओं की भागीदारी) सृजित हुआ। पहले सूखे बोरवेल अब जल से भरपूर हैं, जिससे गाँवों में सालभर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई। जल संरक्षण के क्षेत्र में पीएम मोदी के आह्वान और योगी सरकार की पहल से परिवर्तन की तस्वीर दिखाई दे रही है। जालौन जिले के कोच तहसील क्षेत्र के ग्राम सतोह से निकलने वाली 83 किमी लंबी नून नदी काफी समय से सूखी और गंदगी की चपेट में थी। स्थानीय लोगों को साथ लेकर नदी को पुनर्जीवित, फिर स्वच्छता का अभियान चलाया गया। वर्षा जल संचयन के लिए चेकडैम बनाए गए। नदी के दोनों ओर पौधरोपण किया गया। जनसहभागिता और स्थानीय प्रशासन के प्रयासों से यह नदी पुनर्जीवित हो गई। इस नदी के पानी का उपयोग अब सिंचाई में भी किया जा रहा है। डबल इंजन सरकार की हर घर जल योजना भी उत्तर प्रदेश में सबसे कारगर रही। जो बुंदेलखंड व विंध्य कभी पानी के लिए तरसता था, वहां आज हर घर तक नल से जल पहुंच रहा है।

संक्षेप

## चालक पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना करने की घटना में चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के भुवन का पुरवा मोठिन गांव निवासी प्रदीप सरोज पुत्र रामदीन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बीती दस नवंबर की शाम करीब साढ़े चार बजे उसका पुत्र निहाल सरोज बाइक से परिवार के सदस्यों के साथ घर की ओर आ रहा था। आरोप है कि भुवन का पुरवा तिराहा के पास बाइक चालक जसमेहा निवासी ननकू उर्फ नन्नू पुत्र शिवप्रसाद मिश्र ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे गंभीर चोट लगने से पीड़ित का पुत्र निहाल घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## घर में चोरी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। घर में ही चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के बेजलपुर दलापटटी गांव निवासी विनय कुमार सिंह पुत्र विजयजीत सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्नीस नवंबर की रात अज्ञात चोर घर में घुसकर पचहत्तर हजार की नकदी व लाखों के जेवरात चुरा ले गये। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दबंगों द्वारा ट्रक चालक व खलासी के साथ बाजार में मारपीट

**प्रतापगढ़।** ट्रक से गल्ला लादने सांगीपुर बाजार आये चालक व खलासी के साथ दबंगों द्वारा गालीगलौज व मारपीट के आरोप को लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है। पटटी थाना क्षेत्र के सिसाथपुर बेला रामपुर निवासी कमलेश सरोज पुत्र लाल बहादुर सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह बीती गुरूवार की रात ट्रक पर एक प्रतिष्ठान के समीप गल्ला लादने के लिए पहुंचा। गदियान मोड़ पर आरोपियों ने उसे तथा खलासी को गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियों द्वारा पीड़ित की पिटाई कर दी गयी। शोर सुनकर आसपास के लोग दौडे तब आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। सूचना पर सांगीपुर पुलिस पहुंची और बाजार में लगे सीसी फुटेज को खंगाला। सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को दोपहर बाद सीसी फुटेज के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में भी लिया है। सांगीपुर के प्रभारी एसओ अनिल यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर सत्यता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## दहेज उत्पीड़न का ससुरालीजनों पर केस

प्रतापगढ़। दहेज उत्पीड़न को लेकर पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के रायगढ़ गांव की अंजली यादव पुत्री दशरथ लाल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने मंदिर में संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के खासवरदान का पुरवा नरई निवासी सनी सरोज पुत्र लालजी सरोज के साथ विवाह किया है। पीड़िता का आरोप है कि ससुरालीजन उसे व उसके पति को घर में नही रहने दे रहे हैं। आरोपीगण दहेज की मांग कर रहे हैं। दहेज की मांग को लेकर पीड़िता व उसके पति सनी को मारपीट कर घर से भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दुर्घटना में महिला घायल सीएम से शिकायत

प्रतापगढ़। दुर्घटना में महिला के घायल होने को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत की गयी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के नान्हूपुर गांव निवासी श्याम नारायण पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्नीस नवंबर को उसकी पत्नी माला पाण्डेय बस से प्रतापगढ़ जा रही थी। आरोप है कि धधुआ गाजन लालगंज के पास लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए चालक के अचानक ब्रेक मारने से पीड़ित की पत्नी बस से नीचे गिर गयी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध पनीर फैक्ट्री पर छापा

## 386 किलो मिलावटी पनीर नष्ट

जिला संवाददाता



सिद्धार्थनगर। जिले के इटवा तहसील क्षेत्र के नागचौरी गांव में चल रही एक अवैध पनीर निर्माण फैक्ट्री पर गुरुवार को खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। बस्ती मंडल के सहायक आयुक्त (खाद्य) की अगुवाई में बनी संयुक्त टीम ने छापेमारी कर मिलावटखोरी के संगठित नेटवर्क का भंडाफोड़ किया।

जांच टीम ने मौके पर स्वास्थ्य मानकों की गंभीर अनदेखी पाई। फैक्ट्री में बेहद गंदगी, अवैध सामग्री का अंबार और बिना मानक प्रक्रिया के पनीर बनता मिला। टीम ने पनीर, दूध, सोया मिल्क, सफॉलाइट, रानीपाल, स्किम्ड मिल्क पाउडर, रिफाइंड पॉमोलिन ऑयल और सैकरिन सहित कुल 10 नमूने लेकर खाद्य प्रयोगशाला भेजे।

टीम ने मौके पर ही बड़ी मात्रा में मिलावटी उत्पाद 386 किलो मिलावटी पनीर, 178 लीटर मिलावटी दूध, 208 लीटर लिक्विड सोयाबीन नष्ट करवाए। वहीं 223 किलो स्किम्ड मिल्क पाउडर, 238 लीटर रिफाइंड पॉमोलिन ऑयल सीज कराया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ये सभी सामग्री उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती थीं। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि यह इकाई बड़े पैमाने पर मिलावटी पनीर और दूध तैयार कर सप्लाई कर रही थी। लैब रिपोर्ट आने के बाद संचालकों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कार्रवाई में सहायक आयुक्त (खाद्य) वीके पांडेय, सहायक आयुक्त आरएल यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्रेश प्रसाद, जय प्रकाश, हीरा लाल, रंजन कुमार श्रीवास्तव, नीरज कुमार चौधरी शामिल रहे। वहीं टीम ने कहा कि जनपद में मिलावटखोरों पर ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## जांच अधिकारी चार लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

गाजियाबाद। सिहानी गेट पुलिस ने अपराध शाखा के एक निरीक्षक को प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में आरोपियों से चार लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। नगर जोन के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) धवल जायसवाल ने बताया कि एक सूचना के आधार पर, सिहानी गेट पुलिस ने बृहस्पतिवार रात अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक रमेश सिंह सिद्धू को एक व्यापारी के मामले में रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। सिद्धू प्रतिबंधित कफ सिरप मामले की जांच कर रहे थे। नंदग्राम की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) उपासना पांडे ने बताया कि निरीक्षक सिद्धू के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

## मिशन शक्ति 5.0 : महिलाओं की सुरक्षा जागरूकता अभियान



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुदृढ़ बनाने हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम एवं क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में श्रावस्ती पुलिस द्वारा जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जनपद के विभिन्न थाने–कोतवाली भिनगा, सिरसिया, मल्हीपुर, हरदत्तनगर गिरंट, सोनवा, गिलौला, इकौना, नवीन मॉडर्न, महिला थाना तथा शक्ति मोबाइल टीम द्वारा विद्यालयों, कॉलेजों, बाजारों व ग्राम पंचायतों में पहुंचकर महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्राओं को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और सहायता तंत्र की जानकारी दी गई। टीमें स्कूल, कॉलेजों में साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा, यौन उत्पीड़न रोकथाम व कानूनी अधिकारों पर जानकारी दे रही हैं। ग्राम सभाओं व बाजारों में चौपाल एवं संवाद सत्र आयोजित कर महिला सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा कन्या सुमंगला योजना, स्वयं सहायता समूह, वन स्टॉप सेंटर व महिला शक्ति केंद्र सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा पम्पलेट्स वितरित किए गए।

## दो दिवसीय खेल महोत्सव में नन्हें मुन्नों का चमका हुनर, पुरस्कृत

प्रतापगढ़। स्थानीय लालगंज नगर स्थित चिल्डेज्न पैराडाइज स्कूल के दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुक्रवार को रंगारंग शुभारंभ हुआ। खेल महोत्सव के पहले दिन छात्र छात्राओ के साथ मौजूद अभिवावको ने भी खेल महोत्सव का आनन्द लिया। पहले दिन म्यूजिक चेयर प्रतियोगिता में प्रीप्रेप में अथर्व शुक्ला, प्रगति पाण्डेय, प्रेप में तैमूर खान, श्रेयांश गुप्ता, अनाया सिंह, श्रद्धा गौतम, कादिर खान, मोक्ष, देवांशी ने अपने अपने समूह में प्रथम स्थान हासिल किया। क्रो क्रोडाइल रेस में फेनिल कोरी, अल्तमश विजेता रहे। रोप पुलिंग सीनियर बालक वर्ग में सुयश सोनी, कृष्णदत्त, शिवम मिश्र, शौर्य सिंह, यश मिश्र, शशांक त्रिपाठी, मो0 समीर, सादिक अली, श्रेयांश पाण्डेय की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। कबडडी जूनियर बालक वर्ग में मानवेंद्र पाण्डेय, मयंक, यश, कार्तिकेय, हश्मत, अनमोल, प्रांजल, समा सोनी, सूर्य, दीपांकुर की टीम कड़े मुकाबले मे विजेता का खिताब हासिल करने में कामयाब रही। इसके पूर्व खेल महोत्सव का शुभारंभ रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं प्रबंधक विकास मिश्र ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर फीता काटकर किया।

## मिश्रौलिया पुलिस ने 24 घंटे में दो वांछित पकड़े



सिद्धार्थनगर। जिले की मिश्रौलिया पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन अभियुक्तों को पारिवारिक विवाद और डीपी एक्ट से संबंधित एक मामले में पकड़ा गया, जिसके बाद उन्हें न्यायालय भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी इटवा शुवेंदु सिंह के निर्देशन में, थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि दोनों वांछित धनगढ़वा मोड़ के पास देखे गए हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दोनों को बिना किसी विरोध के गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान अमित (पुत्र रामपाल, उम्र 20 वर्ष) और अमरावती (पत्नी रामपाल, उम्र 45 वर्ष) के रूप में हुई है। ये दोनों मिठौवा और गौरडीह, थाना मिश्रौलिया, जनपद सिद्धार्थनगर के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, यह मामला मुकदमा संख्या 159/2025 धारा 80(2), 85 इठर व 3/4 डीपी एक्ट के तहत पंजीकृत था। गिरफ्तारी के बाद, अभियुक्तों से थाने में पूछताछ की गई।

## त्रिस्तरीय पंचायत मतदाता सूची संशोधन समय सारिणी जारी

श्रावस्ती। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) श्रावस्ती अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ की संशोधित अधिसूचना के तहत जिले में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण संशोधित समय सारिणी के अनुसार कराया जाएगा। उन्होने बताया कि ग्राम पंचायतों के आंशिक भागों में परिवर्तन की स्थिति में विलोपन, मतदाता सूची प्रिंटिंग, बी0एल0ओ0 एवं पर्यवेक्षक आवंटन, प्रशिक्षण व स्टेशनरी वितरण 18 जुलाई से 18 अगस्त 2025 तक किया जाएगा। बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने का कार्य 19 अगस्त से 29 सितम्बर 2025 तक होगा, जिसमें 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूरी करने वाले पात्र व्यक्तियों के नाम भी जोड़े जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन 19 अगस्त से 22 सितम्बर 2025 तक प्राप्त किए जाएंगे, जबकि उनकी घर-घर जांच 23 सितम्बर से 29 सितम्बर 2025 तक की जाएगी। हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ 30 सितम्बर से 13 अक्टूबर 2025 तक सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा की जाएंगी। ड्राफ्ट सूची का कम्प्यूटरीकरण 14 अक्टूबर से 10 दिसम्बर 2025 तक तथा मतदान केन्द्रों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन और फोटो प्रतियों की व्यवस्था 11 दिसम्बर से 22 दिसम्बर 2025 तक की जाएगी। अनन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन 23 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा। अनन्तिम सूची का निरीक्षण एवं दावे-आपत्तियाँ 24 से 30 दिसम्बर 2025 तक दर्ज की जाएंगी। इनका निस्तारण 31 दिसम्बर 2025 से 06 जनवरी 2026 तक होगा। इसके उपरांत पूरक सूचियों का कम्प्यूटरीकरण 13 जनवरी से 29 जनवरी 2026 तक तथा मतदान केन्द्र क्रमांकन आदि की प्रक्रिया 30 जनवरी से 05 फरवरी 2026 तक की जाएगी। अन्तिम मतदाता सूची 06 फरवरी 2026 को जनसामान्य के लिए प्रकाशित होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम सभी कार्यालयों के सूचना पट्टों पर प्रदर्शित किया जाएगा तथा पुनरीक्षण अवधि में सार्वजनिक अवकाशों के दिन भी कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि कार्य समयानुसार पूर्ण कराया जा सके।

# जिलाधिकारी ने दी सख्त हिदायत, पोषण व्यवस्था सुधरे

जिला संवाददाता



**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार नवजात शिशुओं, बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आईसीडीएस विभाग की योजनाओं का उद्देश्य लाभार्थियों को बेहतर पोषण व स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी अधिकारी द्वारा शिथिलता बरतने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में पोषण ट्रैकर ऐप पर एफ0आर0एस0 (चेहरा पहचान प्रणाली) से डाटा फीडिंग में कमी पाये जाने पर सभी सीडीपीओ को शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन समस्त आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से खुले रहें तथा सीडीपीओ व मुख्य सेविकाएं निरंतर भ्रमण कर वास्तविक स्थिति का अवलोकन करें। सभी पात्र लाभार्थियों का वास्तविक डाटा पोषण ट्रैकर ऐप पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग, टीएचआर वितरण, आधार सत्यापन, डोर-टू-डोर भ्रमण, ई-कवच ऐप पर सैम बच्चों के प्रबंधन तथा फॉलोअप की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। टीएचआर वितरण सर्वाधिक कम पाए जाने पर बाल विकास परियोजना अधिकारी इकौना चन्द्रप्रकाश तिवारी एवं हरिहरपुररानी अभिषेक मिश्र को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त लाभार्थियों को मानक के अनुसार पोषाहार वितरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सभी सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा अगली समीक्षा बैठक में ईसीसीई किट की उपलब्धता का विवरण देने को कहा। साथ ही जर्जर एवं मरम्मत योग्य आंगनबाड़ी केंद्रों पर तत्काल कार्यवाही कर जर्जर भवन का स्पष्ट उल्लेख कराने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी पी.के. दास ने किया।

## महिला की हत्या कर शव दफनाने वाले दो लोग गिरफ्तार

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में एक महिला की कथित तौर पर हत्या कर शव को खंडहर में दफना रहे दो लोगों का वहां मौजूद एक किशोर ने वीडियो रिकॉर्ड कर दिया। किशोर द्वारा वीडियो पुलिस को दिए जाने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों की पहचान बंटी सिंह और राकेश कुमार के रूप में की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और महिला के पति महेश कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। जेवर थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि जहांगीरपुर कस्बे में किराए के मकान में रहने वाली रंजना (35) की 19 नवंबर की रात पड़ोसी बंटी और राकेश ने गला दबाकर हत्या कर दी।

## गर्भवती पंजीकरण-टीकाकरण में तेजी लाने के निर्देश



सिद्धार्थनगर- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया में शुक्रवार को एएनएम और पर्यवेक्षकों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में डॉ. ओझा ने सभी एएनएम को निर्देशित किया कि वे लक्ष्य के सापेक्ष गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण करें। उन्होंने प्रसव पूर्व की सभी आवश्यक जांचें, जैसे वजन, बीपी, हीमोग्लोबिन, यूरिन, ब्लड शुगर, एचईवी और पेट की जांच अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही, बच्चों के टीकाकरण पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। अधीक्षक ने कहा कि एएनएम कार्ययोजना के अनुसार गांव में पहुंचकर आशा बहू के कार्यों का भौतिक सत्यापन करें। यदि कोई कमी पाई जाती है, तो उसे मौके पर ही दूर करवाएँ ताकि आशा के कार्यों में गुणवत्ता लाई जा सके। उन्होंने पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक कार्य दिवस पर कम से कम दो से तीन एएनएम के क्षेत्र में पहुँचकर उनके कार्यों का भौतिक सत्यापन करें और सहयोग करें। बीपीपीएम मेराज अहमद ने कहा कि एएनएम द्वारा आशा बहू के कार्यों का समय से सत्यापन करना जरूरी है, ताकि आशा बहू को उनकी प्रोत्साहन राशि का भुगतान समय पर किया जा सके। एचईओ राजीव त्रिपाठी और बीएमसी सूर्यदेव सिंह ने एएनएम से उन परिवारों की सूची बनाने को कहा जो टीकाकरण से उदासीन हैं। उन्होंने इन परिवारों के घर जाकर टीकाकरण के फायदे बताकर उन्हें प्रेरित करने का निर्देश दिया। इस दौरान फरहा अंजुम, ध्रवचंद, खुशबू चतुवेर्दी, सोनिया वर्मा, कमलावती, शालिनी सिंह, सीमा कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## वैवाहिक कार्यक्रम में बाधा डालने से परेशान पीड़ितों ने जतायी नाराजगी



प्रतापगढ़। पारिवारिक रंजिश में परिवार के ही कुछ सदस्य वैवाहिक कार्यक्रम में भी अड़चन डाल रहे हैं। आरोपीगण पीड़ित को दरवाजे पर वैवाहिक कार्यक्रम करने पर जानलेवा धमकी भी दे रहे हैं। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से परेशान पीड़िजनों ने शुक्रवार को सीओ कार्यालय पहुंचकर नाराजगी जतायी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे गोविन्दराम गांव निवासी शिव प्रसाद गुप्ता पुत्र रामसमुझ ने सीओ को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि आगामी पचीस नवंबर को उसके बेटे का विवाह होना है। पीड़ित का आरोप है कि उसके छोटे भाई अयोध्या की पत्नी वैवाहिक कार्यक्रम को लेकर दरवाजे पर माड़व आदि न लगाने को लेकर विवाद कर रही है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन स्थिति यथावत बनी हुई है। दरवाजे पर वैवाहिक कार्यक्रम करने पर आरोपीगण ऐलानियां जानलेवा धमकी दे रहे हैं। मामले में कार्रवाई न होने व वैवाहिक कार्यक्रम के नजदीक होने से परेशान पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को सीओ कार्यालय पर पहुंचकर नाराजगी जतायी है। सीओ के न मिलने से पीड़ितजन मायूस वापस लौट गये। प्रभारी एसओ अनिल कुमार यादव का कहना है कि दोनों पक्षों में जमीन का विवाद है। दोनों पक्षों को बुलवाया गया है, मामले का निस्तारण कराया जाएगा।

## मतदाता सूची सुधार में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

### बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म बांटे, बीईओ से स्पष्टीकरण मांगा



सिद्धार्थनगर- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2025 को मजबूत और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से तहसील नौगढ़ और बांसी के मतदाता पंजीकरण केन्द्रों का गहन निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रक्रिया की प्रगति जानना और अभियान में लगे कार्मिकों की जिम्मेदारी व उत्तरदायित्व का आकलन करना था। जिलाधिकारी ने दोनों तहसीलों में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को वितरित गणना प्रपत्रों (एन्यूमरेशन फॉर्म), मतदाताओं को उपलब्ध कराए गए प्रपत्रों की संख्या, प्राप्त हुए भरे हुए प्रपत्रों और उनकी फीडिंग की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची सुधार का यह अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया का आधार है, इसलिए किसी भी स्तर पर शिथिलता या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि लेखपाल अपने-अपने क्षेत्रों के बीएलओ के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखें और घर-घर जाकर हर पात्र मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि प्रपत्र भरने के बाद उन्हें समय पर एकत्र करने के लिए बीएलओ, रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान और अन्य स्थानीय कार्मिक सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को धीमी प्रपत्र फीडिंग वाले स्थानों पर तत्काल सुधार लाने और आवश्यक संख्या में कर्मचारियों को सहयोग के लिए लगाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जोर दिया कि अभियान में तेजी लाने के लिए जिले में टीमवर्क आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले लेखपालों को फील्ड में प्राथमिकता दी जाए ताकि समग्र प्रगति में गति आए।

## 242 वाहनों का किया चालान व 261500 रुपये शमन शुल्क लगाया



सिद्धार्थनगर। यातायात प्र0 अमरेश कु0 के अगुवाई में यातायात पुलिस ने यातायात माह के दौरान वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप / स्टीकर लगाया गया एवं अवैध अतिक्रमण हटवाने के साथ दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाने वालो के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर की गयी प्रवर्तक की कार्यवाही किया गया। गत 21.नवमबर को पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुपालन के क्रम में , अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात विश्वजीत शौर्यान के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कु0 सिंह यादव ने मैं टीम द्वारा यातायात माह के तहत हाईडिल तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, स्वामी विवेकानंद चौक से सनई चौराहा, साड़ी तिराहा, कस्बा बाँसी, बाँसी रोडवेज आदि स्थानों पर पीए सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पम्पलेट्स वितरण किया गया एवं कुहरो मे दुर्घटना से बचाव हेतु वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाया गया साथ ही विशेष अभियान के तहत दुर्घटना से बचाव हेतु कस्बा बाँसी मे अवैध अतिक्रमण हटवाने के साथ-साथ रतनसेन इंटर कालेज बच्चों को जागरूक करते हुए पम्पलेट्स वितरित किया गया एवं सघन चेकिंग अभियान चलाकर दो पहिया पर तीन सवारी/ बिना हेलमेट वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े-खड़े वाहनों जिसे दुर्घटना के प्रबल संभावना थी उनका ट. श. अू३, के तहत कुल 242 वाहनों का चालान करते हुये 261500 रुपए शमन शुल्क की कार्यवाही किया गया , तथा प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, उक्त कार्यवाही अभियान का उद्देश्य होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जाने हेतु कार्यवाही किया गया।

# रामपुरखास में मजबूत हो रहीं स्वास्थ्य सेवाएं : प्रमोद तिवारी

- विधायक मोना की ओर से मंजूर कराये गये एक्सरे मशीन को किया लोगों को समर्पित



**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शुक्रवार को सांगीपुर सीएचसी में विधायक मोना की ओर से मंजूर करायी गयी एक्सरे मशीन की बेहतर स्वास्थ्य सेवा की समारोहपूर्वक सौगात सौंपी। स्वास्थ्य सेवाओं की सौगात सौपते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने सांगीपुर अस्पताल में विधायक मोना की ओर से अल्ट्रासाउण्ड की भी विधायक निधि से सुविधा मुहैया कराए जाने का ऐलान किया। सीएचसी परिसर में आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुरखास शिक्षा का हब होने के साथ अब जल्द ही स्वास्थ्य सुविधाओं का हब दिखेगा। उन्होने कहा कि विधायक मोना के लगातार प्रयास से इधर रामपुरखास में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुई हैं। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में लालगंज में ट्रामा सेण्टर तथा पचास बेड का महिला एवं बाल चिकित्सालय हमारी दूरदर्शिता व मजबूत प्रतिबद्धता का जीवन रक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रयास है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ से कहा कि वह इन स्वास्थ्य संसाधनो को सदुपयोग मे लाते हुए मनोयोग से जरूरतमंद के प्रति सेवाभाव से खुद को समर्पित करें। उन्होने कहा कि गरीब तबके के लोगों जीवन की रक्षा करना ही मंदिर की पूजा और मस्जिद की इबादत का प्रतिफल दिया करता है। उन्होने कहा कि रामपुरखास में विधायक मोना तथा खुद के उनके संकल्पों के कारण जिलास्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलना इस क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठता की मिशाल है। सांसद प्रमोद तिवारी ने रामपुरखास मे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओ के लिए विशेष सहयोग के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के भी सहयोगात्मक रूख को सराहा। उन्होने कहा कि बेहतर चिकित्सीय योगदान के जरिए आज एशिया में भारत देश ने मृत्युदर कमी करने में भी सबसे बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने सीएचसी भवन में एक्सरे रूम का विधिवत उदघाटन किया। उन्होने यहां मौजूद पैरा मेडिकल स्टाफ से कहा कि वह इस सेवा को पूरी तरह से पारदर्शिता से संचालित करायें। चिकित्साधीक्षक डा0 आनन्द तिवारी ने सांगीपुर सीएचसी में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं के साथ शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व संचालन पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी ने किया। डा0 धर्मेन्द्र शुक्ल ने अतिथियों के प्रति आभार जताया।

## चचेरी बहन की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

इटावा। जिले के इकदिल थाना क्षेत्र में एक युवक ने सगे चाचा से विवाद के बाद घर में घुसकर अपनी नाबालिग चचेरी बहन की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी और उसके चाचा के बीच एक सप्ताह पहले मारपीट हुई थी और उसके चाचा ने पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिससे वह नाराज था। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय नारायण राय ने बताया कि जिले के थाना इकदिल क्षेत्र के मुरैथा गांव में बृहस्पतिवार की शाम करीब सात बजे पल्लवी (16) की पड़ोस में रह रहे चचेरे भाई नीलू (22) ने घर में घुसकर कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। घटना के समय पल्लवी अपनी मां सीमा देवी के साथ खाना बनाने मे मदद कर रही थी और उसके पिता रघुराज घर से बाहर गये हुए थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया।

संक्षेप

## खम्हौल गांव से ट्रॉली चोरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खम्हौल में अज्ञात चोरों ने जुट्टी पहिया ट्रॉली चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सद्दाम हुसैन पुत्र मुस्ताक अली के अनुसार 5 से 9 नवंबर 2025 के बीच उसकी जुट्टी पहिया ट्रॉली, जो गांव के बीच स्थित खड़ी थी, अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। जब पीड़ित ट्रॉली को खोजने पहुंचा तो वह मौके से गायब मिली। इसके बाद पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया

## करंट से बालक की मौत

सिंगाही खीरी। तहसील निघासन के सिंगाही क्षेत्र के करदहिया गावँ में पाँच वर्ष के बालक की करंट लगने से मौत हो गयी। बालक अपने घर के आंगन में खेलते-खेलते वह कमरे मे पहुंच गया, तभी वह बिजली के नंगे तार के चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। आपको बताते चले कि ग्राम पंचायत बंगलहा तकिया के करदहिया गावँ के निवासी रहीस पुत्र साहिल पांच वर्ष जो कि घर के आँगन मे खेल रहा था खेलते-खेलते वह कमरे में पहुंच गया। इसी दौरान वह बिजली के तार के चपेट में आ गया। परिवार वालो को घटना की जानकारी कुछ देर बाद हुई। साहिल जिस कमरे में पहुंचा वहां कोई और मौजूद नही था। जब वह काफी देर बाद तक कमरे से बाहर नही आया, तो परिजन उसे ढूंढते हुए कमरे में पहुंचे। कमरे में पहुचने पर परिजनों ने देखा कि साहिल बेसुध जमीन पर पड़ा। उसी मौके पर दम तोड़ चुका था। इस घटना से परिवार व गाव में मातम छा गया। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

## तीन मनचलों पर मुकदमा दर्ज

धौरहरा खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण करने के उद्देश्य से घर से निकली युवतियों के साथ आशिक/मनचलों की हरकतें अब हद पार करती दिख रही हैं स्थानीय डिग्री कॉलेज में तीन युवकों ने छात्राओं का मोबाइल नंबर व्हाट्सऐप ग्रुप से निकालकर अश्लील मैसेज भेजना, देर रात फोन करना और गंदी भाषा में बात कर आतंक जैसा माहौल बना दिया था। छात्राएं महीनों से इनके उत्पीड़न का शिकार हो रही थीं। आरोपियों के मन बढ़ते गए और छात्राओं के विरोध करने पर गाली-गलौज व धमकियां देना शुरू कर दिया यही नहीं, इन मनचलों ने छात्राओं के नंबर अपने अन्य साथियों को भी बांट दिए, जिसके बाद फोन कर परेशान करने का सिलसिला और बढ़ गया। पीड़ित छात्राओं ने हिम्मत जुटाकर मामले की शिकायत कॉलेज प्रबंधन से की। कॉलेज प्रशासन ने भी प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिलते ही खमरिया पुलिस हरकत में आ गई और कालेज में अध्ययन रत प्रथम वर्ष के तीन छात्रों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। छात्राओं का कहना है कि आरोपियों की हरकतों से पढ़ाई प्रभावित हो रही थी और कॉलेज आना भी असुरक्षित लगने लगा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में मनचलों का दखल बढ़ता जा रहा है, जिस पर सख्त निगरानी और कार्रवाई की आवश्यकता है, ताकि छात्राओं और अभिभावकों में सुरक्षा का भरोसा कायम रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री में लखीमपुर खीरी का प्रदर्शन अव्वल

- फार्मर रजिस्ट्री में खीरी ने दिखाया दम, प्रदेश में मजबूत बढ़त बरकरार
- दैनिक औसत में प्रदेश में प्रथम स्थान, 4 लाख, फार्मर रजिस्ट्री वाले जिलों में लखीमपुर खीरी टॉप-5 में शामिल



लखीमपुर खीरी। किसानों के दस्तावेजों को डिजिटल पहचान देने और सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने के लिए चलाए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान में लखीमपुर खीरी ने इस बार शानदार प्रदर्शन किया है। प्रदेश में 4 लाख से अधिक फार्मर रजिस्ट्री करने वाले शीर्ष जनपदों में खीरी टॉप-5 में पहुंच गया है। 15 अक्टूबर से लगातार जिले का दैनिक औसत 2233 फार्मर आईडी, जो प्रदेश में सर्वाधिक है, शासन स्तर पर विशेष सराहना का विषय बना हुआ है। अटल सभागार में शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार और एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने तहसील स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषि विभाग के तीन-तीन कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान सम्मानित 21 कार्मिकों ने अभियान से जुड़े अपने अनुभव, चुनौतियाँ और ग्रामीणों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ भी साझा कीं। सम्मान समारोह में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि प्रदेश में 04 लाख से अधिक फार्मर रजिस्ट्री करने वाले शीर्ष जनपदों में लखीमपुर खीरी का प्रदेश में टॉप 5 पर पहुँचना और सबसे अधिक दैनिक औसत 2233 फार्मर आईडी बनाना टीम की उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रमाण है। उन्होंने कृषि विभाग, तहसील स्तर की टीमों और क्षेत्रीय कार्मिकों की सराहना करते हुए कहा कि गाँव-गाँव जाकर किसानों के दस्तावेज जुटाना आसान नहीं था, लेकिन आप सभी ने इसे मिशन की तरह पूरा किया। यही प्रयास जिले को प्रदेश के शीर्ष जनपदों में लाया है। उन्होंने कृषि विभाग के कार्मिकों को बधाई देते हुए आगे भी इसी ऊर्जा के साथ अभियान जारी रखने की अपील की। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों तक योजना लाभ पहुँचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। लखीमपुर खीरी की यह उपलब्धि बताती है कि हमारी टीम जमीनी स्तर पर कितनी सक्रियता से काम कर रही है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि कृषि विभाग के कार्मिकों ने गांव-गांव पहुंचकर किसानों का भरोसा जीता है। यही कारण है कि लखीमपुर खीरी पूरे प्रदेश में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में शामिल है। कार्यक्रम के दौरान डीडी (कृषि) गिरीश चंद्र और जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने अभियान की प्रगति, विभाग की रणनीति और किसानों को मिलने वाले लाभों पर विस्तृत जानकारी साझा की। समारोह में कृषि विभाग के अधिकारियों व कार्मिकों ने अभियान को और अधिक गति देने का संकल्प दोहराया।

### अगले माह और भी कार्मिक होंगे सम्मानित

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने घोषणा की है कि अगले एक माह में सर्वाधिक फार्मर रजिस्ट्री करने वाले कार्मिकों को विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा। इससे विभाग में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और कार्य की गति में और बढ़ोतरी की उम्मीद है। सम्मानित कार्मिकों में विभिन्न विकास खंडों के प्राविधिक सहायक, एटीएम और बीटीएम शामिल रहे। नकहा के अजीत वर्मा, फूलबेहड़ के प्रदीप वर्मा, सदर के अखिलेश कुमार, गोला के मोहम्मद अनीश खान, बांकेगंज के कमलेश कुमार, बिजुआ के अरविंद कुमार, मितौली से संदीप कुमार और हरजेश सिंह, बेहजम के अनिल कुमार, पलिया के सुनील कुमार, अहमद अली और रोहित वर्मा, निघासन के जितेंद्र कुमार और दिलीप कुमार, रमियाबेहड़ के अनिल कुमार व योगेश कुमार, धौरहरा के रामसागर, ईसानगर के गुड्डू लाल, मोहम्मदी के सुशील कुमार यादव और नरेंद्र कुमार, जबकि पसगवां से अरविंद व रशीद अंसारी को सम्मानित किया गया।

### यह है फार्मर रजिस्ट्री के बड़े लाभ

फार्मर रजिस्ट्री बनने से किसानों को अनेक सुविधाएं मिलती हैं। विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ बिना अतिरिक्त सत्यापन के सीधे उपलब्ध हो जाता है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पाद बेचने की प्रक्रिया सरल होती है और पंजीकरण संबंधी औपचारिकताओं का बोझ कम हो जाता है। फसल नुकसान की स्थिति में वास्तविक क्षति के आधार पर मुआवजा प्राप्त करना आसान हो जाता है। प्रत्येक कृषक को अपनी एक डिजिटल पहचान मिलती है, जिससे उसके अभिलेख सुरक्षित और सुव्यवस्थित रहते हैं। इसके साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि की किस्तें भी निर्बाध रूप से सीधे खाते में प्राप्त होती हैं, जिससे किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर और बिना किसी बाधा के मिल पाता है।

## ग्राम पंचायतों की साफ - सफाई के निर्देश दिए



इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, गौशाला, पीएम सूर्य घर, आईजीआरएस, डीसीएनआरएलएम, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, सांसद निधि, अन्नपूर्णा योजना, डिजिटल लाइब्रेबी आदि की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी द्वारा निमार्णाधीन राशन की दुकानों का कार्य समय से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत खेल मैदान, अन्नपूर्णा भवन बनवाए जाएं एवं उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायतों की साफ-सफाई कराने हेतु निर्देशित करते हुये कहा कि एडीओ पंचायत की ग्राम पंचायतों पर साफ-सफाई कराने एवं दूषित पानी को नालियो द्वारा नजदीकी तालाबों में ले जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अर्थ वर्क किया जाए एवं स्थल चयन में कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को लाभ दिया जाए एवं जीरो पावर्टी पर जो भी प्रकरण लम्बित है, उसको जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में नदी किनारे बसी ग्राम पंचायतों में फिल्टर चेंबर का कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा ही प्लास्टिक प्रबंधन का कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि अंत्येष्टि स्थल एवं पंचायत घरों का कार्य समय से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने बीडीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों व ब्लॉकों मे स्वच्छता के साथ ही डिजिटल लाइब्रेबी बनाई जाएं।

## युवक ने दुष्कर्म किया, मामला दर्ज

जसवन्तनगर, इटावा। बलरई थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक द्वारा रिश्ते में नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी गिरफ्तार कर लिया है। तहरीर में महिला ने बताया कि वह 16 नवंबर को अपने बीमार भाई को देखने मायके गई थीं। उसी दौरान उनकी 13 वर्षीय बेटी घर पर ही थी। 20 नवंबर को जब वह वापस लौटीं तो उनकी बेटी रोती हुई मिली। समझाने पर नाबालिग ने बताया कि 17 नवंबर की शाम करीब आठ बजे उसकी पड़ोसी महिला ने एक टिफिन उसको दिया और कहा कि इस टिफिन को खेतों पर अपने गाँव के रिश्ते में लगने वाले ताऊ अनूप सिंह उर्फ भूप सिंह पुत्र रंगलाल को दे आओ तो मेरी बेटी खेतों पर टिफिन देने गई तो उपरोक्त व्यक्ति ने मौका पाकर उसको पकड़ लिया। विरोध करने पर आरोपी ने धमकी देकर जबरन दुष्कर्म किया। नाबालिग ने मां को बताया कि आरोपी उसे लगातार धमका रहा था कि यदि उसने किसी को बताया तो वह उसे और उसके घरवालों को जान से मार देगा। डर के कारण बच्ची दो दिन तक चुप रही। मां ने बताया कि बेटी की हालत बिगड़ती देख जब उन्होंने सख्ती से पूछा तो उसने पूरी बात बताई। इसके बाद वह तुरंत थाने पहुंचीं और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सीओ आयुषी सिंह बताया तहरीर के आधार पर दुष्कर्म और पॉस्को एक्ट की जैसी संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और पीड़िता के बयान दर्ज कर मेडिकल परीक्षण की प्रक्रिया शुरू करा दी है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## व्यापारी ने फंदा लगाकर दी जान

इटावा। फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में लोहे के दरवाजों का व्यवसाय करने वाले विवेक गुप्ता (40) ने गुरुवार रात करीब 9 बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से व्यापार में हो रहे नुकसान और कर्ज के दबाव से परेशान थे। सूचना मिलते पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अशोकनगर निवासी विवेक गुप्ता पुत्र राजेश बाबू गुप्ता वर्षों से लोहे के दरवाजे और शटर बनाने का काम करते थे। उनके छोटे भाई शिवा ने बताया कि उनकी दुकान पीएसी गली के पास थी। करीब दो साल पहले विवेक ने अपने व्यापार को विस्तार देने के लिए एक निजी बैंक से मकान के बदले लगभग 69 लाख रुपए का बड़ा लोन लिया था। शुरूआत में ठीक ठाक चला लेकिन धीरे धीरे बाजार में मंदी आने लगी जिससे बिक्री कम होती गई। लगातार बढ़ते घाटे और कर्ज के बोझ न विवेक को मानसिक रूप्स प्रभावित किया था। परिजनों के अनुसार वह तनाव के कारण इलाज भी करवा रहे थे। गुरूवार रात विवेक अपने कमरे में चले गए। परिवार को लगा कि वह सो रहे है लेकिन देर रात तक कमरे से कोई आवाज न आने पर परिजन चिंतित हो गए।

# प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने की समीक्षा बैठक

## शीतलहर से निपटने व योजनाओं के क्रियान्वयन के दिए निर्देश




लखीमपुर खीरी। शुक्रवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे, उनके जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। प्रभारी मंत्री ने अटल सभागार में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों संग प्रशासनिक बैठक की। सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रभारी मंत्री के गत भ्रमण के दौरान की गई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में प्राप्त दिशा निदेर्शों के शत प्रतिशत अनुपालन की पुष्टि की। इस दौरान विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, शशांक वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने शीतलहर के मद्देनजर की गई तैयारियों की गहन समीक्षा की। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जरूरतमंदों को बांटे जाने वाले कंबलों का टेंडर पूर्ण हो चुका है। नगर निकायों ने रैन बसेरों और अलाव स्थलों को चिह्नित कर लिया है। मंत्री ने साफ निर्देश दिए कि रैन बसेरों में हर सुविधा मुस्तैद हो, ठंड बढ़ने से पहले इंतजाम दुरुस्त कर दिए जाएं। साथ ही उन्होंने गो-आश्रय स्थलों में भी ठंड से बचाव की व्यवस्थाएं मजबूती से करने का आदेश दिया।

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। लाभार्थीपरक योजनाओं में केवाईसी व डीबीटी की प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैंकों से समन्वय बनाते हुए सभी लक्ष्यों की पूर्ति समय से हो। मुझे खुशी है कि जिले में मुख्यमंत्री जी और शासन की मंशानुरूप पात्रों को योजनाओं का लाभ देकर समृद्ध बनाया जा रहा। सभी अधिकारी इसे और अच्छे से क्रियान्वित कराए। सभी विभागीय अधिकारी टीम भावना से काम करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। जनसुनवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता, जमीनी विवादों का समयबद्ध निस्तारण

प्रभारी मंत्री ने सीएम युवा उद्यमी योजना की समीक्षा की और सभी विभाग समेकित रूप से प्रयास करते हुए युवाओं को इस महत्वाकांक्षी योजना से जोड़कर उनके जीवन समृद्ध बनाएं। कहा कि प्राथमिकता के आधार पर जनसुनवाई अवश्य करें। वरासत, मेड़बंदी, जमीनी विवाद के मामलो का समयबद्ध निस्तारण कराए। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। मंत्री ने निर्देश दिए कि प्राप्त सुझाव पर अमल करते हुए कृत कार्रवाई से संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जाए।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 110 जोड़ों का हुआ विवाह



पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। सामूहिक विवाह योजना के तहत कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में भव्य समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहम्मदी विधायक/पंचायतीराज राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई रहे। अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत लगभग 110 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। इनमें पांच मुस्लिम जोड़ों का पंजीकरण किया गया था परंतु मौके पर एक जोड़े का ही निकाह कराया गया। सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रति जोड़े 60 हजार रुपये की सहायता दी गई। कार्यक्रम के संचालन में समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, खण्ड विकास अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, पसगवां मोहित कौशिक सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। विवाह संस्कार गायत्री परिवार शक्तिपीठ निघासन के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शुभम गुप्ता, सुलोचना देवी, रीमा देवी, पूर्णिमा देवी, शिव देवी, सोनी देवी, सपना देवी, रोहित कुमार, रामकुमार, देवेश कुमार, रीना देवी, श्रीकृष्ण लाल, इंदल कुमार, भट्ट क्षमा देवी, संगीत, मुस्कान देवी, रामकिशोर, महेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे। मुस्लिम समुदाय के एकमात्र पंजीकृत जोड़े मरियम पत्नी इंतजार निवासी कुतवापुर जिला शाहजहांपुर का निकाह मेहताब खा बांकेगंज द्वारा संपन्न कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए रेहरिया पुलिस चैकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह पुलिस बल सहित तैनात रहे।

## सामूहिक विवाह में 100 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विधानसभा गोला क्षेत्र के बिजुआ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बसलीपुर में सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में 100 नवविवाहित जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। कार्यक्रम में विधायक अमन गिरि ने पहुंचकर सभी नवदंपतियों को शुभकामनाएं दीं और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। विधायक ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक वधू के खाते में 60 हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है, साथ ही आवश्यक घरेलू सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि यह योजना सामाजिक सद्भाव और आपसी एकता को बढ़ावा देती है तथा समाज के कमजोर तबके को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान करती है। कार्यक्रम स्थल पर जोड़ों के विवाह की सभी वैदिक रस्में संपन्न कराई गईं। नवविवाहित जोड़ों और उनके परिजनों ने सामूहिक विवाह योजना के लिए आभार व्यक्त किया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, वेदप्रकाश दीक्षित, सभासद भोली गिरी, प्रधान ओमकार, विनीत पांडे, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि धर्मेश भारती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के औरैया जनपद की सीमा पर स्थित एनएच-19 हाईवे को पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हुई। मृतक उसी जगह एक पैट्रोल पंप पर चैकीदार था। हाईवे पर वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत औरैया जिले के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पैगूपुर निवासी श्यामकरन उम्र करीब 70 वर्ष, गांव के पास, औरैया, इटावा सीमा पर, कानपुर-इटावा हाईवे किनारे इंडियन आयल पेट्रोल पंप पर चैकीदार थे। शुक्रवार सुबह करीब पौने छह बजे वह हाईवे की दूसरी ओर स्थित एक चाय की दुकान पर चाय पीने गए थे। वहां से हाईवे क्रास करते समय औरैया से इटावा की ओर जा रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। मौके पर उन्होंने दम तोड़ दिया। अजीतमल व औरैया पुलिस मौके पर पहुंची। मामला इटावा सीमा में होने पर बकेवर थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर इटावा पोस्टमार्टम हाउस भेजा।

## बाल कवि सम्मेलन में बच्चों ने बहायी काव्यधारा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के गौशाला क्षेत्र में श्री धाम वृंदावन से पधारे पूज्य महाराज राधिका शरण महाराज, राधिका किशोरी और श्यामा किशोरी की प्रेरणा से आयोजित कथा कार्यक्रम में उमा देवी चिल्ड्रन्स अकैडमी के बच्चों द्वारा बाल कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरमैन विजय शुक्ल रिंकू, विशिष्ट अतिथि आचार्य रामदेव शास्त्री, विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार गुप्ता, अमित कुमार पाण्डेय, रवींद्र कटियार और आदित्य शास्त्री उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन में उपस्थित सभी बाल कवियों का सम्मान चेयरमैन विजय शुक्ल रिंकू, राधिका शरण महाराज, रामदेव शास्त्री और राममूर्ति शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन हितेश पांडेय ने किया। कवि के रूप में सौम्या सिरोही, निमृत चैधरी, वंशिका वर्मा, गुरलीन कौर, आर्यन वर्मा, अनिकेत वर्मा, अनन्य कृष्ण मिश्रा, अमोल शुक्ला, शांभवी वर्मा, नम्रता गुप्ता, आर्या शुक्ला, प्रिया मिश्रा, नव्या गुप्ता, कुशाग्र अग्निहोत्री, संगम गुप्ता, पंकज अवस्थी, लवकुश अवस्थी उपस्थित रहे।

## रामजी की निकली भव्य बारात, गूंजे जयकारे



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला स्थित अखाड़ा मृत्युंजय नाथ मंदिर से रामजी की भव्य बारात बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ निकाली गई। कथा व्यास के रूप में श्री धाम वृंदावन से पधारे राधिका शरण महाराज, राधा किशोरी और शिव श्याम किशोरी की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रामजी की बारात को रवाना किया। इसके बाद क्षेत्रवासियों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ सहभागी होकर नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। अखाड़ा मृत्युंजय नाथ मंदिर प्रांगण में विधिवत पूजा अर्चना के बाद बारात नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। यात्रा के दौरान लगातार जयकारों और भजन कीर्तन की गूंज से वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया। आयोजकों के अनुसार आज 22 नवंबर को अखाड़ा मृत्युंजय नाथ मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर एसडीएम ने की समीक्षा बैठक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद गोला में मतदाता पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बैठक आयोजित की। एसडीएम ने बीएलओ और सभासदों के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर देते हुए परस्पर परिचय और मोबाइल नंबरों का आदान प्रदान करवाया। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ निर्धारित समयावधि के भीतर 4 दिसम्बर तक कार्य पूर्ण करें। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिससे भविष्य में होने वाले चुनाव सुचारु रूप से संचालित हो सकें। उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ अभियान में सहयोग कर रहा है और प्रत्येक वार्ड में बीएलओ को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। पालिकाध्यक्ष ने सभी सभासदों से भी अपील की कि वे बीएलओ के साथ मिलकर क्षेत्र की प्रत्येक पात्र जनता का नाम मतदाता सूची में शामिल करवाएं। बैठक में सभासद नानक चन्द्र वर्मा, आशीष अवस्थी, धर्मेंद्र तिवारी, राजेश वर्मा, अनिल गुप्ता, धर्मेन्द्र जायसवाल, दानिश राईस, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा तथा कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार मौजूद रहे।

## मतदाता डिजिटाइजेशन शीघ्र पूर्ण करने वाले बीएलओ सम्मानित

श्रावस्ती। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनपद श्रावस्ती में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रक्फ़) अभियान प्रचलित है। विधानसभा 289-भिनगा एवं 290-श्रावस्ती के ऐसे बी०एल०ओ०, जो 27 नवम्बर 2025 तक अपने भाग संख्या के सभी मतदाताओं का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण कर लेंगे, उन्हें जिला प्रशासन द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप विशेष सुविधाएँ प्रदान की जायेंगी। इसके अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा बी०एल०ओ० को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र वितरित किये जाएंगे। साथ ही परिवार सहित अच्छे होटल में लंच/डिनर तथा वन विभाग के मैन्ग्रोव जंगल सफारी (सिरसिया रोड) की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इन प्रोत्साहनों का उद्देश्य रक्फ़ अभियान को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराना है, जिससे मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया को और अधिक गति मिल सके।

## रमियाबेहड़ में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न

धौरहरा खीरी। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में लखीमपुर ब्लॉक की प्रतियोगिताओं का आयोजन गुरुवार को लालपुर स्टेडियम में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। दौड़, कबड्डी, वॉलीबाल, खो-खो, गोला फेंक सहित विभिन्न खेलों में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं, जो 26 व 27 नवम्बर को होंगी, में अपना कौशल दिखाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर किया, जबकि खेल शिक्षक प्रेम प्रकाश ने खिलाड़ियों को खेल भावना और निष्पक्षता की शपथ दिलाई। शुक्रवार को रमियाबेहढ में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन श्री लीलानाथ ग्राउंड परिसर में हुआ इस दौरान विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण बच्चों को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। बीईओ रमियाबेहढ फूलचंद ने खिलाड़ियों को पूरे मनोयोग और ईमानदारी के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं के समापन में विजयी बच्चों को प्रमाणपत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीईओ फूलचंद, खेल कोच मुनव्वर, खेल शिक्षक प्रेम प्रकाश, शिक्षक संघ के अध्यक्ष उमेश चौरसिया, मंत्री ओम प्रकाश, परशुराम जिला अध्यक्ष शिक्षक संघ, राकेश प्रताप, तारकेश्वर राय, एआरपी अरुण चतुर्वेदी, पवन तिवारी, आयुष श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, नोडल शिक्षक और अनुदेशक मौजूद रहे।

संक्षेप

## पंचायत सहायकों का प्रशिक्षण आयोजित

**देवरिया।** शहर के राघवनगर स्थित उमा इंस्टिट्यूट आफ मैंनेजमेंट टेक्नोलॉजी मे देवरिया सदर ब्लाक के पंचायत सहायको का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षक आशुतोष दूबे ने पंचायत ऐड्वैन्समेन्ट इंडेक्स एवं सीएससी के बारे मे बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायत सहायकों को न सिर्फ विभागीय योजनाओं से अवगत कराना है। बल्कि उनकी तकनीकी दक्षता और कार्यकुशलता को भी सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने योजनाओं और तकनीकी प्रक्रियाओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी दी।प्रशिक्षक प्रदीप मणि ने बताया कि यह प्रशिक्षण पंचायत सहायकों की कार्यशैली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण मे अजय दूबे द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण जैसे विभागीय पोर्टल का संचालन और इंटरनेट आधारित कार्य प्रदान कैसे किया जाना है के बारे मे बताया गया।शम्भू दूबे द्वारा बताया गया कि नए पंचायते लाभकारी होगा।

# एसपी ने पुलिस लाइन का लिया जायजा

जिला संवाददाता

देवरिया ।पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा पुलिस लाइन देवरिया का विस्तृत निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस लाइन की सभी महत्वपूर्ण शाखाओं और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए
पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित आदेश कक्ष में ड्यूटी चार्ट, परेड बुक, उपस्थिति रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को बारीकी से जांचा।

उन्होंने सभी रजिस्टरों पर सत्यापन हस्ताक्षर किए और संबंधित अधिकारियों को सभी अभिलेखों को अद्यतन तथा पारदर्शी तरीके से संचालित करने की हिदायत दी।इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन के आरटीसी का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम, फिजिकल ट्रेनिंग, ड्रिल अभ्यास, शस्त्र प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण सामग्री की उपलब्धता का जायजा लिया।प्रशिक्षण में शामिल पुलिस कर्मियों से उन्होंने जरूरी



जानकारी ली और उन्हें पेशेवर दक्षता बढ़ाने के लिए गंभीरता और पूरी लगन के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने की सलाह दी।

निरीक्षण के दौरान एस पी ने शस्त्रागार, परिवहन शाखा, बैरक, मेस, स्वास्थ्य इकाई, परेड ग्राउंड तथा परिसर की स्वच्छता की स्थिति का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन वह स्थान है जहाँ से पुलिस बल का मनोबल और कार्यक्षमता तैयार होती है, इसलिए यहां उपलब्ध समस्त व्यवस्थाएं उच्च स्तर की होनी चाहिए।पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता, बैरक की स्वच्छता एवं पुलिस कर्मियों की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, उपकरणों की उपलब्धता और वाहनों की नियमित सर्विसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस दौरान क्षेत्राधिकारी सलेमपुर श्री मनोज कुमार, क्षेत्राधिकारी आरटीसी दीपशिखा वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक श्री विजय राज सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## शिविर में दी गयी बैंक जमा संपत्तियों की जानकारी

**बांदा।** वित्त मंत्रालय के निर्देशों के चलते शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में छ्आदवा वित्तीय संपत्ति विशेष शिविरह का आयोजन हुआ। इसमें लोगों को बैंक जमा, बीमा पॉलिसी, लाभांश, शेयर, म्यूचुअल फंड से संबंधित अनक्लेम्ड वित्तीय संपत्तियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य अनक्लेम्ड डिपाजिट संबंधित राशि को उनके वास्तविक दावेदारों या उत्तराधिकारियों तक पहुँचाना है। अग्रणी बैंक प्रबंधक रवि शंकर ने बताया कि जनपद में 1,15,420 खातों में कुल 38.63 करोड़ रुपये लावारिस राशि के रूप में उपलब्ध है, जिसे खाताधारक केवाईसी पूर्ण कर पुनः प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि शाखा स्तर पर यह 100 दिवसीय कैंप 1 अक्टूबर से चल रहा है और यह 10 जनवरी तक चलेगा। इसमें लोग अपने खातों से संबंधित औपचारिकताएँ पूरी कर राशि का दावा कर सकते हैं। खाताधारक भारतीय रिजर्व बैंक के उद्गम पोर्टल पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## देवरिया के छात्र पहली बार टेलिस्कोप से देखेंगे चंद्रमा के गड्ढे और शनि के छल्ले

देवरिया। देवरिया जनपद में विद्यार्थियों को खगोल विज्ञान का प्रत्यक्ष अनुभव दिलाने हेतु 24 से 26 नवंबर 2025 तक राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) देवरिया में तीन दिवसीय विशेष खगोल विज्ञान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की पहल एवं सहयोग से संभव हो पाया है। पूरे उत्तर प्रदेश में इस वर्ष यह विशिष्ट कार्यक्रम केवल देवरिया जिला ही आयोजित कर रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना है, ताकि भविष्य में वे विज्ञान के उन्नत क्षेत्रों की ओर अग्रसर हो सकें। डीएम दिव्या मित्तल ने जिले के विद्यार्थियों को खगोल विज्ञान जैसे उन्नत क्षेत्र से जोड़ने के उद्देश्य से मुंबई के नेहरू तारामंडल के प्रसिद्ध खगोलशास्त्री एवं मानव व्याख्याता श्री एस. नटराजन को आमंत्रित किया है। श्री नटराजन देशभर में 3500 से अधिक वैज्ञानिक व्याख्यान दे चुके हैं और खगोल विज्ञान को सरल तरीके से समझाने के लिए जाने जाते हैं। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण विशेष टेलिस्कोप से रात में किए जाने वाले लाइव अवलोकन सत्र हैं, जिनमें प्रतिभागी अपनी आँखों से चंद्रमा के गड्ढे, शनि के छल्लों तथा आकाश में स्थित कई अन्य खगोलीय पिंडों को स्पष्ट रूप से देख सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान रंगीन स्लाइड्स और इंस्यामक प्रस्तुतियों के माध्यम से ब्रह्मांड, ग्रहों, तारों और आकाशगंगाओं की संरचना जैसी जटिल विषयों को सरल रूप में समझाया जाएगा। राजकीय इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज, नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय देवरिया के छात्र-छात्राएँ इस कार्यक्रम भाग लेंगी।

## रिवर रेंचिंग कार्यक्रम और गोष्ठी का आयोजन

**देवरिया ।** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, हैदराबाद द्वारा प्रायोजित रिवर रैंचिंग कार्यक्रम का आयोजन 20 नवम्बर 2025 को छोटी गंडक हेतिमपुर घाट पर एक लाख मछली के बच्चे एवं 21 नवंबर विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर पकहां घाट,खनुआ नदी में एक लाख मत्स्य बीच छोड़ा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा छोटी गंडक हेतिमपुर घाट में में 1.00 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं एवं खनुआ नदी में 1.00 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का संचय (स्टॉकिंग) किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवरिया विजय कुमार मिश्र द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के स्वागत से हुआ।उन्होंने रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के उद्देश्य, मत्स्य सम्पदा के संरक्षण के महत्व तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित जनसमूह को प्रदान की। कार्यक्रम में उप निदेशक मतस्य गोरखपुर मंडल ब्रजेश हलवाई द्वारा नदी के ईको सिसटम हेतु मछली के संचय को उपयोगी बताया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य द्वारा मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके उपरांत मत्स्य अंगुलिकाओं का प्रवाह कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से हेतिमपुर नगर पंचायत अध्यक्ष बीरेंद्र यादव, ब्लॉक प्रमुख देसही देवरिया, ओमप्रकाश निषाद, जगदीश निषाद तथा मत्स्य विभाग के मत्स्य निरीक्षक रितेश साही, कुलदीप सक्सेना एवं अनुराग निषाद कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## आईटीआई बैतालपुर में प्लेसमेंट 26 को

**देवरिया ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बैतालपुर के प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्थान में आगामी 26 नवंबर को प्रातः 10 बजे से प्लेसमेंट आयोजित की जाएगी। इस प्लेसमेंट प्रक्रिया में इंडो ऑटोटेक लिमिटेड, अहमदाबाद (गुजरात) एवं रिको ऑटो इंडस्ट्रीज लिमिटेड, आईएमटी मानेसरझबावल, रेवाड़ी भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि इस भर्ती प्रक्रिया में 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई (किसी भी ट्रेड) एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण अथवा अंतिम वर्ष में अध्ययनरत अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

## जल शक्ति मंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का जोरदार स्वागत भाजपा कार्यकर्ताअरें ने कसया में माल्यार्पण कर किया गया। गुरुवार को जल शक्ति मंत्री श्री सिंह कुशीनगर पहुंचे और राँिंड विश्राम किया इसके पश्चात शुक्रवार की सुबह वह एक निजी होटल पहुंचे जहां उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डॉ संतराज यादव, सीओ, एसओ और पुलिस बल मौजूद रहे। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह यहां से ओमप्रकाश के आवास पर पहुंचे जहां भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, ओमप्रकाश जयसवाल, आदि ने स्वागत किया। जल शक्ति मंत्री ने सिंह पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि हर घर नल जल योजना महत्वपूर्ण योजना है। इसे घर घर पहुंचाने के लिए जन जागरण के लिए जनप्रतिनिधि और जागरूक लोग आगे आएं। बिहार में एनडीए की जीत पर कहा कि भाजपा के लिए राजनीति व्यापार नहीं मिशन है। इतिहास पर गौर करेंगे तो आप पाएंगे कि पंडित उपाध्याय, अटल जी जैसे राष्ट्र गौरव के सिद्धांतों पर चलते हुए पार्टी विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए समर्पित है। कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन के विकास के कार्य कर रही है। यहां से वह बुद्ध स्थली और वहां से देवरिया में पटेल जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में भाग लेने निकल गए। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष जगदम्बा सिंह, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि, जिला महामंत्री संतोष दत्त राय, संजय शुक्ला, नगर मंडल अध्यक्ष आद्या पांडेय, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, सभासद प्रभुनाथ सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा पांडेय, रत्नेश श्रीवास्तव, रूपम सिंह, सुगंधा, किरन सिंह, फूलवंती चौहान, राधेश्याम गोंड, गोपालजी राय, बालिस्टर भारती, पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. चंद्रभूषण सिंह, एड शंभू, गौरव, दिनेश, प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह, उमेश सिंह, पुष्कर आदि उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल ने देश को जोड़ने का काम किया: स्वतंत्र देव सिंह

**देवरिया ।** टुकड़ों में बंटे हमारे देश को एकसूत्र में पिरोने का काम किया सरदार पटेल ने, उक्त बातें प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने शुक्रवार को शहर में निकाले गए एकता पदयात्रा के पश्चात रामचंद्र विद्यार्थी पार्क में हुई जनसभा को संबोधित करते

**● जलशक्ति मंत्री ने एकता पदयात्रा में की शिरकत**

हुए कहीं । सरदार पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर के महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज से एकता पदयात्रा निकाली गई जो कोतवाली रोड होकर जिलाधिकारी आवास, कचहरी चौराहा, राघवनगर, हनुमान मंदिर होते हुए क्वापरेटिव चौराहा, नगरपालिका, सुभाष चौक होते हुए रामचंद्र विद्यार्थी पार्क पहुंची जहां जनसभा कर यात्रा का समापन किया गया । यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी और पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे। यात्रा के दौरान रास्ते में पढ़ने वाले महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर जलशक्ति मंत्री ने माल्यार्पण भी किया तथा नगरवासियों ने जगह जगह पुष्पवर्षा भी किया ।

इस दौरान हुए सभा को संबोधित करते हुए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरदार पटेल द्वारा देश की अखंडता और राष्ट्रीय एकता के लिए किए गए कार्यों को याद करना और युवा पीढ़ी तक पहुंचाना है।

सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज सरदार पटेल के आदर्शों पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा है, जिसका श्रेय लौह पुरुष सरदार पटेल को जाता है।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि स्वतंत्र भारत की रियासतों के विलय और अखंड भारत के निर्माण में सरदार पटेल के ऐतिहासिक योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। पदयात्रा के समापन पर कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल के विचारों को आत्मसात करने तथा समाज में एकता, सद्भाव और राष्ट्रहित के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राजकीय इंटर कालेज के पास राष्ट्रीय एकता यात्रा



के पहुचने पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने यात्रा के मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया, स्वतंत्र देव सिंह ने यहाँ सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि किया ।किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने यात्रा में चल रहे लोगो पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान सरदार पटेल अमर रहे, भारत माता की जय का नारा भी लगा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता नवीन सिंह ने किया ।इस दौरान पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, अंतर्यामी सिंह, मारकंडे शाही, नीरज शाही, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, अजय कुमार दुबे, अजय शाही, महामंत्री प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, संजय तिवारी, रमेश वर्मा, मुकुल मणि त्रिपाठी, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पांडे, अभिषेक राय अंकुर, शैलेन्द्र सिंह आजाद, प्रेम अग्रवाल, प्रभाकर तिवारी, दीपक सिंह पटेल, राधेश्याम शुक्ला, अमित मोदनवाल, विजय गोंड, विजेंद्र कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, रविशंकर नाथ त्रिपाठी, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, वीरेंद्र सिंह, रवि गुप्ता, सुधीर मद्धेशिया, अजय सिंह, नित्यानंद पांडे, अखिलेश त्रिपाठी, गोविंद चौरसिया, बजरंगी मणि सहित हजारों नगरवासी शामिल रहे ।

## कृषि यंत्रों के लिए ई-लॉटरी की प्रक्रिया सम्पन्न,21 किसान चयनित

**देवरिया ।** शासन के निर्देशानुसार कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं – प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर फॉर सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन तथा एसएमएएम योजना के तहत 20 एवं 21 नवंबर को ई-लॉटरी कराई गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर गांधी सभागार, विकास भवन देवरिया में जनपद स्तरीय समिति की उपस्थिति में ई-लॉटरी की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इन योजनाओं के तहत कुल 165 किसानों ने ऑनलाइन बुकिंग कर आवेदन किया था, जिनमें से 21 किसानों का चयन विभिन्न कृषि यंत्रों हेतु किया गया है। चयनित यंत्रों में रोटावेटर, पैडी/मल्टीक्रॉप थ्रेशर, हैरो, कृषि ड्रोन तथा कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना शामिल है। चयनित किसानों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से बिल अपलोड करने की अंतिम तिथि की सूचना भेज दी गई है उप निदेशक कृषि सुभाष मौर्य ने चयनित किसानों से अपील की है कि निर्धारित अवधि में कृषि यंत्र खरीदकर पोर्टल पर बिल, यंत्र के साथ फोटो, लेजर कटिंग नंबर की फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, जाति प्रमाण पत्र, शपथपत्र तथा बैंक स्टेटमेंट अपलोड करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पत्रावली किसान स्वयं या परिवार के सदस्य द्वारा ही कार्यालय में जमा की जाएगी, किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत फाइल स्वीकार नहीं की जाएगी ई-लॉटरी के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी तथा प्रगतिशील किसान वेदव्यास सिंह, मोहन पाठक, उमेश मल्ल, गंगा कुशवाहा, मनोज कुमार यादव और जिला पंचायत सदस्य अनिल कुमार मल्ल उपस्थित रहे।

## मेडिकल कॉलेज में मुंह के कैंसर की सर्जरी शुरू



**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सकों की एक टीम ने प्राचार्य डा.मयंक शुक्ला के नेतृत्व में एक बुजुर्ग पुरूष के मुंह के कैंसर का निशुल्क जटिल ऑपरेशन कर उसे जीवन जीने का दूसरा मौका दिया। यह जिले में हुई इस तरह की पहली सर्जरी है, जिसने साबित कर दिया है, कि अब मुंह के कैंसर का इलाज इस छोटे शहर में भी संभव है। जिले के ग्राम मगरपुर निवासी 72 वर्षीय हनुमंत, जो पिछले कई महीनों से मुंह में एक छाले से, जो लगातार बढ़ रहा था एवं दर्द से परेशान थे। उन्होने कई डॉक्टरों से संपर्क किया, लेकिन हर जगह उन्हे यह सलाह मिली की इस गंभीर समस्या का इलाज सिर्फ बड़े शहरों में ही हो सकता है। आर्थिक तंगी के कारण उनका परिवार कहीं ओर जाने में असमर्थ था। निराशा के इस दौर में मरीज को उम्मीद की एक किरण तब दिखी जब वह मेडिकल कॉलेज पहुंचे, यहां दंतरोग विभाग में तैनात मैक्सिलोफेशियल सर्जन डा.दीपिका कुमारी जैन ने गांठ की जांच की और पाया कि यह मुंह की गांठ कोई सामान्य गांठ नही थी। यह कैंसर की गांठ थी, जिसके लिए तुरन्त ऑपरेशन की जरूरत थी। विभागाध्यक्ष डा.प्रियंका गुवरैले के साथ डॉक्टरों की टीम में मुख्य सर्जन डा.दीपिका कुमारी जैन, सहायक सर्जन डा.कोकिल, डा.रितुल ने सर्जरी को सफलतापूर्वक किया। साथ में नर्सिंग स्टाफ प्रभा, दीप्ति एंव राजेन्द कुशवाहा शामिल रहे। डा.दीपिका ने फेशियल प्लास्टिक सर्जरी से चेहरे की चमड़ी से गाल का पुनः निर्माण भी किया।

# अनुपस्थित चल रहे सीएचओ पर की जाये कार्रवाई: सीएमओ

**देवरिया।** ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के धनवंतरी सभागार में शुक्रवार को सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में टीबी मुक्त भारत के लिए टीबी और एनसीडी स्क्रीनिंग से सम्बंधित समीक्षा बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के साथ की गई। बैठक में सलेमपुर, लार, भटनी और भागलपुर ब्लॉक के सीएचओ ने प्रतिभाग किया।

इस दौरान सीएमओ ने लापरवाही पर सभी को फटकार लगाते हुए लक्षित आबादी का 30 प्रतिशत उच्च जोखिम वाली आबादी का शत प्रतिशत टीबी स्क्रीनिंग कराने का निर्देश दिया। सभी सीएचओ अपने सेंटर नियमित उपस्थिति रहते से स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराएं।उन्होंने निर्देश दिया कि लम्बे समय से अनुपस्थित चल रहे सीएचओ पर कार्रवाई की जाए।उन्होंने डीसीपीएम राजेश गुप्ता को कार्रवाई के लिए पत्रावली उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

इस दौरान सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि सभी सीएचओ ईमानदारी के साथ बेहतर कार्य करें। समुदाय के बीच जाकर कैम्प के माध्यम से टीबी की स्क्रीनिंग करें। टीबी के मरीज को समुचित जानकारी व इलाज में मदद करने, टीबी मुक्त बनाने में सहयोग करने पर विशेष जोर दें। सभी को टीबी से कैसे बचाव, रोग होने पर तत्काल इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रशिक्षण दिया गया गया है।

इस लिए इस कार्य को गंभीरता के साथ पूरा करें। इसके साथ ही सीएमओ ने कहा कि सीएचओ 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की शत-प्रतिशत एनसीडी (गैर-संचारी रोग) स्क्रीनिंग करनी करें, जिसमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप और सामान्य कैंसर (मौखिक, स्तन, गर्भाशय ग्रीवा) शामिल हैं। जिसका उद्देश्य समय पर रोगों का पता लगाना और उपचार करना है। सभी पात्र व्यक्तियों की स्क्रीनिंग हो सके ताकि रोगों का शीघ्र पता लगाकर जोखिम को कम किया जा सके। सीएचओ डीबीडीएमएस पोर्टल से शत प्रतिशत इंडेट कर दवा ड्रग हॉउस से लेना सुनिश्चित करें। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर ट्रिपल ए की बैठक में आशा व आंगनबाड़ी का उपस्थिति सुनिश्चित करें, सभी 14 प्रकार की सभी जांच करना सुनिश्चित करें।

बैठक में एसीएमओ आरसीएच डॉ अजय शाही, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, डीटीओ डॉ राजेश, डीसीपीएम डॉ राजेश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे

## बजरंग सेना ने स्वामी प्रसाद मौर्य का फूंका पुतला

ललितपुर। बजरंग सेना संगठन ने सनातन धर्म हिंदुत्व का लगातार विरोध कर रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला जलाया। बताया कि दो दिन पूर्व ललितपुर दौरे पर आए स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिंदू जोड़ो यात्रा पर सवाल उठाए थे। अपनी प्रेस वार्ता में स्वामी प्रसाद मौर्य ने श्री रामचरितमानस पर एक बार फिर अभद्र टिप्पणी की और बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पर राजद्रोह का मुकदमा दर्ज होने की बात कही थी, जिससे हिंदूवादी संगठन बजरंग सेना में काफी आक्रोश था, जिसको लेकर सभी सभी पदाधिकारी ने तुवन मंदिर से घंटाघर तक स्वामी प्रसाद मौर्य के पुतले को घसीटते हुए लातों जूते से मारते हुए थूकते हुए पुतले को घंटाघर पर जलाया गया। इस दौरान डा.दीपक पस्तोर, रामकुमार तिवारी, खुशाल समैया, राधे गोस्वामी, दीपक त्रिपाठी, सुशील श्रीवास्तव, जयराम सेन, दीपक आदि उपस्थित रहे।

## नागरिक सुरक्षा कोर में अवैतनिक स्वयंसेवकों की भर्ती, 29 नवंबर तक होगा आवेदन

**देवरिया।** अतिरिक्त उप जिलाधिकारी/ प्रभारी अधिकारी नागरिक सुरक्षा कोर ने बताया है कि जनपद के नगरीय क्षेत्रों में नागरिक सुरक्षा कोर के अवैतनिक स्वयंसेवकों की नियुक्ति की जाएगी उन्होंने बताया कि नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 के अंतर्गत संगठन का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण, अभ्यास एवं हवाई हमलों से जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही शांति काल में नागरिकों को भविष्य में संभावित युद्ध या आपदा की परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित करने का दायित्व भी नागरिक सुरक्षा संगठन का है। नगर स्तर पर नागरिक सुरक्षा योजना तैयार करना तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना भी इसकी जिम्मेदारियों में शामिल है। उन्होंने बताया कि नागरिक सुरक्षा कोर में नियुक्ति के लिए आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 वर्ष से 60 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है। महिला एवं पुरुष दोनों आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। आवेदक का चरित्र उत्तम एवं अराजनीतिक होना चाहिए। आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, अग्निशमन या सुरक्षा कार्यों में अनुभव रखने वालों को वरीयता दी जाएगी।

# 1 दिसंबर से शुरू होगी बिजली बिल राहत योजना

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बिजली बिल राहत योजना 2025झ26 की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि यह योजना 1 दिसंबर से लागू हो रही है, जिसके

**● डीएम ने की अधिकतम लाभ लेने की अपील**

अंतर्गत उपभोक्ताओं को सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट के साथ अतिरिक्त 25 प्रतिशत तक राहत प्रदान की जाएगी।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि योजना का लाभ अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचे, इसके लिए ग्रामों में मुनादी कराई जाए तथा ग्रामवार मुनादी करने वालों एवं ग्राम प्रधानों के फोटोग्राफ उपलब्ध कराए जाएँ। उन्होंने पंजीकरण प्रक्रिया पर विशेष जोर देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को योजना की विशेषताओं से अवगत कराकर अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। रजिस्ट्रेशन की सुविधा जन सेवा केंद्र, विद्युत सखी, फिटनेक कंपनियों के प्रतिनिधि, मीटर रीडर व बिलिंग एजेंसी के माध्यम से उपलब्ध कराई




जाएगी। बिल भुगतान के लिए कैश व ऑनलाइन दोनों विकल्प रहेंगे। अधीक्षण अभियंता विद्युत राकेश मोहन ने जानकारी दी कि पंजीकरण 1 दिसंबर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक तीन चरणों में कराया जाएगा। पंजीकरण हेतु ?2000 जमा करने होंगे। उपभोक्ता बिल भुगतान के लिए तीन विकल्प जैसे एकमुश्त भुगतान, 750 मासिक किस्त 500 मासिक किस्त चुन सकते है।

योजना का लाभ उन उपभोक्ताओं को भी मिलेगा जिन पर आरसी जारी, कनेक्शन कटे हुए, अथवा जिन्होंने कभी बिल जमा नहीं किया। एकमुश्त भुगतान करने पर 100 प्रतिशत सरचार्ज छूट व 25 प्रतिशत अतिरिक्त छूट, दूसरे चरण में 20 प्रतिशत अतिरिक्त छूट, तीसरे चरण में 15 प्रतिशत अतिरिक्त छूट। इसके अलावा 750 मासिक किस्त वाले उपभोक्ताओं को भी 100 प्रतिशत सरचार्ज छूट तथा 31 मार्च 2025 के बाद भुगतान की स्थिति में 10% छूट मिलेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार होर्डिंग, पोस्टर, बैनर व सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाए, ताकि जनपद का हर उपभोक्ता इस राहत योजना का लाभ उठा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अधीक्षण अभियंता विद्युत सहित समस्त अधि0 अभि0, एसडीओ, जेई आदि उपस्थित रहे।

# अवैध निर्माण की शिकायत पर डीएम सख्त

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने ग्रामसभा खैरटिया, तहसील तमकुहीराज में कथित अवैध निर्माण के संबंध में उप जिलाधिकारी तमकुहीराज द्वारा प्रस्तुत आख्या के आधार पर बताया कि उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार ग्रामवासियों ने 13 नवंबर को शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम प्रधानपति प्रशुराम सिंह द्वारा दबंगई के बल पर ग्रामसभा की भूमि पर निजी भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि ग्राम प्रधान इसे ह्लअन्नपूर्णा भवनह्व बताकर उचित ठहराने का प्रयास कर रहे हैं ।जांच में पाया गया कि उक्त निर्माण के

**● बेदखली व नोटिस की कार्यवाही के दिए निर्देश**

लिए विकास खंड स्तर से किसी भी प्रकार की वित्तीय अथवा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। खंड विकास अधिकारी सेवरही द्वारा प्रभारी अधिकारी (शिकायत), कलेक्ट्रेट कुशीनगर को उपलब्ध कराई गई आख्या में स्पष्ट किया गया कि ग्रामसभा खैरटिया के टोला मुकुन्दछापर में अन्नपूर्णा भवन निर्माण हेतु कोई स्वीकृत योजना नहीं है। ग्राम प्रधान का यह तर्क कि भूमि प्रबंधक समिति की बैठक में अन्नपूर्णा भवन निर्माण का प्रस्ताव पारित है, विचारणीय पाया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि केवल भूमि प्रबंधक समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित होना विधिक आधार नहीं है, क्योंकि ऐसे प्रस्तावों को कार्यान्वित करने के लिए विभागीय स्वीकृति एवं वित्तीय अनुमोदन अनिवार्य है। उन्होंने यह भी प्रश्न उठाया कि जब विकास खंड से कोई वित्तीय स्वीकृति प्राप्त नहीं है, तो भवन निर्माण में उपयोग हो रही धनराशि का स्त्रोत क्या है। ऐसे परिदृश्य में निजी भवन निर्माण की मंशा से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तहसीलदार तमकुहीराज को ग्रामसभा मुकुन्दछापर की आराजी संख्या 159 एवं 158 (बंजर) पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित बेदखली की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान के विरुद्ध उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम की धारा 95(च) के तहत नोटिस जारी किए जाने के आदेश देते हुए स्पष्ट किया कि ग्रामसभा की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा बिना स्वीकृति निर्माण स्वीकार नहीं किया जाएगा और कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**पाटन, उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के केदारखेड़ा निवासी लालू पुत्र बदलू लंबे समय से तारीख पेशी पर गैर हाजिर चल रहा था। एस आई वीरेंद्र सिंह ने हम राही पुलिस बल के साथ वारंटी को जो घर के दरवाजे पर बैठा था उसे गिरफ्तार किया।

इस संबंध में थाना प्रभारी राहुल कुमार गौरव ने बताया कि वारंटी के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 354, 504,व 506 में मुकदमा दर्ज है जो न्यायालय में विचाराधीन है ,तारीख पेसी से बराबर गैर हाजिर रहने पर न्यायालय द्वारा उरोक्त के खिलाफ गैर जमानती वॉरंट जारी किया गया, इसी क्रम में पुलिस ने वारंटी लल्लू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा दिया है।

## जारी की नवीन संपत्ति मूल्यांकन दर सूची, आज से होगी प्रभावी

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (संपत्ति का मूल्यांकन) नियमावलीझ1997 तथा वर्ष 2013 एवं 2015 में संशोधित प्रावधानों के तहत जनपद कुशीनगर के सभी उपनिबंधक कार्यालय, पडरौना, हाटा, तमकुहीराज, कसया, कप्तानगंज एवं खड्डा के क्षेत्राधिकार में आने वाली सभी प्रकार की अचल संपत्तियों के नवीन मूल्यांकन दर निर्धारित कर दी गई है। इससे पूर्व जारी सभी दर सूचियाँ एवं दिशा-निर्देश अवकाशित माने जाएंगे। नई मूल्यांकन दर सूची 22.11.2025 से प्रभावी होगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि नवीन दर सूची के आधार पर ही सभी कार्यवाही की जाए।

## दिशा की बैठक 26 को

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया है कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा, देवरिया की बैठक पूर्व निर्धारित तिथि 25 नवंबर को आयोजित की जानी थी। लेकिन शासन स्तर से 25 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के कारण बैठक की तिथि में संशोधन किया गया है।

अब यह बैठक 26 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में आयोजित होगी।

संक्षेप

## कृषि यंत्रों के लिए ई-लॉटरी से 16 किसानों का चयन

**बांदा।** कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि यंत्रीकरण की सभी योजनाओं के तहत 10,000 रुपये से अधिक अनुदान वाले सभी कृषि यंत्रों ई-लॉटरी के जरिए किसानों को दिए गये। इसमें कस्टम हायरिंग सेन्टर, हैरो, पावर टिलर, स्ट्रा रीपर, कम्बाइंड हार्वेस्टर, टैक्टर पावर्ड, विदाउट टैक्टर, किसान ड्रोन, आपरेटेड चैफकटर, किसान ड्रोन, रोटावेटर, कल्टीवेटर की ई-लॉटरी जनपद स्तर पर गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति, डी०एल०ई०सी० की उपस्थिति में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई। जिले के सभी विकासखण्डों से 77 किसानों के बीच ई-लॉटरी प्रक्रिया हुई। ई-लॉटरी में चयनित एवं प्रतीक्षारत किसानों को उनके मोबाइल नम्बर पर एस०एम०एस० के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड की अंतिम तिथि की सूचना पोर्टल के माध्यम से दी गयी है। लक्ष्य की सीमा तक चयनित लाभार्थी निर्धारित समय में यंत्र क्रय न करने की दशा में अवशेष लक्ष्यों के सापेक्ष ई-लॉटरी द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची के क्रम में लाभार्थियों का चयन स्वतः हो जायेगा। ई-लॉटरी प्रक्रिया में मुख्य विकास अधिकारी महोदय अजय कुमार पाण्डेय, उप कृषि निदेशक डॉ ए के एस यादव, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला प्रबन्धक अग्रणी बैंक, अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र एवं लाभार्थी किसान मौजूद रहे।

# मतदाताओं को एसआईआर फार्म की जानकारी देने में सुविधा दें: वान्या सिंह

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में एसआईआर से संबंधित उनकी समस्याओं एवं शंकाओं का समाधान के लिए बैठक का आयोजन किया गया।

अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ आयोजित बैठक में मौजूद सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आह्वान करते हुए कहा कि वह अपने बूथ लेवल अभिकर्ताओं को अनिवार्य रूप से तैनात करें ताकि उनके स्तर से भी बूथ लेवल अधिकारियों को सहयोग प्राप्त हो सके और एसआईआर के काम में अपेक्षित प्रगति लाई जा सके। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को पूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस कार्य को योजनाबद्ध रूप से किया जा रहा है ताकि आयोग की समय सीमा के अंतर्गत संपूर्ण प्रक्रियाओं को पूरा किया जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वान्या सिंह द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए आज इस्लामपुर दास स्थित बूथ नंबर 181 का निरीक्षण किया गया और बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मतदाताओं को यथासंभव सुविधा प्रदान करें और उनका सहयोग भी उपलब्ध कराएं ताकि सभी मतदाता अपने आवेदन पत्रों को भर कर जल्द से जल्द जमा कर सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आवेदन पत्रों में सभी सूचनाओं को सही और ध्यानपूर्वक अंकित की जाएं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि अगर फार्म का पूरा विवरण उनके पास नहीं है तो अपना नाम, मोबाइल नंबर माता पिता का नाम वाला कालम भर दें। ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद वह शेष डाक्यूमेंट देकर फार्म को पूरा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जन सामान्य की सुविधा के लिए चुनाव आयोग की वेबसाइट पर वर्ष-2003 की निर्वाचक नामावली को डाउनलोड कर अपना नाम देखें जाने तथा इसके साथ ही गणना प्रपत्र को जिजचेरू/अवजमते.मबप.हवअ.पद /के मदनमतंजपवद वितउ में जाकर ऑनलाइन भी भरे जाने की सुविधा प्रदान की गयी है। उन्होंने जन सामान्य का आह्वान करते हुए कहा कि वह स्वयं भी ऑनलाइनै प्त् के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाई गई वेबसाइट्स पर अपने आवेदन पत्रों में निर्धारित जानकारियां भरकर खुद भी अपलोड कर सकते हैं।

# हदबंदीशुदा जमीन पर जेसीबी मशीन से खुदाई कराकर कब्जा करने का आरोप

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** हदबंदीशुदा जमीन पर कब्जा किये जाने का आरोप लगाते हुये आधा दर्जन लोगों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में दबंगों पर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी गयी है। डीएम को दिये ज्ञापन में लोगों ने बताया कि नेशनल हाई-वे 44 रकवा 634/3 मसौरा जिसकी हदबंदी 8 अगस्त 1997 में

**● पीड़ित आधा दर्जन लोगों ने जिलाधिकारी को भेजा शिकायती पत्र, कार्यवाही की मांग**

उक्त अधिकारी द्वारा की गयी थी, जिस पर उक्त लोग अपनी-अपनी जमीन पर कब्जा रखते आ रहे हैं।

आरोप है कि पूर्व में एक व्यक्ति द्वारा आराजी संख्या 634/6 द्वारा सहायक चकबंदी अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें उक्त अधिकारी द्वारा सीमा को चिह्नाकित करने की कार्यवाही कर दी।

तदोपरान्त 7 जून 2024 को करन सिंह पुत्र गनपत सिंह द्वारा चकबंदी अधिकारियों को दिये प्रार्थना पत्र जिसमें भूमि संख्या 634/3 की सरहद की दुरुस्तगी के सम्बन्ध में दिया, जिस पर सहायक चकबंदी अधिकारी क्षेत्र मसौरा खुर्द द्वारा 27 जून 2024 को दुरुस्त कराकर अपना आख्या एवं नक्शा नजरी चकबंदी कार्यालय में प्रस्तुत की। आरोप है कि 19 नवम्बर 2025 को उक्त व्यक्ति द्वारा अपने साथियों के साथ मसौरा बैरियल पर आया और जेसीबी मशीन से 634/3 पर जबरन घुसकर खुदाई शुरू कर दी। सूचना मिलने पर जब लोग मौके पर पहुंचे तो उक्त व्यक्ति ने स्वयं को दबंग बताते हुये जेसीबी मशीन से खुदाई कर दी। उक्त आराजी संख्या 634/6 की भूमि का मुकदमा जिला के कई न्यायालयों में विचाराधीन है और उक्त व्यक्ति पहले भी विवाद कर चुका है।

उन्होंने जिलाधिकारी से प्रकरण में जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय करन सिंह पुत्र गनपत सिंह, विवेक तिवारी, शेर सिंह, बलवीर सिंह, हाकिम, केहर, राजपाल, राहुल, मनिन्दर सिंह, जसपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसान ने जान जोखिम में डालकर खेत में गुलदार की बनाई वीडियो, ग्रामीणों में खौफ



**बिजनौर।** ट्रैक्टर से खेत जोत रहे किसान ने दो गुलदार को खेत में घूमता देख अपनी जान जोखिम में डालकर गुलदार की वीडियो बना ली। गुलदार के खेतों में घूमने की वीडियो से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने की मांग की नगीना थाना क्षेत्र के नहटौर मार्ग स्थित ग्राम बघाला निवासी सरदार साहब सिंह गुरुवार को अपने घर के पास ट्रैक्टर से खेत जोत रहा था तभी अचानक एक ईख से एक के बाद एक दो गुलदार निकालकर खेत में आ खड़े हो गए। गुलदार को देखकर पहले तो सरदार साहब सिंह दहश में आ गया लेकिन उसके बाद साहब सिंह ने हिम्मत दिखाते हुए ट्रैक्टर की आवाज तेज कर दी। ट्रैक्टर की आवाज सुनकर दोनों गुलदार इधर-उधर भागने लगे। सरदार साहब सिंह ने मोबाइल से गुलदारों की वीडियो भी बना ली। वीडियों में गुलदार गन्ने के खेत से निकलकर दूसरे गन्ने के खेत में जाते दिखाई दे रहे है। सरदार साहब सिंह द्वारा खेतों में गुलदार घूमने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई। उधर साहब सिंह, विनोद कुमार, अभय कुमार, जितेंद्र कुमार, तेजपाल सिंह, पंकज कुमार आदि ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से गांव के जंगल में घूमते देखे गए गुलदारों को जल्द से जल्द पकड़वाने की मांग की है। उनका कहना है कि पिछले कुछ समय से गन्ने के खेतों में गुलदार होने की जानकारी मिल रही थी जिसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को भी दी थी लेकिन उसे समय वन विभाग के अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

# जमात-ए-इस्लामी हिंद का मकसद स्वस्थ समाज की स्थापना : नोमानी




**नगीना, बिजनौर।** जमात-ए-इस्लामी हिंद के जिलाध्यक्ष मोहतशिम नोमानी ने कहा कि इस्लाम मात्र किसी समूदाय विशेष का धर्म नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के लिए जीवन व्यतीत करने की एक व्यवस्था है।

शुक्रवार को नगीना के स्कोलर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जमात-ए-इस्लामी हिंद के जिलाध्यक्ष मोहतशिम नोमानी ने कहा कि जमात-ए-इस्लामी हिंद 21 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक एक देशव्यापी अभियान पड़ोसी के अधिकार के शीर्षक से चलाने जा रही है जिसमें जमात का उद्देश्य एक स्वस्थ समाज की स्थापना करना है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया है कि वह व्यक्ति मन कदापि नहीं हो सकता जो खुद पेट भरकर भोजन ग्रहण करें और उसका पड़ोसी भूखा सोए। जमात-ए-इस्लामी हिंदी के जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि आज सभी को मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शिक्षाओं पर अमल करने की जरूरत है और उन्हें ग्रहण करके ही हम एक स्वस्थ समाज और स्वस्थ पड़ोस का निर्माण कर सकते है।

## गले में रस्सी फंसने से युवक की मौत

**ललितपुर।** एक किसान की भैंस के गले में बंधी रस्सी से गला फंसने के कारण मौत हो गई। यह हादसा गुरुवार शाम को हुआ, जब भैंस अचानक दौड़ पड़ी और किसान का गला रस्सी में फंस गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली सदर के अंतर्गत ग्राम पटौराकलां निवासी 25 वर्षीय मंगल पुत्र भुजबल लोधी गुरुवार शाम अपने खेत पर भैंस चरा रहा था। उसने भैंस के गले में बंधी रस्सी का एक छोर अपने गले में डाला हुआ था। इसी दौरान भैंस ने अचानक दौड़ लगा दी, जिससे मंगल रस्सी के फंदे में फंसकर काफी दूर तक घिसटता चला गया। खेत पर काम कर रहे आसपास के परिजनों ने उसे देखा और तुरंत बचाने पहुंचे। हालांकि, तब तक मंगल गंभीर रूप से घायल हो चुका था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे उसका पोस्टमॉर्टम हो सका। मृतक के चचेरे भाई शेर सिंह ने बताया कि मंगल अपने एक बहन और दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री हैं। वह खेती-किसानी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने जानकारी दी कि शव का पोस्टमॉर्टम करा दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## चोरी के ई रिक्शा के साथ एक गिरफ्तार

**अयोध्या।** नगर कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी का ई रिक्शा बरामद हुआ है।

पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया है आरोपी काचालान किया है। देवकाली चैकी प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि सरयू विहार कॉलोनी वजीरगंज निवासी अनूप कुमार सोनकर ने ई रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका कहना था की किसी ने घर के सामने खड़ा उनका ई रिक्शा गायब कर दिया।

# हुनरमंद, योग्य और कुशल व्यक्ति को रोजगार की कठिनाइयों का नहीं करना पड़ता सामनाः राजपाल

**ललितपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में प्लेसमेन्ट डे/रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कैम्पस प्लेसमेन्ट डे/रोजगार मेले में 152 प्रशिक्षार्थी सम्मिलित हुये। कैम्पस प्लेसमेन्ट डे/रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा नियोजक के रूप में प्रशिक्षार्थियों का सेवायोजन हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें कुल 144 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राजपाल सिंह नोडल प्रधानाचार्य ने अपने व्यक्तिगत अनुभव द्वारा आई0टी0आई0 के सम्बन्ध में प्रकाश डालते हुये प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों को बताया कि हुनरमन्द एवं अनुभव से युक्त योग्य एवं कुशल व्यक्ति को रोजगार से सम्बन्धित

**आईटीआई ललितपुर में 144 प्रशिक्षार्थियों को हुआ चयन**

कठिनाइयों का सामना नही करना पड़ता है। उन्होने स्वरोजगार पर बल देते हुये बताया कि अभ्यर्थी हुनरमन्द होते हुये स्वरोजगार को अपनाये एवं दूसरो को रोजगार देते हुये स्वावलम्बी बनें। प्रशिक्षार्थियों के भविष्य निर्माण के सम्बन्ध में मार्ग दर्शन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त कार्यक्रम में चन्द्रभान प्रजापति, प्लेसमेन्ट प्रभारी, अनूप कुमार नामदेव, कार्यदेशक, अविनाश पासवान, प्लेसमेन्ट सह प्रभारी, अमित कुमार, अनुदेशक के द्वारा रोजगार मेले को सफल बनानें में विशेष सहयोग रहा।

## मालवा एवं दक्षिण एक्सप्रेस से चोरी गया मोबाइल व सामान

ललितपुर। मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना बीना की तहसील कुरबाई के बरबाई निवासी अर्पित जैन पुत्र कपिल कुमार जैन ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह 20 अक्टूबर को ट्रेन नं. 12920 मालवा एक्सप्रेस के कोच नं. एम-2 की बर्थ नं. 32 पर दिल्ली से बीना की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना खाकी रंग का पेपर बैग जिसमें प्यूमा कम्पनी के जूते कीमत 7 हजार रुपये सीट के नीचे रखकर सो गया। जब उसकी नींद खुली तो ललितपुर रेलवे स्टेशन आने वाला था। उसने देखा कि उसका पेपर बैग गायब था, काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला।

# जाति, धर्म से ऊपर उठकर मरीज का निःस्वार्थ भाव से गुणवत्ता पूर्ण करें उपचारः डॉ. मयंक



**ललितपुर।** एम0बी0बी0एस0 बैच 2025-26 के छात्र-छात्राओं का व्हाइटकोट सेरेमनी का आयोजन प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सेरेमनी में सर्वप्रथम प्रधानाचार्य उप प्रधानाचार्य डा0 श्रुति सिंह सहित समस्त विभागाध्यक्ष एवं समस्त संकाय सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान किया गया। इसके पश्चात

**● ललितपुर मेडिकल कॉलेज में हुआ व्हाइटकोट सेरेमनी कार्यक्रम**

एमबीबीएस छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया इसके पश्चात उप प्रधानाचार्य डॉक्टर श्रुति सिंह द्वारा बताया गया कि व्हाइटकोट सेरेमनी का आयोजन कब से और क्यों किया जा रहा है इसके बारे में बताते हुए बताया कि यह 19वीं शताब्दी से लगातार किया जा रहा है जिस जिसके अंतर्गत हिप्पोक्रेटिक (डॉक्टरों द्वारा ली जाने वाली पारंपरिक नैतिक प्रतिज्ञा) शपथ ली जाती थी। भारत सरकार द्वारा हाइपोक्रेटिक शपथ की जगह चरक शपथ ली जाती है, जिसके अंतर्गत हमें यह संकल्प लेना होता है कि हम हमारे जीवन में मरीज के हित में निस्वार्थ भाव से कार्य करेंगे। इसके पश्चात प्रधानाचार्य एवं समस्त संकाय सदस्य द्वारा एमबीबीएस बैच 2025- 26 के छात्र-छात्राओं को व्हाइटकोट पहनाया गया।

प्रधानाचार्य डा0 मयंक कुमार शुक्ला द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को चरक शपथ दिलाई गई एवं अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में समस्त छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि व्हाइटकोट पहनने के पश्चात हमें जाति धर्म से ऊपर उठकर चिकित्सा के क्षेत्र में चाहे वह उपचार चिकित्सा हो, रिसर्च चिकित्सा हो आदि सभी में इस तरह से मेहनत और लगन से पढ़ाई करनी होगी कि हम चिकित्सा क्षेत्र में अपने आप में ख्याति के साथ पहचान बना सके और अधिक से अधिक मरीज का निःस्वार्थ भाव से गुणवत्ता पूर्ण उपचार कर सके। कार्यक्रम के दौरान के दौरान डा0 रवि पचैरी, डा0 मधुरेन्द्र सिंह राजपूत डा0 पवन सूद, डा0 एम0सी0 गुप्ता, डा0 सतेन्द्र प्रजापती, डा0 अभिजात कुलश्रेष्ठ, डा0 आकृति यादव, डा0 देशनिधि सिंह, डा0 रविकान्त वर्मा, डा0 उत्कृष्ट लाहौरिया, डा0 ए0एच0 आमिर, डा0 अंकित शर्मा, डा0 घनश्याम अहिरवार, डा0 रजनी रतमेले, अंकुर सोनी, डा0 प्रद्युमन वर्मा, डा0 दिव्या स्वामी, नंदलाल यादव समस्त सीनियर एवं जूनियर रेजीडेण्ट आदि उपस्थित रहे।

# शहीदी दिवस को समर्पित गुरु तेग बहादुर जन जागृति यात्रा का नगीना में भव्य स्वागत



**नगीना, बिजनौर।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वे शताब्दी शहीदी दिवस को समर्पित एक जन जागृति यात्रा का आयोजन गुरुद्वारा सिंह सभा धामपुर द्वारा किया गया। यात्रा धामपुर से 19 नवंबर की सुबह 7 बजे से शुरू होकर स्योहारा, ताजपुर, नूरपुर, हल्दौर, बिजनौर, किरतपुर, नजीबाबाद से होते हुए रात्रि लगभग 8 बजे नगीना पहुंची। नगीना की संगत द्वारा यात्रा का स्वागत नगीना में रेलवे डबल फाटक के पास फूलों की वर्षा कर किया गया। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब एवं भाई मती दास जी ,भाई सती दास जी, भाई दयाल जी की शहीदी को समर्पित इस विशाल जन जागृति यात्रा का आयोजन गुरुद्वारा सिंह सभा धामपुर द्वारा किया। यात्रा में सबसे आगे एक जीप में पंच प्यारे सवार थे और उनके पीछे मोटरसाइकिल सवार श्रद्धालुओं का जत्था चल रहा था। फूलों से सुसज्जित बस पर गुरु महाराज जी की सवारी विद्यमान थी। यात्रा में शामिल एक बस पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के लोग और दूसरी बस पर संगत सवार थी और पीछे अनेकों कारों का काफिला था। यात्रा में किए जा रहे भजन कीर्तन से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया था। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना द्वारा यात्रा के सभी आयोजकों को सरोपा देकर सम्मानित किया गया तथा यात्रा में शामिल सभी संगतो को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना द्वारा जलपान एवं प्रसाद आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना केवल पाल सिंह, मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, सुखविंदर सिंह उर्फ गेंदा, हरमीत मल्होत्रा, नरेन्द्र मल्होत्रा, जगमीत मल्होत्रा, एडवोकेट हरदयाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, शिव मिगलानी, युद्धवीर सिंह, हरजिंदर कौर, अजीत कौर, रमिंदर कौर, अवनीत कौर, मनप्रीत कौर, करनप्रीत सिंह, हरप्रीत कौर, सौरभ मित्तल, लवी मित्तल आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विधायक ने चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं



**ललितपुर।** ग्राम पंचायत ऐरा, विकास खण्ड बिरधा (ललितपुर) में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा जनसमस्याओं के समाधान हेतु एक चौपाल का आयोजन किया गया। विधायक ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़ी मांगों को विस्तार से सुना। इस मौके पर प्राप्त शिकायतों व सुझावों पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर पारदर्शिता, सुशासन और योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना है।


इस अवसर पर परियोजना निदेशक दीपक यादव, बीडीओ इरशाद अहमद, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र रजक आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। विधायक ने इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं जिनमें पेयजल आपूर्ति, सड़क एवं नाली निर्माण, आवास पात्रता, बिजली व्यवस्था, राजस्व व किसान से जुड़ी समस्याएँ, सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन योजनाएँ, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की। विधायक ने आश्वासन दिया कि सभी वास्तविक समस्याओं का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा।

# एसपी ने ली परेड की सलामी आरक्षियों को प्रशिक्षण



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। उन्होने अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया। सलामी के उपरांत रिक्रूट आरक्षियों को बलवा, दंगा नियंत्रण से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों को बताया गया कि शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी आकस्मिक, आपात स्थिति से प्रभावी रूप से निपटने के लिए दंगा नियंत्रण उपकरणों का पूर्ण ज्ञान एवं दक्षता अत्यंत आवश्यक है। रिक्रूट आरक्षियों को एंटीराइट गन, प्लास्टिक पैलेट, रबर बुलेट, आंसू गैस गोले, चिल्ली बम दंगा-निरोधक उपकरणों के उपयोग की विधि, सुरक्षा मानक तथा वास्तविक परिस्थितियों में इनका प्रयोग कैसे किया जाता है, इसकी व्यावहारिक जानकारी और प्रशिक्षण दिया। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि दंगा-निरोधक उपकरण सदैव तैयार अवस्था में रखें, किसी भी आपात स्थिति की सूचना मिलते ही त्वरित रिस्पांस सुनिश्चित करें तथा दंगा नियंत्रण के प्रत्येक चरण में सतर्कता, संयम और समन्वय बनाए रखें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी लाइन मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, आरटीसी प्रभारी, अन्य अधिकारी एवं प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# छात्राओं को कराया जा रहा शैक्षिक भ्रमण




**महोबा।** अध्ययन के साथ-साथ तकनीकी एवं ऐतिहासिक ज्ञानार्जन से आत्मनिर्भर एवं नवीन शैक्षिक योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराया जा रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने बताया कि सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ अन्य व्यावहारिक तथा अपने पैरों पर खड़े होने वाली अन्य गतिविधियों को सीखने का मौका देता है। जिससे आगे चलकर छात्राएं देश की प्रगति एवं विकास में भी अपना योगदान दे सकती है। भ्रमण के दौरान पर रश्मि श्रीवास्तव, रंजना श्रीवास्तव, नेहा सोनी, नीलम सोनी, कल्पना अग्रवाल, स्वाति, प्रियंका, सीता, रोहिणी, उमा, रामप्यारी आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# सदर विधानसभा एकता यात्रा में उमड़ा जन सैलाब



**बांदा।** विधायक प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में सदर विधानसभा क्षेत्र में भव्य विशाल एकता यात्रा का आयोजन हुआ। यह यात्रा सरदार वल्लभ भाई पटेल आक्सीजन पार्क से प्रारंभ होकर अतर्रा चुंगी होते हुए बाबूलाल चैराहा, स्टेशन रोड, ओवर ब्रिज से महाराणा

**● सरदार पटेल के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प**

प्रताप चैक पहुंचकर पुष्पांजलि देने के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू डिग्री कालेज पहुंची। इसके पश्चात रन फॉर यूनिटी रैली विशाल सभा में परिवर्तित हो गयी। एकता रैली का आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गयी थी। एकता रैली में भारी संख्या में पहुंचे भाजपा नेताओं, कार्यकताओं, युवाओं, बड़ी संख्या में महिलाओं, स्कूली छात्रों व छात्राओं, व्यापारियों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं व विभिन्न वर्ग के लोगों ने शिरकत की। एकता मार्च की शुरूआत जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, नगर पालिका चेयरमैन मालती बासू, अन्य जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राष्ट्रगान, वंदेमातरम के साथ हुई। इसके पश्चात राष्ट्रीय ध्वज से सुसज्जित विशाल मानव श्रृंखला शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरी। एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सरदार पटेल अमर रहे, राष्ट्र पहले जैसे नारे गूंजते रहे। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एकजुट कर अखण्ड भारत की नीव रखी। भाजपा उसी संकल्प और राष्ट्रीय भावना को आगे बढ़ा रही है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरदार पटेल के विचारों, राष्ट्रीय एकता, विकास और सुशासन को सशक्त रूप से लागू किया जा रहा है। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि एकता यात्रा भाजपा की उस विचारधारा का प्रतिबिम्ब है जिसमें राष्ट्र सर्वोपरि और जनता सर्वोच्च है। भाजपा कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वह समाज में एकता, सद्भाव और विकास की धारा को और मजबूत करेंगे। कार्यक्र के दौरान दीवारी नृत्य कलाकार रमेश पाल की टीम ने बुंदेलखण्डी लोकगीत, राष्ट्रभक्ति झांकियां और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। जनसभा में पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय, जिला प्रभारी रामकिशोर साहू, पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, आर के पटेल, पूर्व सांसद रमेश चंन्द्र द्विवेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह चैहान, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, बालमुकुंद शुक्ला, राजभवन उपाध्याय, अंकित बासू, पुष्कर द्विवेदी, प्रतिनिधि रजत सेठ, अशोक त्रिपाठी जीतू, अखिलेश श्रीवास्तव एवं अन्य नेता मौजूद रहे।

## नयी व्यवस्था से किसानों को आसानी से मिलेगी खाद



**बांदा।** जिले के किसानों व थोक, फुटकर खाद विक्रेताओं तथा अन्य उर्वरक केन्द्रों को नई वितरण व्यवस्था जियो फेन्सिंग लागू हो रही है जिसमें पॉश मशीन उसी विक्रय केन्द्र पर कार्य करेगी जिस विक्रय केन्द्र के लिये आवंटित की गई है। सभी फुटकर उर्वरक विक्रेताओं द्वारा उर्वरक की बिक्री पॉश मशीन एल-1 से ही खाद का वितरण किया जाना है। जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि पॉश मशीन से फुटकर उर्वरक विक्रेता अब नई व्यवस्था के तहत रात 8 बजे के बाद उर्वरक विक्रय नहीं कर पाएंगे। यदि 8 बजे के बाद उर्वरक विक्रय किया जाता है तो उर्वरक के पोर्टल से उसकी जानकारी मिल जाएगी। ऐसी स्थिति में उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। किसी भी किसान को पॉश मशीन से उर्वरक विक्रय करते समय उस किसान को उसी माह एवं उसी सीजन में पूर्व में क्रय किये गये उर्वरकों की मात्रा दिखाई देगी। खतौनी के आधार पर शासन के निर्देश पर उर्वरकों का विक्रय किसानों में किया जाना है। अधिक बिक्री करने पर विक्रेता इसके जिम्मेदार होंगे। उर्वरक खरीद करते समय सभी किसानों को भूमि की खतौनी एवं आधार कार्ड दुकानदार को दिखाना होगा जिससे उर्वरकों का विक्रय नियमानुसार हो सके और प्रत्येक किसान को उर्वरक की उपलब्धता आसानी से सुनिश्चित हो सके।

## आज मनायी जायेगी नेताजी की जयंती

**ललितपुर।** समाजवादी आंदोलन के पुरोधा, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं देश के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव (नेताजी) की जयंती 22 नवम्बर को आज जिले में धूमधाम से मनाई जाएगी। जिलाध्यक्ष ने बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार नेताजी की जयंती पूरे उत्साह और सम्मान के साथ मनाई जानी चाहिए। पत्र में उल्लेख किया गया है कि मुलायम सिंह यादव की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम, विचार गोष्ठियां एवं संगोष्ठियां आयोजित कर उनके विचारों, संघर्षों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाना समाजवादी पार्टी का उद्देश्य है।

# नक्सलवाद पर नकेल

जैसे धारा 370 को खत्म कर, राम मंदिर विवाद का न्यायिक समाधान कराकर और तीन तलाक कानून जैसे बड़े फैसले और कार्यों के जरिए नरेंद्र मोदी की सरकार ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। अब एक और बड़ी उपलब्धि मोदी सरकार के खाते में जुड़ने का इंतजार कर रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश में नक्सलवाद पूरी तरह खत्म करने वायदा किया है। पहले ऐसा लगता है कि यह सिर्फ सरकारी जुमला भर है। लेकिन जिस तरह भारत सरकार को नक्सलवादियों के खात्मे और आत्मसमर्पण कराने में सफलता मिली है उससे स्पष्ट है कि अब वह दिन दूर नहीं जब भारत में नक्सलवाद का नामोनिशान खत्म हो जायेगा। अब तक ज्यादातर बड़े नक्सली नेता मारे जा चुके हैं। बस एक हिड़मा बचा हुआ था और यह माना जाता था कि जब तक हिड़मा है तब तक नक्सलवाद जिंदा रहेगा, लेकिन बीते दिनों नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा (44 वर्षीय) मार दिया गया। उस पर 1 करोड़ रुपये का इनाम था। आंध्रप्रदेश के एलूरी सीताराम राजू जिले में सुरक्षा बलों ने जो घेराबंदी कर मुठभेड़ की, तो नक्सलियों के शवों में हिड़मा, उसकी पत्नी राजक्का उर्फ राजे और चार अंगरक्षकों के शव भी पाये गये। हिड़मा कितना खूंखार और हत्यारा नक्सली था, इसी से स्पष्ट होता है कि वह 263 जवानों की जिंदगी छीनने का गुनहगार था। उसने 150 से अधिक नक्सली हमलों की रणनीति तय की थी, लेकिन 26 बड़े और खौफनाक हमलों का मास्टरमाइंड भी वही था। 2010 का वह दिन याद आते ही कंपकंपी छूटने लगती है और मन गुस्से, आक्रोश से भर उठता है, जब हिड़मा की रणनीति के आधार पर, बारूदी सुरंग बिछा कर, दंतेवाड़ा में एक साथ सीआरपीएफ के 76 जवानों को शहीद कर दिया गया था। ऐसा हमला फिर दोबारा नहीं किया जा सका, लेकिन 2017 और 2021 में नक्सली सीआरपीएफ पर दो हमले करने में कामयाब जरूर रहे। उन हमलों में क्रमशः 24 और 23 जवान मारे गए थे। उसके बाद सीआरपीएफ ने अपनी रणनीति में आमूल परिवर्तन किया। हिड़मा छत्तीसगढ़ के 32 कांग्रेस नेताओं का भी हत्यारा था। उस हमले में पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला और महेन्द्र करमा सरीखे



वरिष्ठ कांग्रेसी भी मारे गए। कांग्रेस का राज्य स्तरीय नेतृत्व ही शून्य हो गया था। बहरहाल ऐसे भी संकेत सामने आए हैं कि हिड़मा उस मुठभेड़ में मारे जाने से पहले आत्मसमर्पण की सोच रहा था। उसने एक स्थानीय पत्रकार से संपर्क किया था और उसे बताया था कि वह जंगलों से बाहर आने पर विचार कर रहा है, लेकिन हथियार डालने से पहले वह सरकार के साथ अपने कुछ मुद्दों और चिंताओं पर बात करना चाहता था, लिहाजा उसने पत्रकार को मध्यस्थ बनाया था, लेकिन वह संवाद संभव न हो सका और अंततः हिड़मा को ढेर होना पड़ा। दरअसल यह बड़ा मुद्दा नहीं है कि हिड़मा सरीखे नक्सली मारे जा रहे हैं और हिड़मा के बाद माओवादी सशस्त्र संघर्ष और विद्रोह बहुत कमजोर हो जाएगा, अंततः वे 31 मार्च, 2026 से पहले ही समाप्त हो सकते हैं। यहां दो बिन्दुओं पर ध्यान देना जरूरी है। एक, इस साल सुरक्षा बलों के लगातार ऑपरेशन और आक्रामक दबाव के कारण 1225 नक्सलियों को आत्मसमर्पण करना पड़ा है। ऑपरेशन और मुठभेड़ों में 270 से अधिक नक्सली मार दिए गये हैं और 680 से अधिक गिरफ्तार किए जा चुके हैं। दरअसल माओवादी नक्सलियों में नेतृत्व और रणनीति को लेकर विभाजन गहरा रहा है। नक्सलवाद के वैचारिक प्रमुख ने नक्सलियों के नाम दो पत्र जारी किए थे और सुझाव दिया गया था कि अब सशस्त्र संघर्ष पर विराम लगा देना चाहिए और वामपंथी विद्रोह के बुनियादी कारणों को संबोधित करना चाहिए। दरअसल जिस सोच के साथ नक्सलवाद की शुरूआत की गई थी, वह मकसद नाकाम रहा है, क्योंकि देश की आदिवासी आबादी आज भी भूमिहीन है और हाशिए की जिंदगी जीने को विवश है। सरकारों की प्राथमिकता इन वर्गों का उत्थान होना चाहिए ताकि इनको मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। यह सरकार कर सकती है, कोई नक्सली नहीं।

---

### विचार

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

# ऑपरेशन सिंदूर का सच साझा करे सरकार



लोकमित्र गौतम

> अमरीकी राष्ट्रपति की किसी बात पर या उनके उकसावे पर देश भरोसा नहीं करता बल्कि सरकार से यह उम्मीद करता है कि वह यूएससीसी रिपोर्ट की सच्चाई को देश से साझा करे। क्योंकि जिस तरह से आज की दुनिया में अपने भू-राजनीतिक स्वार्थों के लिए कोई देश किसी भी स्तर तक जा सकता है, ऐसे में हम क्यों न मानें कि अमरीका और चीन की ऑपरेशन सिंदूर पर यह साझी रिपोर्ट गड्डमड्ड के अंदाज में वैसा ही कुछ माहौल रचने की कोशिश है।

हाल की एक अमरीकी-चीनी रिपोर्ट (यूएस-चाइना इकोनॉमिक एंड सिक्यूरिटी रिव्यू कमीशन) ने जो अमरीकी कांग्रेस के समक्ष ऑपरेशन सिंदूर को लेकर रिपोर्ट पेश की है, उसके मुताबिक 7 से 10 मई 2025 के बीच चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को सैन्य सफलता मिली है, जिसके लिए चीनी हथियार प्रणालियां इस संघर्ष में प्रमुख भूमिका निभा रही थीं। दरअसल ऐसे ही दावे पाकिस्तान भी पिछले कई महीनों से करता रहा है। हैरानी की बात यह है कि अब उन्हीं दावों को कहीं न कहीं यह रिपोर्ट साथ दे रही है। इस रिपोर्ट में जो सबसे हंगामेदार बात है, वह यह है कि पाकिस्तान ने हवाई लड़ाकू विमानों, एयर टू एयर मिसाइलों और वायु रक्षा प्रणाली का उपयोग करके भारत को पराजित कर दिया है या पाकिस्तान पर हम पूरी तरह से जीत हासिल नहीं कर सके हैं। निश्चित रूप से यह बात पूरी तरह से अतिरंजित लगती है और लगता है कि इस पैनल द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट का लक्ष्य लगता है कि आरोप-प्रति आरोप का मंच तैयार करना है। क्योंकि हकीकत में यह रिपोर्ट पूरी तरह से अतिरंजित लग रही है।

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पहले एक संबोधन के दौरान इस बात का उल्लेख करना और फिर यूएससीसी की इस रिपोर्ट द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की वास्तविकता का खुलासा किया जाना, जिसके बल पर अब पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उछलते घूम रहे हैं और पूरी दुनिया से यह कह रहे हैं कि हम जो कह रहे हैं, अमरीका ने उसकी सार्वजनिक पुष्टि कर दी है। ऐसे में यह जरूरी हो गया है कि भारत सरकार इस रिपोर्ट के बारे में जो भी सच हो, उसे तथ्यों के साथ देश की जनता के सामने पेश करे, हमें दुनिया के किसी और मंच में इसे प्रस्तुत करने की नहीं है। क्योंकि अगर यह रिपोर्ट सही है कि तो देश की जनता को सच पता होना चाहिए और फिर सरकार के साथ देश की जनता को भी जिम्मेदारी से वह कदम उठाना चाहिए, जिससे कि ऐसी ताकतों को मुंह तोड़ जवाब दिया जा सके और अगर यह रिपोर्ट भारत को किसी तरह से नीचा दिखाने की कोशिश है या विश्व मंच पर हमें डिमोरलाइज्ड करने का




तरीका है, तो सरकार को यह बात देश की जनता के समक्ष साफ करना चाहिए। भारत की जनता न सिर्फ देशभक्त है बल्कि अत्यंत समझदार है। वह इस तरह की किसी भी उकसाने की कोशिश को सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मुंहतोड़ जवाब देगी। लेकिन इतना बड़ा आरोप लगाने वाली किसी रिपोर्ट को लेकर सरकार द्वारा इस तरह अनदेखी करना बहुत तरह के शक-शुबहा पैदा करती है। न सिर्फ वैश्विक स्तर पर बल्कि देश के आंतरिक स्तर भी। दरअसल जब देश की शाख पर कोई सवालियां निशान लगाए, तब सरकार के लिए जरूरी हो जाता है कि वह अपनी जनता के साथ खुलासा करे और जनमानस का भरोसा करे।

### अमरीकी–चीनी रिपोर्ट

भारत की जनता ने आज तक इतिहास में हमेशा संकट के समय सरकार और सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है। इसलिए वह यह जानने का हक रखती है कि आखिर उनके देश को इस तरह से नीचा दिखाने की कोशिश क्यों हो रही है? क्योंकि भारत देश जितना भारत की सरकार का है, उतना ही भारत की जनता का भी है। अगर वास्तव में ऐसी रिपोर्ट आ रही है कि भारत तो ऑपरेशन सिंदूर में आपेक्षित सफलता नहीं मिली थी या हमारे तीन लड़ाकू विमान इस ऑपरेशन के दौरान मार गिराये गये थे, तो इस चार दिवसीय संघर्ष की बिल्कुल साफ साफ तस्वीर देश की जनता को पता होनी चाहिए। अगर हम इस इन बड़े आरोपों को छुपाएंगे, तो देश की जनता का न सिर्फ भरोसा टूटेगा बल्कि उसे अपनी सैन्य क्षमताओं से भी विश्वास उठेगा और कोई भी दुश्मन देश यही चाहेगा। इसलिए जो भी सच है सरकार संसद के शीत सत्र में प्रस्तुत करे, जिससे कि देश हकीकत से वाकिफ हो। यदि वास्तव में कोई कमी या अवरोध ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रहा है, तो देश की जनता को यह जानना होगा ताकि भविष्य में हम ऐसी किसी भी संकट के समय पहले से ज्यादा ताकत के साथ तैयार रहें। ऐसी किसी भी रिपोर्ट को दबाना या छिपाना गलत होगा बल्कि खुलकर स्वीकार करना ही सही होगा, जिससे हम भविष्य में किसी संकट पर इससे बेहतर कर सकें। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने इस संघर्ष को अपनी हथियार प्रणालियों को परखने और प्रदर्शित करने के लिए इस्तेमाल किया, तो हमें इस बात को ध्यान रखना चाहिए और चीन के साथ कोई भी द्विपक्षीय रिश्ते बनाते हुए उसके विश्वास घाती रवैये का संज्ञान लेना चाहिए।

सरकार को वैसे भी रक्षा मंत्रालय, संसद और मीडिया जैसे सार्वजनिक मंचों के साथ एक मजबूत सूचनातंत्र विकसित करना चाहिए, जिससे उसके हर दावे पर बिना कोई सवाल उठाये देश के लोग भरोसा करे। क्योंकि सरकार भी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस बात का खुलासा किया था कि चीन न सिर्फ पाकिस्तान की सैन्य हथियारों के साथ मदद कर रहा था बल्कि एक सूचना युद्ध भी भारत के खिलाफ लड़ रहा था और यह चीन ही था, जो रफेल से लेकर हमारे दूसरे लड़ाकू विमानों को ऑपरेशन सिंदूर में असफल साबित होने की अफवाहें उड़ा रहा था।

ऐसे में इस रिपोर्ट की सच्चाई को छुपाना बेहद गलत होगा। हम खुलकर देश की जनता के सामने अपनी बात रखें कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर का सच क्या है? अगर वास्तव में हमारी सेनाओं से कुछ कमी भी रह गई होगी, तो देश की जनता की नजरों में उसका सम्मान कम नहीं होगा। क्योंकि जनता जानती है कि भारत की सेना बेहद देशभक्त और साहसी है। इस रिपोर्ट के बाद सरकार को देश के सामने सच्चाई प्रस्तुत किये जाने से वह सच दुनिया को भी संबोधित होगा और दुनिया भी इसकी हकीकत जानेगी। लेकिन अगर सरकार किसी संकोच या रणनीति के तहत उस पर चुप्पी साधेगी, तो देश की आम जनता को तो दुविधा या भ्रम रहेगा ही, दुनिया भी हमारी वास्तविक ताकत पर सवालिया निशान लगायेगी। भारत सरकार को चाहिए कि वह युद्ध के बाद चुनिंदा संवाद योजनाओं के जरिये सारे सच को पारदर्शी तरीके से देश और जनता के समक्ष रखे। इसके लिए मीडिया साक्षात्कार, प्रेस ब्रीफिंग और पारदर्शी आंकड़े पेश किये जाने का माध्यम हो सकता है। यकीन मानिये देश की जनता कभी भी न तो सरकार पर और न ही अपनी सेनाओं पर अविश्वास करेगी या कोई सवाल उठायेगी। सच तो यह है कि लोक सुरक्षा तब तक मजबूत नहीं होती, जब तक उसमें नागरिक सहभागिता न हो। इसलिए न सिर्फ मीडिया बल्कि स्कूल, कॉलेज और विभिन्न राष्ट्रीय संगठनों के मंचों तक इस सच को पारदर्शी तरीके से रखा जाना चाहिए, जिससे देश के समक्ष खड़ी चुनौतियों पर जनता सोचे कि वह क्या सहयोग कर सकती है, जिससे कि राष्ट्र का सुरक्षा मानस मजबूत हो।

देशभक्ति का अर्थ यह नहीं है कि हम हर बात पर आंख बंद कर लें बल्कि यह है कि हम सच के साथ आंख मिलाएं और ऑपरेशन सिंदूर सच का क्या है, यह देश को किसी अमरीकी पैनल की रिपोर्ट या पल में तोला पल में माशा रहने वाले अमरीकी राष्ट्रपति के नजरिये से न सुनना पड़े। जो एक बार ये कह चुके हैं कि भारत को 250 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी से उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच तथाकथित जंग रुकवाई और पिछले दिनों वही डोनाल्ड ट्रंप इसके लिए 350 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी की बात कर रहे थे।

### सोशल मीडिया



श्रमिकों को न्यूनतम वेतन सामाजिक सुरक्षा, महिला श्रमिकों को समान अवसर की गारंटी, असंगठित व गिग श्रमिकों को पहचान देने वाली ये संहिताएं श्रमिकों के जीवन में सुधार लायेंगी। अमित शाह.

# जीवन से प्रेम करो

### अंतर्दृष्टि

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम कयों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है।

## आप की बात

### कृषि निवेश बढ़ाना जरूरी

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था। आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

### औद्योगिक कौशल

बेरोजगारी के प्रभावी समाधान के लिए जरूरी है कि देश में औद्योगिक कौशल युवाओं में विकसित किया जाये। एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

# बायो क्रांति के दौर में अंगदान का महत्व

अपराजिता




राष्ट्रीय अंगदान दिवस (27 नवंबर) पर विशेष

निश्चित रूप से यह समय हर दिन चमत्कार की तरह सामने आने वाले एआई की संभावनाओं और ताकत का दौर है। साथ ही इस दौर को चिकित्सकीय दृष्टि से क्रांति का दौर भी कहा जाता है। पिछले एक दशक में बायो क्षेत्र में जितनी तकनीकी प्रगति हुई है, उतनी शायद ही किसी दूसरे दौर में हुई हो। बावजूद इसके जीवन रक्षा के लिए आज भी तकनीक से ज्यादा जरूरी अंगदान ही हैं। क्योंकि अंग प्रत्यारोपण की तकनीक तो बहुत तेजी से विकसित हुई है, लेकिन अभी भी कृत्रिम अंगों की वह विश्वसनीयता नहीं हासिल हो सकी, जो आज भी मानवीय अंगों को है। हालांकि जीवन रक्षा और अंग प्रत्यारोपण की तकनीक बहुत तीव्र गति से विकसित हुई है। लेकिन कृत्रिम अंगों के विकास की दर अभी भी बहुत शुरूआती दौर में है और उसे अभी दशकों परखने के लिए वक्त चाहिए। सवाल है इस बीच में लोगों का जीवन बचाने और बेहतर बनाने का उपाय क्या हो सकता है? तो इस सवाल का सबसे आसान जवाब यही है अंगदान। लेकिन सामाजिक जागरूकता और नीति प्रक्रिया की स्थिति कुछ ऐसी है कि सिर्फ भारत में ही नहीं, दुनिया के ज्यादातर देशों में अंगदान की गति बहुत धीमी है। मतलब साफ है कि जितने अंग लोगों के जीवन को बचाने और उसे बेहतर बनाने के लिए जरूरी हैं, उतने अंगदान द्वारा हासिल नहीं हो रहे। इसलिए अंगदान जैसे दिवसों का पहले के मुकाबले आज कहीं ज्यादा महत्व है। क्योंकि इसी बहाने लोगों को अंगदान को लेकर जागरूक किया जा सकता है।

अंगदान इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि यह केवल एक चिकित्सकीय प्रक्रियाभर नहीं है। यह समाज में करुणा, परोपकारिता, जीवन-मान्यता और मृत्यु के बाद भी मानव सेवा की परंपरा को जीवित रखने का जरिया है। जब इन मूल्यों को आमजन स्तर पर बढ़ावा मिलेगा, तभी यह सुचारू रूप से संभव होगा। इसलिए अंगदान जैसे दिवस भले इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि दुनिया के ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस बारे में प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि दुनिया ज्यादा बेहतर और ज्यादा सुखी बन सके। यह इसलिए भी जरूरी है कि अगर यह परंपरा विकसित और मजबूत नहीं होती, तो भविष्य में जिन लोगों के पास महंगी कृत्रिम अंगों को खरीद पाने की क्षमता नहीं होगी, उन्हें अंग प्रत्यारोपण जैसी किसी तकनीक का कोई लाभ नहीं मिलेगा। इसलिए आज इस बायो क्रांति के दौर में भी लोगों को अंगदान के प्रति विशेष रूप से प्रोत्साहित किये जाने की जरुरत है।

भले आज हर क्षेत्र में एआई कमाल कर रहा हो और उसकी मौजूदगी चमत्कार का एहसास करा रही हो, लेकिन अंगदान प्रत्यारोपण की पूरी व्यवस्था अभी भी इंसान की उदारता, करुणा और मानवता जैसे विचारों पर ही टिकी हुई है। आज भी शरीर का कोई भी अंग पूरी तरह से कृत्रिम नहीं बनाया जा सका, जो सौ फीसदी कारगर हो। आज भी 99.99 फीसदी अंग प्रत्यारोपण जीवित या मृत लोगों के द्वारा दिये गये अंगों के दान पर ही निर्भर है।

ऐसे में कोई भी तकनीक चाहे कितनी ही उन्नत हो जाए, किसी काम की नहीं होगी, जब प्रत्यारोपण के लिए अंग ही न मौजूद हों। यही कारण है कि अंग प्रत्यारोपण दिवस पर पूरी दुनिया में अनेक मेडिकल संस्थाएं और एजेंसियां अंगदान संबंधी कार्यक्रमों के जरिये लोगों को इसके लिए प्रोत्साहित करती हैं। गौरतलब है कि अंगदान के प्रति उदासीनता के कारण हर साल 25 लाख से ज्यादा लोगों की या तो दुर्घटना के चलते या असाध्य बीमारियों के तहत मौत हो जाती है और अगर पूरी दुनिया में लोग अंगदान को लेकर सहज हो जाएं, तो हर साल इतने लोगों को असमय मृत्यु से बचाया जा सकता है। दरअसल यह बहुत आसानी से संभव है अगर पूरी दुनिया में लोग यह



मान लें कि ब्रेन डेथ के बाद अंगदान किसी दूसरे की जिंदगी को बचाने के लिए कर दिए जाने चाहिए। क्योंकि ब्रेन डेथ के बाद इंसान भले कुछ घंटे या कुछ दिन जीवित रहे, लेकिन वह जीवित व्यक्ति भी मुर्दा जैसे ही रहता है और अंततः उसकी मौत हो जाती है। जबकि इस समय में अगर उसके विभिन्न शारीरिक अंगों को जरुरतमंदों के लिए दान दे दिया जाए तो ब्रेन डेथ से गुजरने वाला हर व्यक्ति कम से कम 3-4 लोगों को जीवनदान देकर जा सकता है। लेकिन पूरी दुनिया में ब्रेन डेथ को लेकर लोगों में न सिर्फ भ्रम बल्कि इतना मोह है कि सब कुछ जानने, समझने के बावजूद लोग अंगदान के लिए राजी नहीं होते। कई समाजों में इसके लिए धर्म बहुत बड़ी बाधा है। मसलन मुस्लिम समाज में यह मान्यता है कि कयामत का दिन आयेगा और उस दिन कब्रों में पड़े लोग जिंदा हो जाएंगे। इस विश्वास के कारण अंगदान का सबसे कम चलन मुस्लिम समाज में है।

हिंदू समाज में एक यह भ्रम बैठा है कि अगर मृत्यु के पहले या बाद में किसी के अंगों को उसके शरीर से निकाल लिया गया, तो जो अगला जन्म होगा, उसमें वो निकाले गये अंग नहीं होंगे। इसलिए मुस्लिमों की तरह बहुत बड़ी संख्या में हिंदू भी अंगदान से कतराते हैं। ईसाईयों और पारसियों में भी धार्मिक लिमिटेशंस हैं। ईसाई लोग भी मानते हैं कि मृत्यु के बाद समूचा मुर्दा दफन किया जाना चाहिए, नहीं तो मरने वाला व्यक्ति स्वर्ग नहीं जा पाता। लब्बोलुआब यह है कि पूरी दुनिया में अंगदान को लेकर इतने ज्यादा अव्यवहारिक और मनोवैज्ञानिक अवरोध हैं कि बहुत कोशिशों के बाद भी हर साल दुनिया में उतने अंगदान नहीं हो पाते, जितनों की जरुरत होती है।

भारत में तो खास तौरपर ब्रेन डेथ मामलों में शायद ही कोई परिवार अंगदान देने के लिए तैयार होता है। यही कारण है कि आज विश्व स्वास्थ्य संगठन और चिकित्सीय क्षेत्र से जुड़े तमाम संगठन और संस्थाएं अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए तरह तरह के कार्यक्रम करती हैं, जिसके चलते अब धीरे धीरे लोगों में यह भ्रम और झिझक खत्म हो रही है और अंगदान की प्रक्रिया थोड़ी बढ़ी है। लेकिन आज भी मांग और उपलब्धि के बीच में बहुत बड़ा अंतर है। सिर्फ गुर्दा प्रत्यारोपण हेतु ही दुनिया में कई लाख लोग हर समय प्रतीक्षारत रहते हैं और गुर्दा दान करने वाले लोगों की संख्या बेहद कम है। हालांकि पिछले कुछ सालों में पश्चिमी विकसित देशों में अंगदान की प्रक्रिया थोड़ी बेहतर हुई है और आज औसतन प्रति लाख 20 से 30 लोग अंगदान के लिए तैयार हो रहे हैं, जिसमें सबसे ज्यादा प्रति लाख 30 लोगों का आंकड़ा स्पेन का है। लेकिन आज भी अंगदान देने वालों और चाहने वालों की संख्या में बहुत फर्क है। इसलिए इस दिन की खास महत्ता है कि लोगों को अंगदान के लिए प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें समझाया जाए कि अंगदान ही महादान है। इसलिए यह दिन आज पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है।

**अंगदान की बढ़ती मांग**

अगर हम अकेले भारत में ही देखें तो हर साल 63 हजार लोगों को गुर्दा प्रत्यारोपण यानी किडनी ट्रांसप्लांट की जरुरत होती है। लेकिन हर साल अंगदान के रूप में हासिल होने वाली किडनियों की संख्या 3000 से भी कम होती है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि अंग प्रत्यारोपण की जरुरत जिस रफ्तार से बढ़ रही है, अंगदान देने वालों की संख्या उसके मुकाबले कितनी कम है। आज हर साल अकेले भारत में 22000 लोगों को लिवर ट्रांसप्लांट की जरुरत है, मगर मुश्किल से 800 से 900 लोगों को ही अंगदान के जरिये यह सुविधा प्राप्त हो पाती है। कारण यही है कि लोग अंगदान करने से आज भी बड़े पैमाने पर कतराते हैं। भारत में प्रति 10 लाख लोगों के बीच अंगदान की दर 0.3 से 0.8 के आसपास है। जबकि दुनिया में प्रति लाख लोगों में 20 से 30 लाख लोग अंगदान के लिए तैयार हो जाते हैं। हालांकि 2024 में अकेले भारत में ही 13000 से ज्यादा लोगों को विभिन्न तरह के अंगों की इमरजेंसी में जरुरत थी। लेकिन 1000 से कम लोगों की जरुरत अंगदान के जरिये पूरी हुई। गुर्दा, फेफड़े और लिवर के प्रत्यारोपण की सबसे ज्यादा मांग है। हालांकि इस क्षेत्र में लगातार कृत्रिम अंग विकसित करने की कोशिश हो रही है। लेकिन दर्जनों बार लगा है कि हम बिल्कुल कोशिश के सफल होने के आसपास पहुंच गये हैं, लेकिन अभी तक कोई भी कोशिश सौ फीसदी सफल नहीं हो सकी। इसलिए जब तक कृत्रिम अंगों की सुनिश्चितता नहीं होती, अंगदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाना जरूरी है।

संक्षेप

## फैब इंडिया का उत्सव शानदार अंदाज में मनायें

बंगलुरु। भारत में शादियां सिर्फ एक समारोह नहीं हर दिल में बसने वाला एक उत्सव है इसी उत्सव को और रंगीन, और यादगार बनाने के लिए फैबइंडिया लेकर आया है अपना शानदार वेडिंग कलेक्शन 2025 जो भारतीय कारीगरी, परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम है। यह कलेक्शन शादी के हर पल को खास बनाने के लिए तैयार किया गया है। इसमें रेशमी बनावटों के साथ चमकते रंग, बारीक कढ़ाई, पारंपरिक हैंडब्लॉक प्रिंट्स और आधुनिक सिल्हूट्स शामिल है जो हर अवसर पर आपको एक शाही और स्टाइलिश लुक देते हैं यह कलेक्शन पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के हर तरह के उत्सव के लिए शानदार रेंज पेश करता है, चाहे उत्तर भारत की रौनक भरी संगीत हो, दक्षिण भारत की परंपरागत शादी, या रिसेप्शन फैबइंडिया का यह कलेक्शन हर उत्सव में चार चाँद लगाता है। साथ ही, आपके लुक को पूरा करने के लिए खूबसूरत ज्वेलरी, फुटवियर और बैग भी उपलब्ध हैं।

## एसबीआई कार्ड के साथ ट्रैवल को बनायें शानदार

बंगलुरु। साल 2025 धीरे-धीरे समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, और ऐसे मौके पर ज्यादातर लोगों की चाहत यही होती है कि जल्दी से छोटा ब्रेक लेकर कहीं घूमने जाएँ या लंबे इंतजार के बाद वेकेशन पर जाएँ। इसलिए सही क्रेडिट कार्ड का होना बहुत मायने रखता है। एसबीआई कार्ड भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी है, बीपीसीएल एसबीआई कार्ड ऑक्टेन, टाटा न्यू इन्फिनिटी एसबीआई कार्ड, फ्लिपकार्ट एसबीआई कार्ड के जरिए ट्रैवल और लाइफस्टाइल पर ढेर सारी सुविधाओं की पेशकश करती है।

## सुपर.मनी यूपीआई का ग्राहक आधार 7.1 गुना बढ़ा

मुंबई। भारत के सबसे तेजी से बढ़ते यूपीआई प्लेटफॉर्म्स में से एक ने देशभर में मजबूत ग्रोथ दर्ज की है, जिसमें पिछले तीन महीनों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, और उत्तर प्रदेश उसके सबसे महत्वपूर्ण फोकस मार्केट्स में उभरकर सामने आया है। भारत की डिजिटल क्रांति देश के लेनदेन के तरीके को बदल रही है। सुपर.मनी यूपीआई सुनिश्चित कर रहा है कि यह बदलाव न सिर्फ सहज हो, बल्कि वास्तव में लाभदायक भी बने। सुपर.मनी की खासियत यह है कि यह कैशबैक सीधे ग्राहकों के बैंक खातों में भेजता है, रोजमर्रा के भुगतानों पर तुरंत रिवॉर्ड देता है, तीव्र और सुचारू यूपीआई अनुभव प्रदान करता है, और पहली बार डिजिटल लेनदेन करने वालों के लिए भी सरल इंटरफेस उपलब्ध कराता है। जहां कई यूपीआई ऐप वाउचर और कूपन पर ध्यान देते हैं।

## डिन चेक बैंड का नया गीत हसीन ख़्वाब रिलीज

मुंबई। डिन चेक बैंड ने 19 नवम्बर 2025 को अपना नया गीत हसीन ख़्वाब प्रस्तुत किया–एक ऐसा गीत जिसमें आत्मीय संगीत, जैज की महक, गहरी काव्यात्मकता और रंगों से भरी दृश्य कला एक-दूसरे में घुल-मिल जाती हैं। यह गीत बैंड की रचनात्मक यात्रा में एक और खूबसूरत पड़ाव है कजिन चेक बैंड अमेरिका में रह कर वर्षों से भारतीय संगीत की परचम फैला रहे हैं। इस गीत की रचयिता, पॉपी चरनालिया लखनऊ से हैं। वह दृश्य कलाकार, कवयित्री और गीतकार हैं कवह अमेरिका में रहते हुए भी हिंदी भाषा, कविता और कला की साधना को निरंतर आगे बढ़ा रही हैं इस गीत में केवल उनके शब्दों की ही अभिव्यक्ति नहीं है –बल्कि संगीत वीडियो में उनकी वाइब्रेंट पेंटिंग्स को परिधानों के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिन्हें सभी संगीतकार पहने हैं।

## माधुरी मिसेज देशपांडे में बनेंगी सीरियल किलर

मुंबई। वो रहस्यमयी है, खूबसूरत है, सच्ची भी...और एक कातिल भी! वह हैं मिसेज देशपांडे, जिनके भीतर कई अनकहे राज छिपे हैं। जियोहॉटस्टार ने अपनी बहुप्रतीक्षित थ्रिलर सीरीज की रिलीज डेट घोषित कर दी है, जिसमें माधुरी दीक्षित मिसेज देशपांडे की मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। बॉलीवुड की धक-धक गर्ल इस बार ग्लैमर से हटकर 19 दिसंबर को एक बिल्कुल नए और अनदेखे अंदाज में पर्दे पर उतरने वाली हैं। इसका शानदार टीजर दर्शकों को मिसेज देशपांडे की दुनिया की एक विचलित करने वाली झलक देता है, जहां माधुरी दीक्षित एक सादे, बिना मेकअप वाले लुक में बड़ी ही शांति के साथ सब्जियां काट रही हैं, जबकि रेडियो बुलेटिन एक सीरियल किलर के फरार होने की चर्चा कर रहा है।

# सेंसेक्स में 400 अंकों की गिरावट

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक, बीएसई सेंसेक्स 400 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 124 अंक टूटा।

कारोबारियों के अनुसार, कमजोर वैश्विक रुझानों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होने से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 400.76 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,231.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 444.84 अंक तक फिसल गया था। पचास शेयर वाला एनएसई निफ्टी 124 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,068.15 पर बंद हुआ। पिछले दो सत्र में यह एक प्रतिशत यानी 282 अंक से अधिक चढ़कर 26,000 के पार पहुंच गया था।




सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इटर्नल के शेयर में प्रमुख रूप से गिरावट आई। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और आईटीसी शामिल हैं। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका में उम्मीद से बेहतर गैर-कृषि वेतन आंकड़ों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को कम कर दिया है। इससे वैश्विक बाजारों में निवेशकों की धारणा कमजोर हुई। एआई से संबंधित शेयरों में जरूरत से अधिक तेजी को लेकर चिंता ने भी वैश्विक बाजारों में निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर तक गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को नुकसान में बंद हुए थे। अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल आंकड़ों के उम्मीद से बेहतर रहने से दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होने के बाद, एशिया के अन्य बाजारों की तरह भारतीय बाजारों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा और वे गिरावट के साथ बंद हुए। दो दिनों की मामूली तेजी के बाद मुनाफावसूली से सभी प्रमुख बाजार नकारात्मक दायरे में रहे। मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेज गिरावट आई। बीएसई के स्मॉलकैप और मिडकैप दोनों सूचकांकों में 1.30-1.30 प्रतिशत की गिरावट आई। सभी क्षेत्रीय सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। धातु में सबसे अधिक 2.35 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके बाद रियल एस्टेट में 1.89 प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 1.79 प्रतिशत, जिंस में 1.46 प्रतिशत और औद्योगिक में 1.43 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई पर कुल 2,898 शेयर में गिरावट जबकि 1,278 शेयर में तेजी आई और 162 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे।

# रुपया 93 पैसे टूटकर अबतक के सबसे निचले स्तर 89.61 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपये में शुक्रवार को 93 पैसे की बड़ी गिरावट आई और यह 89 के स्तर को पार कर अबतक के सबसे निचले स्तर 89.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले तीन महीने में रुपये में एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है।

व्यापार-संबंधी अनिश्चितताओं के बीच घरेलू और वैश्विक बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ रुपये की विनिमय दर में बड़ी गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार, जोखिम से बचने की धारणा के बीच वैश्विक आईटी शेयरों में भारी बिकवाली और प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर स्पष्टता के अभाव के कारण रुपया लुढ़का है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.67 पर खुला और कारोबार के दौरान अबतक के सबसे निचले स्तर 89.65 पर पहुंच गया। रुपया



आखिरकार कारोबार के अंत में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 89.61 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 93 पैसे की गिरावट है। बृहस्पतिवार को रुपया 20 पैसे फिसलकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.68 पर बंद हुआ था। रुपया ने कारोबार के दौरान अपना पिछला अब तक का सबसे निचला स्तर 30 सितंबर को 88.85 पर दर्ज किया था। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पिछला सबसे निचला बंद स्तर 14 अक्टूबर को 88.81 पर रहा था। इससे पहले भारतीय मुद्रा में इतनी तेज गिरावट 30 जुलाई को दर्ज की थी। उस समय यह कारोबार के दौरान 89 पैसे लुढ़क गया था। कमजोर वैश्विक जोखिम धारणा और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के चलते शुक्रवार को रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अबतक के सबसे निचले स्तर पर आ गया।

# श्रम सुधार वक्त की मांग

नयी दिल्ली। भारत में नवीनतम श्रम सुधार वक्त की मांग हैं, क्योंकि देश एआई में तेज प्रगति देख रहा है और अपने कार्यबल के हितों को प्राथमिकता दे रहा है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। सरकार ने श्रम कानूनों में ऐतिहासिक सुधार करते हुए शुक्रवार को सभी चार श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर दिया।

इसमें गिग कर्मचारियों के लिए सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा कवरेज, सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य नियुक्ति पत्र तथा सभी क्षेत्रों में वैधानिक न्यूनतम मजदूरी और समय पर भुगतान के प्रावधान शामिल हैं। नियोक्ताओं को अब कार्यबल संरचना की सक्रिय रूप से समीक्षा करनी होगी, रोजगार दस्तावेजों को अपडेट करना होगा तथा अनुपालन प्रणालियों को नई व्यवस्था के अनुकूल बनाना होगा। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को रात की पाली में काम करने की अनुमति देना तथा गिग कर्मचारियों की मान्यता और उनके अधिकार प्रमुख प्रगतिशील कदम हैं। ये कदम मौजूदा समय की वास्तविकताओं को स्वीकार करते हैं। चार श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन से औपचारिक कर्मचारियों को मजबूत संरक्षण और एकसमान लाभ मिलेगा, जबकि गिग एवं मंच कर्मचारी पहली बार सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल किए गए हैं। लंबे समय से प्रतीक्षित श्रम संहिताएं - जिन्हें मूल रूप से 2020 में राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली थी - आज आधिकारिक रूप से प्रभावी हो गई हैं।

# दिल्ली में सोना 600 रुपये टूटा, चांदी भी फिसली

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 600 रुपये टूटकर 1,26,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। कमजोर वैश्विक रुख के बीच यह गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 600 रुपये टूटकर 1,25,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गई। चांदी की कीमतें भी 2,000 रुपये टूटकर 1,56,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) पर रही। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 0.38 प्रतिशत टूटकर 4061.91 डॉलर प्रति औंस पर



रहा, जबकि चांदी वायदा 2.13 प्रतिशत गिरकर 49.56 डॉलर प्रति औंस रह गया।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.54 अरब डॉलर बढ़कर 692.57 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 5.54 अरब डॉलर बढ़कर 692.58 अरब डॉलर हो गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी तेजी आने के कारण मुद्रा भंडार बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पिछले कुछ सप्ताह से विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख देखा जा रहा था। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.69 अरब डॉलर घटकर 687.03 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 15.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 562.29 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 5.33 अरब डॉलर उछलकर 106.86 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 5.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.65 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत का आरक्षित भंडार 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.78 अरब डॉलर हो गया।

# चीन पॉलिएस्टर धागे की डंपिंग के खिलाफ जांच शुरू

नयी दिल्ली। भारत ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड सहित दो घरेलू कंपनियों की शिकायतों के बाद देश में चीन की कंपनियों के पॉलिएस्टर टेक्सचर्ड धागे की कथित डंपिंग करने के खिलाफ जांच शुरू की है।

व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने कहा कि रिलायंस और वेलनोउन पॉलिएस्टर ने अपने आवेदनों में दावा किया है कि चीन से इन धागों के सस्ते आयात से घरेलू उद्योग को नुकसान हुआ है और इसलिए उन्होंने सरकार से डंपिंग रोधी शुल्क लगाने का अनुरोध किया है। डीजीटीआर ने कहा कि आवेदकों द्वारा प्रस्तुत विधिवत प्रमाणित लिखित आवेदनों के आधार पर तथा उत्पादों की डंपिंग के संबंध में आवेदकों द्वारा प्रस्तुत प्रथम दृष्टया साक्ष्यों से संतुष्ट होने के बाद प्राधिकरण डंपिंग रोधी जांच शुरू करता है। यदि यह साबित हो जाता है कि इन डंपिंग ने घरेलू उत्पादकों को वास्तविक नुकसान पहुंचाया है तो डीजीटीआर इन आयातों पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करेगा। इन शुल्कों को लगाने का अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेता है। देश डंपिंग रोधी जांच यह निर्धारित करने के लिए करते हैं कि क्या सस्ते आयात में वृद्धि के कारण घरेलू उद्योगों को नुकसान हुआ है।

## स्टूडेंट ने बनायी एआई पावर्ड स्पीच डिवाइस

नयी दिल्ली। हमारे देश में रैंक, कटऑफ और एंट्रेंस एग्जाम का ऐसा क्रेज है कि किशोरावस्था आईआईटी में दाखिले की दौड़ जैसी लगती है। लेकिन कभी-कभी कोई ऐसा स्टूडेंट सामने आता है जो इस आम सोच से हटकर कुछ अलग करने की हिम्मत दिखाता है। गुरुग्राम के शिव नादर स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले 16 वर्षीय प्रणेत खेतान ने इसका एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। नंबरों की दौड़ में पड़ने के बजाय उन्होंने इंसानियत के लिए बातचीत का रास्ता चुना। प्रणेत सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025 की चार विजेता टीमों में से एक थे। उन्होंने 'पैरास्पीक' नाम का आसान डिवाइस बनाया। ये डिवाइस यूजर की आवाज रिकॉर्ड करता है, उसे क्लाउड पर एआई को भेजता है, और फिर हिंदी में साफ-सुथरी, अच्छी भाषा में अनुवाद करके प्ले करता है।

# अफगानिस्तान ने भारतीय कंपनियों से निवेश का किया आह्वान, अनुकूल माहौल देने का वादा

नयी दिल्ली। अफगानिस्तान के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी ने भारतीय कंपनियों को उनके देश में निवेश के लिए शुक्रवार को आमंत्रित किया और द्विपक्षीय व्यापार एवं आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल देने का वादा किया।

उन्होंने खनन, कृषि, स्वास्थ्य एवं औषधि, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), ऊर्जा तथा वस्त्र उद्योग का ऐसे क्षेत्रों के रूप में उल्लेख किया जहां व्यावसायिक भागीदारी के लिए महत्वपूर्ण अवसर मौजूद हैं। अजीजी एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ देश की पांच दिवसीय यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंचे हैं। अफगनिस्तान के मंत्री ने कहा कि मैं भारतीय उद्योगपतियों और व्यापारियों को अफगानिस्तान की क्षमता और वर्तमान अनुकूल वातावरण को देखने के लिए आमंत्रित करना चाहूंगा, जो हमने उनके एवं अन्य व्यापारियों के लिए तैयार किया है।

# आरसीएम की रूपांतरण यात्रा में नवोद्यमियों की सहभागिता

लखनऊ। आरसीएम की राष्ट्रव्यापी रूपांतरण यात्रा के शुभारंभ के बाद से अब तक लाखों नवोद्यमी इससे जुड़ चुके हैं, जो कंपनी की जन-आधारित विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यात्रा का नवीनतम पड़ाव लखनऊ रहा, जहां हजारों नागरिकों ने स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार को बढ़ावा देने वाली विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। लखनऊ और इससे पहले आयोजित कई शहरों में लाखों लोगों की भागीदारी को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 75 शहरों की इस यात्रा के 23 दिसंबर 2025 को समापन तक इसकी पहुँच लगभग एक मिलियन लोगों तक हो सकती है। मैनेजिंग डायरेक्टर प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि लखनऊ कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने रक्तदान किया और स्वस्थ जीवनशैली व आत्मनिर्भरता के बारे में जानकारी प्राप्त की। लोगों का सामूहिक उत्साह इस बात का प्रमाण था कि वे केवल उपस्थित होने के लिए नहीं, बल्कि निःस्वार्थ योगदान देने के लिए आगे आए-यह दर्शाता है कि यात्रा किस प्रकार लोगों को स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार के तीन मूल स्तंभों पर कार्य करने के लिए प्रेरित कर रही है।

# सेंसोडाइन ने भारत में पेश किया प्रोनामेल

नयी दिल्ली। सेंसोडाइन ने भारत में प्रोनामेल का लॉन्च किया है। यह पूरे विश्व का विश्वास जीतने वाला टूथपेस्ट है, जो दाँतों की सबसे बाहरी कठोर परत, एनामेल की रक्षा कर उसे मजबूत बनाता है। सेंसोडाइन ने प्रोनामेल के लॉन्च के साथ अपने पोर्टफोलियो में एक गंभीर, पर अक्सर नजरंदाज होने वाली ओरल हैल्थ समस्या, एनामेल घिसाव को शामिल कर लिया है। एसिडिक फूड और बेवरेज, जैसे खट्टे फल, कोल्ड ड्रिंक, अचार, चाय और कॉफी आदि से हमारे दाँतों का एनामेल धीरे-धीरे कमजोर होकर घिसने लगता है। एनामेल के घिसने से सेंसिटिविटी, दाँतों का पीला पड़ना, और कैविटी जैसी समस्याएं होती हैं। आबादी में यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन इसके बाद भी इस बारे में जागरुकता की कमी बनी हुई है। हेलॉन ने प्रोनामेल भारत में ओरल हैल्थ में सुधार लाने के अपने व्यापक लक्ष्य के अंतर्गत पेश किया है, ताकि ग्राहकों को प्रीमियम दैनिक प्रोएक्टिव ओरल केयर प्राप्त हो सके।

पेज एक का शेष

## मेक्सिको की

उन्हें फटकार लगायी। जब बॉश ने अपना पक्ष रखने की कोशिश की तो उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को बुला लिया। बॉश कमरे से बाहर चली गईं और उनके समर्थन में कई अन्य प्रतिभागी भी कमरे से बाहर निकल गयीं, जिनमें मिस यूनिवर्स 2024 डेनमार्क की विक्टोरिया कायर थेलविग भी शामिल थीं। बॉश ने थाई पत्रकारों से कहा, आपके निदेशक का व्यवहार सम्मानजनक नहीं था, उन्होंने मुझे मूर्ख कहा। अगर कोई चीज आपकी गरिमा छीनती है, तो आपको उससे हट जाना चाहिए। मिस यूनिवर्स ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष और मेक्सिको के व्यवसायी राउल रोचा कांतू ने एक बयान जारी कर नवात के व्यवहार को सार्वजनिक उत्पीड़न और गंभीर दुर्व्यवहार बताया था। मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम भी बॉश के समर्थन में उतर आयी थीं।

## दुबई एयरशो में

एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जनरल अनिल चौहान, सीडीएस और भारतीय सशस्त्र बलों के सभी रैंक के अधिकारी आज दुबई एयरशो में हवाई प्रदर्शन के दौरान भारतीय वायुसेना के तेजस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं। दुर्घटना में पायलट को जानलेवा चोटें आईं। हमें जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख है और हम दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ हैं।

दुबई मीडिया ऑफिस द्वारा एक्स पर किये गए एक पोस्ट के अनुसार, दुबई एयरशो में आज के हवाई प्रदर्शन में भाग ले रहा भारत का एक तेजस लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप पायलट की मृत्यु हो गई। अग्निशमन और आपात दलों ने घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया की और वे वर्तमान में मौके पर हैं। दुबई एयरशो संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित होने वाला एक द्विवार्षिक आयोजन है। इसकी वेबसाइट के अनुसार, 2025 संस्करण का आयोजन 17 से 21 नवंबर तक किया जा रहा है। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने 18 नवंबर को कहा था कि इस वर्ष 150 देशों के 1,500 से अधिक अग्रणी प्रदर्शक और 1.48 लाख से अधिक पेशेवर इस आयोजन में भाग ले रहे हैं।

सरकारी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित तेजस हवाई युद्ध और आक्रामक हवाई सहायता मिशन के लिए एक शक्तिशाली विमान है, जबकि टोही और जहाज-रोधी अभियान इसकी गौण भूमिकाएं हैं। तेजस विमान के निर्माण की परियोजना वर्षों के विचार-विमर्श के बाद अंततः 1984 में शुरू हुई थी और 2011 में विमान को औपचारिक रूप से उड़ान के लिए उपयुक्त घोषित किया गया।

## विश्व को

को सदैव प्राथमिकता दी।

मुख्यमंत्री ने कहा उन्होंने ही वैश्विक एकता, शांति और न्याय के लिए प्रधान न्यायाधीशों के अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत की। योगी ने कहा हमें इस बात को कभी विस्मृत नहीं करना चाहिए कि वास्तव में दुनिया की समस्या क्या है और कहीं न कहीं जब हम इसके तह में जाते हैं तो लगता है कि एक-दूसरे के बीच में संवाद नहीं है या किन्हीं कारणों से स्वयं के वर्चस्व को स्थापित करने के लिए इसे बाधित किया गया है। उन्होंने कहा यह सम्मेलन वास्तव में दुनिया भर की मानवता के लिए संवाद का एक माध्यम है, उन लोगों के लिए जिन लोगों ने अपना स्वयं का वर्चस्व स्थापित करने के लिए दुनिया में अशांति और अराजकता का वातावरण बनाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, दुनिया में जहां अशांति और अराजकता है, जहां वर्चस्व को लेकर एक-दूसरे के संप्रभुता को हड़पने की होड़ हो, वहां पर शिक्षा और विकास अपने आप में बेमानी दिखता है और उन स्थितियों में हम सबको विचार करना चाहिए कि कैसे इन समस्याओं के समाधान के लिए हर एक स्तर पर प्रयास किये जाने की जरूरत है, हम भी उसमें सहभागी बन सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोगों को संयुक्त राष्ट्र (संरा) की उस घोषणा को भी स्मरण करना होगा, जिसमें सतत विकास लक्ष्य के बारे में दुनिया के देशों से आह्वान किया गया था। सतत विकास लक्ष्य शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जल संसाधन, रोजगार-कौशल विकास, पर्यावरण और वन संपदा की रक्षा के विषयों पर आधारित हैं। इन 16 लक्ष्यों में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार सम्मेलन को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, जब हम दुनिया के अंदर शिक्षा की बात करते हैं तो 250 करोड़ से अधिक बच्चों के लिए गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हैं। हमें विचार करना होगा कि बस्ते के बोझ से बच्चे अवसादग्रस्त न हों। मुख्यमंत्री ने कहा उदीयमान प्रौद्योगिकी हमारे जीवन को सहज और सरल बनाने में जहां उपयोगी भूमिका का निर्वहन कर रही है, वहीं इसके द्वारा उत्पन्न अभूतपूर्व कानूनी चुनौतियां भी हमारे सामने हैं जिनमें साइबर अपराध, डेटा चोरी आदि प्रमुख हैं। ऐसे अस्थिर समय में न्याय, नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून विश्व शांति और मानव सभ्यता के लिए बड़ी लकीर खींचने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। कार्यक्रम में क्रोएशिया के पूर्व राष्ट्रपति , लेसोथो के पूर्व प्रधानमंत्री, वर्तमान व पूर्व राष्ट्रप्रमुख, सीएमएस की संस्थापक निदेशक डॉ. भारती गांधी, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) के अध्यक्ष डॉ. रोजर किंगडम, भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला तथा विभिन्न देशों से आए न्यायाधीश और अन्य विशिष्ट गण उपस्थित रहे।

## नये संयुक्त राष्ट्र

कहा इन सब के बीच, हमें संयुक्त राष्ट्र से एक बहुत मजबूत भूमिका की उम्मीद थी। लेकिन हम ऐसा होता नहीं देख रहे हैं। ऐसा होता दिखना चाहिए था। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि वैश्विक राजनीति की जटिलताओं, प्रमुख शक्तियों के प्रभाव और संस्थागत प्रक्रियाओं की धीमी गति के कारण ऐसा हो रहा है। उन्होंने कहा इन कारकों ने अक्सर संयुक्त राष्ट्र की शक्तियों पर सवाल उठाए हैं। सिंह ने कहा यह स्थिति तभी बदल सकती है जब हम संयुक्त राष्ट्र को पुनः उसके मूल उद्देश्य शांति, न्याय व समान प्रतिनिधित्व की ओर ले जाएं, जिसकी कल्पना इसकी स्थापना के समय की गई थी। उन्होंने कहा मुझे दृढ़ विश्वास है कि आज की नयी दुनिया को एक नए संयुक्त राष्ट्र की आवश्यकता है।

## सरकार ने चार

सुरक्षित कार्यस्थल तथा लाभकारी अवसरों की मजबूत नींव का काम करेंगी। उन्होंने कहा यह श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने वाला तथा भारत की आर्थिक वृद्धि को मजबूत करने वाला भविष्य के लिए तैयार परिवेश बनाएगा। ये सुधार रोजगार सृजन को बढ़ावा देंगे, उत्पादकता को गति देंगे तथा विकसित भारत की हमारी यात्रा को तेज करेंगे। मोदी ने कहा यह आजादी के बाद से अब तक के सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रम-उन्मुख सुधारों में से एक है। यह हमारे श्रमिकों को बहुत अधिक सशक्त बनाता है। यह अनुपालन को काफी सरल भी बनाता है तथा कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देता है।

## झारखंड, प. बंगाल

लगभग 2.2 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई। उन्होंने बताया कि झारखंड में तलाशी के दौरान जमीन से जुड़े लगभग 120 दस्तावेज भी जब्त किए गए। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय सुरक्षा बलों के दलों ने ईडी की विभिन्न टीम को सुरक्षा प्रदान की, जिन्होंने टोल संग्रह बूथ और जांच चौकियों के अलावा आवासों और कार्यालयों की तलाशी ली। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत यह छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि झारखंड में कोयले की चोरी और तस्करी से संबंधित मामले की जांच के तहत लगभग 18 जगहों पर तलाशी ली गई। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने अनिल गोयल, संजय उद्योग, एल बी सिंह और अमर मंडल के नाम वाली संस्थाओं के ठिकानों पर छापेमारी की।

उन्होंने बताया कि इस मामले में बड़े पैमाने पर कोयले की चोरी और तस्करी शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये का वित्तीय नुकसान झेलना पड़ा। अधिकारियों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में कोयले के कथित अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की जांच के तहत दुर्गापुर, पुरुलिया, हावड़ा और कोलकाता जिलों में लगभग 24 परिसरों की तलाशी ली गई। उन्होंने बताया कि जिन लोगों से जुड़े परिसरों की तलाशी ली जा रही है, उनमें नरेन्द्र खड़का, युधिष्ठिर घोष, कृष्ण मुरारी कायल, चिन्मयी मंडल, राजकिशोर यादव और अन्य शामिल हैं।

## सांस्कृतिक अस्मिता

जनसहयोग से उत्तराखंड निश्चित ही एक आदर्श एवं अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी जी महाराज ने राष्ट्र, धर्म एवं मानवता की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर समाज को त्याग, करुणा एवं सेवा का पवित्र मार्ग दिखाया। उन्हीं की प्रेरणा से जीवन दीप सेवा न्यास शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, महिला सशक्तिकरण, गौ-संरक्षण सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा कार्य कर रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के धर्मपत्नी गीता धामी ने कहा कि जीवन दीप आश्रम सनातन धर्म का निर्वहन करते हुए समाज हित में कार्य कर रहा है तथा आज इस पंच दिवसीय महोत्सव में 1100 कन्याओं का पूजन सम्पन्न हो रहा है। मुख्यमंत्री धामी और उनकी सहधर्मिणी गीता धामी ने छह कन्याओं का सामूहिक विवाह किया जा रहा है। उन्होंने सभी कन्याओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन सुखी, समृद्ध एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर जून अखाड़े के महामंडलेश्वर यतिद्रनंद गिरी महाराज, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष/सचिव निरंजनी अखाड़ा श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज, जूना अखाड़ा महामंडलेश्वर स्वामी मैत्रेयी जैसे प्रमुख संतों ने समारोह की गरिमा बढ़ायी। कार्यक्रम में विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित जिला प्रशासन के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## देशों के साथ

में आयोजित पिछले शिखर सम्मेलनों के परिणामों को आगे बढ़ाया है। मोदी ने कहा मैं शिखर सम्मेलन से इतर साझेदार देशों के नेताओं के साथ होने वाली अपनी बातचीत और इस दौरान आयोजित होने वाले छठे आईबीएसए शिखर सम्मेलन में अपनी भागीदारी को लेकर उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, यात्रा के दौरान, मैं दक्षिण अफ्रीका में रह रहे भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत को लेकर भी उत्सुक हूं, जो भारत के बाहर सबसे बड़े प्रवासी समूह में से एक है।

## बांग्लादेश में

ने अग्निशमन सेवा के हवाले से बताया कि पुराने ढाका के अरमानीटोला इलाके में पांच मंजिला इमारत की रेलिंग, बांस की मचान और मलबा गिरने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सामी ने पुष्टि की कि मृतकों में एक मेडिकल छात्र शामिल है, जो मांस खरीदने के लिए अपनी मां के साथ वहां गया था। उन्होंने बताया कि मेडिकल छात्र की मां गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी तत्काल सर्जरी करनी पड़ी। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, ढाका में जान गंवाने वाले तीन लोगों में आठ साल का एक बच्चा शामिल है, जिसकी पहचान अभी नहीं हो सकी है। अधिकारियों के मुताबिक, चौथी मौत नारायणगंज में हुई, जहां एक नवजात बच्ची ने उस समय मलबे की चपेट में आकर दम तोड़ दिया, जब उसकी मां उसे गोद में लेकर एक दीवार के पास से गुजर रही थी।, जो भूकंप के कारण ढह गई। भूकंप के बाद पुराने ढाका में स्थित सुतरापुर के स्वामीबाग इलाके में स्थित आठ-मंजिला एक इमारत के पास की दूसरी इमारत पर झुक जाने की खबर मिली।




# स्पिन पहेली सुलझाकर शृंखला बराबर करने उतरेगा भारत

## मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए तो और भी कठिन परीक्षा आने वाली है

गुवाहाटी। पहले टेस्ट मैच में स्पिनरों के सामने नतमस्तक होने वाली भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में स्पिन पहेली को सुलझाकर श्रृंखला बराबर करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

शुभमन गिल की अनुपस्थिति में ऋषभ पंत के लिए नेतृत्व की चुनौती बेहद चुनौतीपूर्ण होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए तो और भी कठिन परीक्षा आने वाली है, जिनके अक्सर उलझाने वाले फैसलों ने ड्रेसिंग रूम और थिंक टैंक को स्पष्टता के लिए जूझने पर मजबूर कर दिया है।

पिछले तीन दशकों से घरेलू मैदान पर खेलते हुए भारतीय टीमों की अजेय रहने की जो चमक रही है, वह वर्तमान टीम के सामने गायब हो गई है। यह पिछले कुछ वर्षों में पहला अवसर होगा जबकि भारतीय टीम घरेलू मैदान पर जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत नहीं करेगी। उसकी टीम कमजोर नजर आ रही है और क्रिकेट विशेषज्ञों के अनुसार यह अच्छी स्थिति नहीं है। अगर न्यूजीलैंड की स्पिन जोड़ी एजाज पटेल और मिशेल सैंटनर ने 2024 में भारत के घरेलू धरती पर अजेय रहने की धारणा को तार-तार कर दिया था तो साइमन हार्मर और उनके अन्य साथी युवा भारतीय टीम को और भी कमज़ोर बना रहे हैं। स्पिनरों से निपटने की उचित तकनीक का अभाव स्पष्ट तौर पर नजर आ रहा है। इसका भारतीय खिलाड़ियों की मानसिकता पर काफी प्रभाव पड़ा है जिसने स्थिति को और बदतर बना दिया है। इन मुश्किल हालात में गिल की अनुपस्थिति में पंत कप्तानी संभालेंगे। उन्हें अच्छी तरह पता होगा कि लाल मिट्टी वाली बारसापारा की पिच पर उनकी बल्लेबाजी भी उनके फैसलों की तरह ही महत्वपूर्ण होगी। यह शुरू से ही स्पष्ट था कि गर्दन में अकड़न के कारण गिल दूसरे टेस्ट मैच में खेलने की दौड़ में नहीं थे, लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आखिर तक संशय बनाए रखा। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, 26 वर्षीय गिल आराम करने और स्वास्थ्य लाभ के लिए शहर से बाहर चले गए हैं। गिल की जगह लेने के लिए साई सुदर्शन सबसे संभावित उम्मीदवार लग रहे हैं, हालांकि वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे या पिछले मैच की तरह ही वाशिंगटन सुंदर को इस नंबर पर उतारा जाएगा, यह देखना अभी बाकी है। जहां तक कप्तानी के अनुभव की बात है तो पंत ने कुछ साल पहले इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ भारतीय टी-20 टीम का नेतृत्व किया था, जब रोहित शर्मा को आराम दिया गया था। जहां तक लाल गेंद की क्रिकेट में कप्तानी करने का सवाल है तो पंत ने 2017 में दिल्ली की टीम को रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाया था, जहां टीम को चैंपियन विदर्भ से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि विशेषज्ञों की अधिक दिलचस्पी कोलकाता में पहले टेस्ट मैच की दूसरी शाम और तीसरी सुबह लिए गए उनके फैसलों में होगी। पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने स्पिनरों की मदद से दक्षिण अफ्रीका के सात विकेट 93 रन पर गिरा दिए थे। पंत ने तीसरे दिन सुबह मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह से शुरू में गेंदबाजी नहीं करवाई जिसका खामियाजा भारत को भुगतना पड़ा। यही नहीं पंत को टीम चयन के मामले में अपने कोच को कुछ विवेकपूर्ण निर्णय लेने के लिए राजी करना होगा। भारतीय टीम में बाएं हाथ के कई बल्लेबाज हैं और अगर हालात अनुकूल रहे तो दक्षिण अफ्रीका के ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर फिर से अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं, बशर्ते बीसीसीआई के क्यूरेटर तापोश चटर्जी और आशीष भौमिक गुरुवार को ट्रैक पर दिखी घास को हटा दें। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया किसी भी स्थिति में नहीं चाहेंगे कि इस स्थल पर खेले जाने वाले पहले टेस्ट को गलत कारणों से याद किया जाए इसलिए अक्षर पटेल या कुलदीप यादव में से कोई एक ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी के लिए जगह बना सकता है, जिससे तीसरा तेज गेंदबाज होने से भारत को किसी भी नमी का फायदा उठाने में मदद मिल सकती है। अगर उनकी गेंदबाज़ी की ज़रूरत न हो तब भी दाएं हाथ का बल्लेबाज होने के कारण वह इस तरह के विकेट पर प्रभावी साबित हो सकते हैं। जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो उसकी निगाह श्रृंखला में क्लीन स्वीप करके इतिहास रचने पर होगी। उसके खिलाड़ी इसके लिए किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ेंगे।



**टीम इस प्रकार हैं:**

**भारत:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), केएल राहुल, यशस्वी जयसवाल, बी साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, देवदत्त पडिक्कल, आकाश दीप। **दक्षिण अफ्रीका:** तेम्बा बावुमा (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, टोनी डी ज़ोरज़ी, ज़ुबैर हमज़ा, साइमन हार्मर, मार्को जानसन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, सेनुरान मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरिन।

# आयुष शेट्टी को हराकर लक्ष्य सेन ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में



सिडनी। विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को यहां हमवतन भारतीय खिलाड़ी आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने 53 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-11 से जीत हासिल कर अंतिम चार में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन से होगा, जो इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त हैं। विश्व में नौवें स्थान पर काबिज और 2018 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता चोउ ने एक घंटे 23 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में फरहान अल्वी को 13-21, 23-21, 21-16 से हराया। अल्वी ने पिछले दौर में भारत के एचएस प्रणय को हराया था। सेन ने इस वर्ष के शुरू में हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी 20 वर्षीय शेट्टी को हराया था। अल्मोड़ा का रहने वाला यह 26 वर्षीय खिलाड़ी लेकिन इस साल अभी तक कोई खिताब नहीं जीत पाया है। सेन को शुरुआती गेम में शेट्टी को हराने में कठिनाई हुई। वह एक समय 6-9 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने 9-10 से पिछड़ने के बाद लगातार चार अंक जीते और 13-10 से बढ़त हासिल कर ली। अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में कई बार बढ़त हासिल की, लेकिन आखिर में सेन ने 21-21 से बराबरी कर ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरा गेम एकतरफा रहा, जिसमें सेन ने शुरुआत में 6-। की बढ़त बना ली।

## संक्षेप

### शौर्य सैनी ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में रजत पदक जीता

तोक्यो। युवा निशानेबाज शौर्य सैनी ने शुक्रवार को यहां पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन में रजत पदक जीता जिससे डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) की निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारत का दबदबा कायम रहा। सैनी के दूसरे स्थान पर रहने के बाद भारत के निशानेबाजी में पदकों की संख्या 13 हो गई है, जिसमें चार स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। पिछले साल पेरू में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने वाले 22 वर्षीय सैनी ने शुक्रवार को फाइनल में 450.6 का स्कोर बनाया और जर्मनी के मैथियास एरिक हेस से पीछे रहे। हेस ने 459.8 अंक के साथ बधिर विश्व रिकार्ड स्थापित किया। फाइनल में जगह बनाने वाले एक अन्य भारतीय निशानेबाज कुशाग्र सिंह राजावत आठवें स्थान पर रहे।

### अस्वस्थ गिल को टीम से रिलीज किया गया

गुवाहाटी। भारतीय कप्तान शुभमन गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच से पहले शुक्रवार को टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया। कोलकाता में पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में बल्लेबाजी करते समय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया, गिल को टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह अपनी रिकवरी पर काम करेंगे। गिल टीम के साथ गुवाहाटी आए थे लेकिन उनकी गर्दन का दर्द पूरी तरह से कम नहीं हुआ।

### भारत ने 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया

अहमदाबाद। मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिज ने शुक्रवार को 2026 एएफसी अंडर 17 पुरूष एशियाई कप क्वालीफायर के लिये भारत की 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भारत का सामना 22 नवंबर को फलस्तीन से , 26 नवंबर को चीनी ताइपै, 28 नवंबर को लेबनान और 30 नवंबर को ईरान से होगा। ग्रुप के विजेता को अगले साल सउदी अरब में होने वाले टूर्नामेंट में जगह मिलेगी जो कतर में होने वाले फीफा अंडर 17 विश्व कप का क्वालीफायर भी है। गोलकीपर : मानसज्योति बरूआ, मारूफ शफी, राजरूप सरकार । डिफेंडर : अभिषेक कुमार मंडल, अंकुर राजबाग, इंद्र राणा मागर, कोरोउ एम कोंथूजाम, लामसांगजुआला, मोहम्मद ऐमान बिन, शुभम पूनिया, मिडफील्डर : डी गांगटे, डैनी सिंह , डायमंड सिंह थोकचोम, मुकुंदो सिंह एन, नितिश कुमार एम येंगखोम, टी टाउथांग।

# एकमात्र मैच में कप्तानी करना सर्वश्रेष्ठ स्थिति नहीं, मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं: पंत

गुवाहाटी। आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि एकमात्र टेस्ट में कप्तानी करना सर्वश्रेष्ठ स्थिति नहीं है लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच की कड़ी चुनौतियों के के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं।

इस मैच से पहले नियमित कप्तान शुभमन गिल को चोटिल होने के कारण टीम से रिलीज कर दिया गया था, जिसके बाद पंत को कप्तानी सौंपी गई। पंत ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि एक कप्तान के लिए एकमात्र मैच सबसे अच्छा विकल्प नहीं होता, लेकिन मैं बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) का मुझे यह सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। कभी-कभी अगर आप किसी बड़े मौके के बारे में बहुत ज़्यादा सोचते हैं, तो इससे कोई फ़ायदा नहीं होता। उन्होंने कहा, मैं ज्यादा सोचना नहीं चाहता। पहला टेस्ट मैच हमारे लिए कठिन था और हमें टेस्ट जीतने के लिए जो भी करना होगा हम वह करेंगे। ईडन गार्डन्स में जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका दो मैचों की श्रृंखला में ।-0 से आगे है, जहां पहली पारी में बल्लेबाजी करते समय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। पंत ने कहा कि टीम प्रबंधन ने पहले ही मैच के लिए गिल के स्थान पर खेलने वाले खिलाड़ी के बारे में फैसला कर लिया है, लेकिन उन्होंने नाम का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमने फैसला कर लिया है कि शुभमन की जगह कौन खेलेगा। जो खिलाड़ी खेलेगा उसे इसके बारे में बता दिया गया है। पंत ने कहा कि मैं पारंपरिक बने रहना चाहता हूं और साथ ही लीक से हटकर सोचना भी चाहता हूं। मैं अच्छा संतुलन बनाना चाहता हूं। हमें चीजों को सरल रखना होगा और जो टीम बेहतर क्रिकेट खेलेगी, वही जीतेगी। पंत ने महत्वपूर्ण मैच के लिए उपलब्ध रहने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए गिल की सराहना की। उन्होंने कहा कि शुभमन मैच खेलने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने तब भी लचीलापन दिखाया जब शरीर साथ नहीं दे रहा था और खिलाड़ियों से इसी तरह का रवैया आप देखना चाहते हैं। मैं गिल से रोज़ बात करता हूं। मुझे कल शाम को ही पता चला कि मैं इस मैच में कप्तानी करूंगा।



# भारत के खिलाफ वनडे में बावुमा करेंगे दक्षिण अफ्रीका की अगुवाई



जोहानिसबर्ग। तेम्बा बावुमा को भारत के खिलाफ तीन मैचों की आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका का कप्तान नियुक्त किया गया, लेकिन प्रमुख तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा मौजूदा टेस्ट श्रृंखला से पहले अभ्यास सत्र के दौरान पसली में लगी चोट से उबरने में नाकाम रहने के बाद स्वदेश लौटेंगे। बावुमा भारत के खिलाफ दो मैचों टीम टेस्ट श्रृंखला में टीम की अगुवाई कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में संन्यास से सफेद गेंद प्रारूप में वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक को भी टीम में शामिल किया गया है। डिकॉक को हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने तीन पारियों में एक शतक और दो अर्धशतकों सहित 232 रन बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया था। पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में दूसरे स्थान पर रहे लुहान डी प्रिटोरियस को हालांकि भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम में मौका नहीं मिला है। भारत और दक्षिण अफ्रीका 30 नवंबर से छह दिसंबर के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में आमने-सामने होंगे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज एडेन मारक्रम की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी हो रही है। पाकिस्तान में टेस्ट श्रृंखला में टीम की कमान संभालने के बाद उन्हें आराम दिया गया था। वह डोनोवन फेरेरिया की जगह कप्तानी संभालेंगे। मारक्रम एकदिवसीय टीम का भी हिस्सा हैं। बायें हाथ के अनुभवी स्पिनर केशव महाराज भी पाकिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर रहने के बाद सीमित ओवरों की टीम में लौट आए हैं। पिछले साल भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया टी20 श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। दक्षिण अफ्रीका नौ दिसंबर से भारत के साथ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगा। **दक्षिण अफ्रीका एकदिवसीय टीम:** तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटिनिल बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जके, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डिकॉक, टोनी डी जोर्जी, रुबिन हरमन, मार्को यानसन, केशव महाराज, एडेन मारक्रम, लुंगी एनगिडी, रियान रिकेल्टन, प्रेनेलन सुब्रायन।

**दक्षिण अफ्रीका टी20 टीम:** एडेन मारक्रम (कप्तान), ओटिनिल बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डिकॉक, टोनी डी जोर्जी, डोनोवन फेरेरिया, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्किया, ट्रिस्टिन स्टब्स।

# न्यूजीलैंड श्रृंखला और टी20 विश्व कप में यही भारतीय टीम होगी



गुवाहाटी। अजित अगरकर की अगुवाई वाली राष्ट्रीय चयन समिति न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला और आईसीसी टी20 विश्व कप के लिये समान टीमें चुन सकती है। बीसीसीआई सूत्र ने यह जानकारी दी।

टी20 विश्व कप के कार्यक्रम की अभी घोषणा नहीं हुई है लेकिन 20 टीमों का यह टूर्नामेंट सात फरवरी से शुरू होगा। आईसीसी टूर्नामेंट के नियमों के तहत टीमों को टूर्नामेंट से एक महीना पहले अंतिम 15 सदस्यीय टीम का नाम भेजना होता है। चयन समिति टीम का ऐलान करेगी ताकि समय सीमा के भीतर जरूरत होने पर बदलाव किये जा सकें। वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुए 2024 विश्व कप में भी यही नियम लागू हुआ था जब रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने खिताब जीता था। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला 21 जनवरी से शुरू होगी और विश्व कप से पहले यह आखिरी श्रृंखला होगी। सूत्र ने बताया , टी20 विश्व कप से पहले भारत को दस ही टी20 मैच खेलने हैं लिहाजा टीम में ज्यादा बदलाव नहीं होंगे बशर्ते कोई चोटिल नहीं हो। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय नागपुर (21 जनवरी), रायपुर (23 जनवरी), गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और त्रिवेंद्रम (31 जनवरी) में खेले जायेंगे।

# एशेज टेस्ट में इंग्लैंड की मजबूत वापसी



पर्थ। एशेज टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को यहां तेज गेंदबाजों के दबदबे के बीच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में महज 172 रन पर सिमटने के बाद कप्तान बेन स्टोक्स के पांच विकेट से इंग्लैंड ने मजबूत वापसी की।

पांच मैचों की श्रृंखला का पहला दिन उम्मीदों पर खरा उतरा, जहां पर्थ स्टेडियम में 51,000 से अधिक दर्शकों के सामने 72 ओवर के खेल में 19 विकेट गिरे। दिन का खेल खत्म होते समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर नौ विकेट पर 123 रन था और यह टीम पहली पारी में महज एक विकेट शेष रहते 49 रन पीछे है। दिन का शुरुआती सत्र पूरी तरह से मिचेल स्टार्क के नाम रहा। उन्होंने नियमित कप्तान पैट कमिंस और दिग्गज जोश हेजलवुड की गैरमौजूदगी में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 58 रन देकर सात विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सत्र तक इंग्लैंड को ऑल आउट कर दिया। जोफ्रा आर्चर ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के पहले ही ओवर में विकेट लेकर दिखा दिया कि पांच तेज गेंदबाजों की मौजूदगी वाली इंग्लैंड की टीम भी इस मामले में कमजोर नहीं है। मैच में अभी चार दिन शेष और दोनों टीमों की पहली पारी लगभग खत्म हो चुकी है। इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने के बावजूद आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए 5.23 रन प्रति ओवर की दर से रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए रक्षात्मक रुख अपनाना भारी पड़ गया क्योंकि टीम उस तेजी से रन नहीं बना सकी लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रही। दोनों टीमों के बल्लेबाजों को तेजी से उठती शॉर्ट-पिच गेंदों का सामना करना पड़ा ऑस्ट्रेलिया की पारी के 24वें ओवर में कैमरून ग्रीन को मार्क वुड की 147 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली बाउंसर ने चोटिल किया जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे स्टंप पर गिरते-गिरते बचे। इंग्लैंड का आक्रमण उस तरह की खतरनाक गेंदबाजी कर रहा था जैसा ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज आमतौर पर मेहमान टीमों के खिलाफ करते हैं। इंग्लैंड ने पुछल्ले बल्लेबाजों ने पारी के आखिर में तेजी से विकेट गंवाये जिसका खामियाजा ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी उठाना पड़ा। ख्वाजा उस समय ड्रेसिंग रूम में मौजूद थे और चूंकि वह आठ मिनट से अधिक समय तक मैदान से बाहर रहे थे ऐसे में उन्हें ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत करने की अनुमति नहीं दी गई। उनकी जगह लेने के लिए मार्नस लाबुशेन को ऊपरी क्रम में आना पड़ा। ख्वाजा को तीसरे नंबर पर भी बल्लेबाजी के नहीं आ पाये क्योंकि पदार्पण कर रहे जेक वेदरोल्ड (शून्य) को आर्चर ने पारी की दूसरी गेंद पर ही पगबाधा कर दिया। ऐसे में कमिंस की जगह टीम का नेतृत्व कर स्टीव स्मिथ को पहले ही ओवर में क्रीज पर उतरना पड़ा। आर्चर ने वेदरोल्ड के बाद लाबुशेन (नौ) को भी चलता किया जिसके बाद ब्रायडन कार्स ने स्मिथ (17) और ख्वाजा (दो) के विकेट झटक कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 31 रन कर दिया। ट्रेविस हेड (21) और ग्रीन (24) ने इसके बाद पांचवें विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की लेकिन स्टोक्स ने इस दोनों के साथ एलेक्स कैरी (26) और स्टार्क (12) को पवेलियन की राह दिखाने के बाद दिन के समापन से पहले स्कॉट बोलैंड (शून्य) को आउट कर अपने पांच विकेट पूरे किये। इससे पहले टॉस गंवाने के बाद गेंदबाजी के लिए आये ऑस्ट्रेलिया को स्टार्क ने शानदार शुरुआत दिलाई। स्टार्क ने पहले ओवर में विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बना दिया। उन्होंने छठी गेंद पर जैक क्रॉली को स्लिप में उस्मान ख्वाजा के हाथों लपकवाया। इस बायें हाथ के गेंदबाज ने अपने पहले पांच ओवर में तीन विकेट चटकाये। लंच तक स्कोर चार विकेट पर 105 रन था। इंग्लैंड ने लंच के बाद छह विकेट 67 रन के भीतर गंवा दिये। उन्होंने जैसी स्मिथ (33) और मार्क वुड (शून्य) को लगातार गेंदों पर विकेट लेकर इंग्लैंड की पारी को खत्म किया। दूसरी पारी में उनके पास ऐसे में हैट्रिक पूरा करने का मौका होगा। इंग्लैंड के लिए ओली पोप (46) और हैरी ब्रुक (52) की चौथे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी काफी अहम साबित हुई। टीम ने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया पर दबदबा बनाने की कोशिश की लेकिन ग्रीन ने पोप को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा तो वही पदार्पण कर रहे ब्रेंडन डोगेट (27 रन पर दो विकेट) ने ब्रूक को आउट किया। डोगेट टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले ऑस्ट्रेलिया के सिर्फ तीसरे मूल (देशज) खिलाड़ी है। डोगेट और स्कॉट बोलैंड की मौजूदगी में यह पहली बार हुआ जब दो देशज खिलाड़ी एक साथ टेस्ट टीम में मौजूद है।

# बिहार ने घुसपैठियों के खिलाफ दिया जनादेश : शाह



भुज (गुजरात)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि बिहार चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग की जीत देश में घुसपैठियों के खिलाफ जनादेश है क्योंकि नागरिक कभी भी उन दलों का समर्थन नहीं करेंगे जो ऐसे अवैध प्रवासियों का समर्थन करते हैं।

शाह ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल चुनाव आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में बने रहें। शाह ने एसआईआर को मतदाता सूची का शुद्धिकरण बताया। वह गुजरात के कच्छ जिले के भुज में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के हीरक जयंती (61वें स्थापना दिवस) समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, आज बीएसएफ देश की सभी सीमाओं पर घुसपैठ रोकने में लगा हुआ है। घुसपैठ रोकना न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को दूषित होने से बचाने के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हालांकि, कुछ राजनीतिक दल सरकार के घुसपैठ विरोधी अभियान को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सहित विपक्ष ने एसआईआर पर आपत्ति जताते हुए दावा किया है कि इससे लाखों मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने का खतरा है। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। शाह ने कहा, वे चुनाव आयोग द्वारा जारी एसआईआर और मतदाता सूची शुद्धिकरण प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हम इस देश से हर एक घुसपैठिए को बाहर निकालेंगे। यह हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा, देश के किसी भी राज्य का मुख्यमंत्री कौन होगा या देश का प्रधानमंत्री कौन होगा, यह निर्णय केवल भारत के नागरिक ही कर सकते हैं। घुसपैठियों को हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को दूषित करने और हमारे लोकतांत्रिक निर्णयों को प्रभावित करने का कोई अधिकार नहीं है। गृह मंत्री ने कहा कि एसआईआर भारत के लोकतंत्र को सुरक्षित और शुद्ध करने की एक प्रक्रिया है और हर नागरिक को इसका पूरा समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं उन राजनीतिक दलों को भी आगाह करना चाहता हूं जो इन घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं। बिहार चुनाव देश की जनता का जनादेश था। और यह जनादेश हमारे देश में घुसपैठियों की मौजूदगी के खिलाफ है। शाह ने कहा, मतदाता सूची में घुसपैठियों की जगह सुनिश्चित करने के लिए काम करने वाले दलों को पता होना चाहिए कि देश की जनता ऐसे इरादों का कभी समर्थन नहीं करेगी। बीएसएफ के हीरक जयंती समारोह के दौरान शाह ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बल की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों की बदौलत भारत बहुत जल्द नक्सली समस्या से मुक्त हो जाएगा। शाह ने कहा, हम 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सल समस्या से हमेशा के लिए मुक्त करने और अपने आदिवासी भाइयों-बहनों के विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए दृढ़संकल्पित हैं। तिरुपति से पशुपति तक का पूरा कॉरिडोर सुरक्षित रहेगा और शेष भारत की तरह प्रगति करेगा।

## नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इजराइली स्टार्टअप के साथ सहयोग पर विचार कर रहा भारत: गोयल



तेल अवीव। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और इजराइली स्टार्टअप साइबर सुरक्षा और चिकित्सकीय उपकरण जैसे क्षेत्रों में सहयोग कर नवाचार परिवेश को बढ़ावा दे सकते हैं। गोयल ने बताया कि दोनों देशों के प्रस्तावित व्यापार समझौते का एक मुख्य केंद्र प्रौद्योगिकी और नवाचार सहयोग होगा।

उन्होंने कहा, हम इजराइल के साथ सहयोग करके अपने स्टार्टअप को प्रोत्साहित कर सकते हैं, जिसे हम भारत की विशाल अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और उच्च गुणवत्ता वाले नवाचार के स्तर तक प्रतिस्पर्धी मूल्यों पर ले जाने की आकांक्षा रखते हैं। मंत्री तेल अवीव में अपने इजराइल के अर्थव्यवस्था मामलों और उद्योग मंत्री नीर बरकत के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता करने आए हैं। गोयल 60 सदस्यों वाले व्यापार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम इजराइल के साथ गहन सहयोग की ओर देख रहे हैं, जहां हर।,000 लोगों पर एक स्टार्टअप है। गोयल ने कहा कि इजराइल ने कठिनाइयों को अवसर में बदला है और उनकी कृषि संबंधी आवश्यकताएं तथा स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में विकसित आधुनिक प्रौद्योगिकी नवोन्मेषी हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के प्रस्तावित व्यापार समझौते का एक मुख्य केंद्र प्रौद्योगिकी और शोध के क्षेत्र में सहयोग होगा।

## संक्षेप

### बिहार चुनाव प्रधानमंत्री की नीतियों का समर्थन

भुवनेश्वर। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों की पुष्टि और कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति की अस्वीकृति हैं। प्रधान ने यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, मैं विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता के फैसले के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व को पूरी मान्यता दी है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा में 202 सीट जीतकर सत्ता में जबरदस्त वापसी की है। प्रधान ने कहा, जब तक देश के पूर्वी हिस्से विकसित नहीं हो जाते, भारत की प्रगति की कल्पना करना बेमानी है। दो दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद राजग ने बिहार चुनाव में जीत हासिल की। यह प्रधानमंत्री की शासन-शैली की बड़ी स्वीकृति है। कांग्रेस की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने लोगों और समाज को बांटने वाली विपक्षी पार्टी की नकारात्मक नीतियों को नकार दिया है। ओडिशा के नुआपाड़ा उपचुनाव में भी लोगों ने भाजपा को वोट दिया। मैं नुआपाड़ा में जीत के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल को भी बधाई देता हूं।

## आज पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल होंगी राष्ट्रपति



अमरावती। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 नवंबर को दिवंगत आध्यात्मिक नेता श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में हिस्सा लेने के लिए पुट्टपर्थी का दौरा करेंगी।

राष्ट्रपति के अलावा, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू भी 22 और 23 नवंबर को इसी कार्यक्रम में शामिल होंगे। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, राष्ट्रपति 22 नवंबर को प्रशांति निलयम, पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले विशेष सत्र में हिस्सा लेंगी। विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री नायडू 22 नवंबर को सुबह 8:15 बजे पुट्टपर्थी के लिए रवाना होंगे और पूर्वाह्न 10:30 बजे राष्ट्रपति का स्वागत करेंगे। इसमें कहा गया है कि पूर्वाह्न 11 बजे राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल होंगे, जिसके बाद नायडू दोपहर 12:20 बजे पुट्टपर्थी हवाई अड्डे पर मुर्मू को विदा करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति के शनिवार अपराह्न करीब तीन बजे पुट्टपर्थी के श्री सत्य साईं हवाई अड्डे पर पहुंचने की उम्मीद है। नायडू अपराह्न करीब 3:50 बजे उनका स्वागत करेंगे। इसमें कहा गया है कि राधाकृष्णन मुख्यमंत्री के साथ श्री सत्य साईं उच्च शिक्षा संस्थान, प्रशांति निलयम के 44वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे। विज्ञप्ति के मुताबिक, नायडू का रात में पुट्टपर्थी में ही ठहरने का कार्यक्रम है, जिसके बाद रविवार सुबह नौ बजे से वह शताब्दी समारोह में हिस्सा लेंगे। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री दोपहर एक बजे पुट्टपर्थी से गुंटूर जिले के उंडावल्ली स्थित अपने आवास के लिए प्रस्थान करेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार, राधाकृष्णन रविवार को पूर्वाह्न 10 बजे पुट्टपर्थी के श्री सत्य साईं हिल व्यू स्टेडियम में आयोजित भव्य शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। इसमें कहा गया है कि वह पलासमुद्रम में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) के नये परिसर का दौरा करेंगे, जहां वह पूर्वाह्न 11:40 बजे से दोपहर 12:30 बजे के बीच विशेष फाउंडेशन कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति दोपहर।:20 बजे श्री सत्य साईं हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे।

## नेहरू का लेखन सिर्फ इतिहास नहीं भारत की चेतना का अभिलेख : राहुल



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से जुड़े दस्तावेजों के एक डिजिटल अभिलेखागार का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को कहा कि नेहरू का लेखन सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि भारत की विकसित होती चेतना का अभिलेख है। जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल फंड (जेएनएमएफ) ने नेहरू से संबंधित लगभग 35,000 दस्तावेज और 3000 चित्रों को समेटकर एक बड़ा ऑनलाइन अभिलेखागार तैयार किया है। जेएनएमएफ का कहना है कि नेहरू आर्काइव डॉट इन पर नेहरू के संबंध में 1920 से 1960 के दशक तक के कई पहलुओं को समेटा गया है तथा इस पर कोई दस्तावेज मुफ्त में सर्च और डॉउनलोड किया जा सकता है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, नेहरू का लेखन सिर्फ इतिहास नहीं है, वे भारत की विकसित होती चेतना का अभिलेख हैं।

हमारे देश की लोकतांत्रिक यात्रा को समझने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए उनके शब्द एक शक्तिशाली दिशा सूचक यंत्र बने हुए हैं। मुझे खुशी है कि यह विरासत अब सभी के लिए खुली, सर्च करने योग्य और निःशुल्क है। इसका विस्तार होता रहेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी इस अभिलेखागार का जिक्र करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, पंडित नेहरू और भारत के लिए उनकी महान उपलब्धियों के बारे में जानबूझकर की गई विकृति, दुष्प्रचार और गलत सूचना के युग में सच्चाई और भावी पीढ़ी के लिए उनके लेखन को डिजिटल बनाना सार्थक है। मुझे खुशी है कि द नेहरू आर्काइव अब लाइव है। उन्होंने कहा कि यह जवाहरलाल नेहरू के लेखन (पत्रों, भाषणों, नोट और अन्य सामग्री) का पहला व्यापक और डिजिटल संग्रह है जो सभी के लिए निःशुल्क सुलभ होगा। ये सभी लेख एक-दूसरे से जुड़े होने के साथ हर किसी के लिए सहज रूप से उपलब्ध होंगे।

## भारत के साथ एफटीए से द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा: इजराइल

तेल अवीव। इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत ने कहा कि इजराइल और भारत के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से दोनों देशों के उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण व्यावसायिक अवसर खुलेंगे और द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश के प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए 20 नवंबर को यहां संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए हैं। बरकत ने कहा कि दोनों देशों ने एफटीए वार्ता में संवेदनशील क्षेत्रों को शामिल नहीं करने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के अपार अवसर मौजूद हैं। हम व्यापार में भारी वृद्धि देखने जा रहे हैं। बरकत ने कहा कि कई इजराइली कंपनियां भारत में अपनी अनुषंगी कंपनियां खोलने में रुचि रखती हैं, जो उनके लिए एशिया के प्रवेश द्वार का काम कर सकती हैं। लोग अब समझ रहे हैं कि (भारत में) बड़े अवसर मौजूद हैं क्योंकि भारत अब बीत चुके कल वाला भारत नहीं है। इजराइल के मंत्री ने कहा कि भारत चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए अच्छी स्थिति में है। टीओआर के तत्वों में शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को समाप्त करके वस्तुओं के लिए बाजार पहुंच, निवेश सुगमता, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं का सरलीकरण, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए सहयोग बढ़ाना और सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को आसान बनाना शामिल है। भारत और इजराइल मई 2010 से इसी तरह के समझौते पर बातचीत कर रहे थे।

## ट्रंप-ममदानी मुलाकात के बारे में अधिकारी ने कहा- व्हाइट हाउस आ रहे हैं कम्युनिस्ट

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क शहर के निर्वाचित महापौर जोहरान ममदानी की वाशिंगटन यात्रा अपने आप में बहुत कुछ बताती है कि एक कम्युनिस्ट (नेता) व्हाइट हाउस में आ रहे हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी से भी मिलने और बात करने के इच्छुक हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने यह जानकारी दी।

ममदानी शुक्रवार को व्हाइट हाउस में ट्रंप से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात होगी। ममदानी को चार नवंबर को न्यूयॉर्क शहर का महापौर निर्वाचित किया गया था। लेविट ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं को संबोधित करते हुये कहा, यह बहुत कुछ बताता है, कल व्हाइट हाउस में एक कम्युनिस्ट (नेता) आ रहे हैं, क्योंकि डेमोक्रेट पार्टी ने उसे देश के सबसे बड़े शहर के महापौर के रूप में चुना है। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है और यह भी दर्शाता है कि राष्ट्रपति ट्रंप किसी से भी मिलने और किसी से भी बात करने के लिए तैयार हैं, और अमेरिकी जनता के हित में सही काम करने की कोशिश करते हैंचाहे वे ब्लू स्टेट्स में रहते हों या रेड स्टेट्स में, या ब्लू सिटीज़ मेंऐसे शहर में जो अब पहले की तुलना में कहीं अधिक वामपंथी होता जा रहा है।

## इंटरटेनमेंट...

### अब फिल्म डायरेक्टर बनेंगे पंकज त्रिपाठी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता पंकज त्रिपाठी आठ कड़ी वाली परफेक्ट फैमिली के साथ बतौर निर्माता अपने करियर की शुरुआत करेंगे।

यह वेब सीरीज यूट्यूब पर रिलीज होगी, जिसके लिए दर्शकों को निर्धारित राशि का भुगतान करना होगा। एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, जेएआर पिक्चर्स के अजय राय एवं मोहित छाबड़ा द्वारा निर्मित और पलक भांबरी द्वारा तैयार किया गया यह शो 27 नवंबर को जेएआर सीरीज के यूट्यूब चैनल पर प्रसारित किया जाएगा। निर्माताओं के अनुसार, परफेक्ट फैमिली के पहले दो एपिसोड मुफ्त होंगे जबकि दर्शक 59 रुपये का एकमुश्त भुगतान कर बाकी के एपिसोड देख सकते हैं। सचिन पाठक द्वारा निर्देशित इस सीरीज में गुलशन देवैया, नेहा धूपिया, मनोज पाहवा, सीमा पाहवा, गिरिजा ओक और अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। इस सीरीज की कहानी एक सामान्य परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी छोटी बेटी के साथ हुई एक घटना के बाद थेरेपी लेने के लिए मजबूर होता है। यह सीरीज हास्य के माध्यम से भारत में थेरेपी से जुड़ी धारणाओं को लोगों के सामने लाती है। त्रिपाठी ने कहा कि पारंपरिक रिलीज प्रारूपों को चुनौती देने वाली सीरीज के साथ पहली बार निर्माता बनना तरोताजा करने वाला और जरूरी लगा। उन्होंने कहा, परफेक्ट फैमिली मेरे दिल के बेहद करीब है, न सिर्फ अपनी कहानी के लिए बल्कि हमारे द्वारा चुने गए प्रसारण के विकल्प के लिए भी। यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म अन्य की तरह मजबूत प्लेटफॉर्म बन गया है।

### सोनम कपूर और आनंद आहूजा दोबारा बनने वाले हैं माता-पिता



नयी दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वह और उनके पति आनंद आहूजा अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। सोनम(40) ने यह खबर अपनी सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए साझा की। इस पोस्ट में अभिनेत्री गर्भवती नजर आ रही हैं। इसमें सोनम ने गहरे गुलाबी रंग की ड्रेस पहनी हुई थी। साथ में उन्होंने लंबी जुराबें पहनी हुई थीं और धूप का चश्मा लगाया हुआ था। अभिनेत्री कपूर ने तस्वीर साझा करते हुए लिखा आने वाले 2026 के बसंत में। कपूर कौ नीरजा, रांझणा, और दिल्ली 6 जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए जाना जाता है।

### जनवरी में प्राइम वीडियो पर होगा बीस्ट गेम्स के सीजन 2 का प्रीमियर




नयी दिल्ली। स्ट्रीमिंग सेवा मंच प्राइम वीडियो ने रिकॉर्ड-तोड़ वैश्विक प्रतिस्पर्धा सीरीज बीस्टगेम्स का दूसरा भाग 2026 में सात जनवरी को रिलीज करने की घोषणा की है। यह सीरीज यूट्यूबर जिमी डोनाल्डसन की है जिन्हें मिस्टर बीस्ट के नाम से जाना जाता है। प्राइम वीडियो ने सीरीज की पहली झलक भी जारी की है। इस भाग की कहानी ताकत बनाम बुद्धि विषय के इर्द गिर्द बनी हुई है। डोनाल्डसन द्वारा बनाया गया यह सीरीज एक हजार प्रतियोगियों पर आधारित है।

### भारतीय सिनेमा में अपार संभावनाएं : हासन



पणजी। अभिनेता कमल हासन ने शुक्रवार को कहा कि स्वतंत्र सिनेमा भी भारत की तरह स्वतंत्र है और वह मुख्यधारा के बाहर की फिल्मों को सिनेमाघरों में जगह नहीं मिलने का मुद्दा पिछले चार दशक से उठाते आ रहे हैं।

हासन अपनी फिल्म अमरन की स्क्रीनिंग से पहले भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के रेड कार्पेट पर नजर आए। इस फिल्म का निर्माण हासन के बैनर राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल तले किया गया है। अपूर्वा रागंगल, नायकन, थेवर मगन, सदमा, पुष्पक विमान और चाची 420 जैसी फिल्मों के जरिये अपने अभिनय कौशल का लोहा मनवाने वाले हासन का मानना है कि स्वतंत्र सिनेमा को मुख्यधारा के सिनेमा के समान ढांचे में नहीं ढाला जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, स्वतंत्र सिनेमा बहुत स्वतंत्र है, भारत जितना ही स्वतंत्र, इसे व्यवसायिक सिनेमा के सीमित दायरे में न लाएं। मुख्यधारा के बाहर की फिल्मों को सिनेमाघरों में जगह नहीं मिलने के बारे में पूछे जाने पर हासन ने कहा, हां, लगभग 40 वर्षों से मैं भी यही शिकायत करता आ रहा हूं। रेड कार्पेट पर हासन के साथ अमरन के उनके सह-कलाकारों शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी ने भी चहलकदमी की। अमरन की कहानी मेजर मुकुंद वर्धराजन के जीवन पर आधारित है, जो 2014 में कश्मीर में एक आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान शहीद हो गए थे। यह फिल्म आईएफएफआई के 56वें संस्करण के उद्घाटन सत्र में दिखाई जाने वाली पहली फिल्म होगी। इसका निर्देशन राजकुमार पेरियासामी ने किया है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com